वर्ष- 12 अंक - 273
लखनऊ, रविवार 25 मई, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



आंधी-तूफान से प्रभावित बिजली आपूर्ति को जल्द करें दुरुस्त : एके शर्मा 03

गुणवत्ता के साथ करें जन समस्याओं का निस्तारण 04

### प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा

# हमें बढ़ानी होगी विकास की गति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की आर्थिक वृद्धि और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की दर को तेज करने तथा केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री मोदी ने राजधानी में नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकसित भारत अब देश के हर नागरिक की आकांक्षा बन गया है। उन्होंने कहा, हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब हर नगरिक का लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब प्रत्येक राज्य विकसित होगा, तो ही भारत विकसित होगा। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। श्री मोदी ने अर्थव्यस्था में महिलाओं की भूमिका बढ़ाये जाने पर बल देते हुए कहा, हमें कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून, नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें इस तरह से काम करना चाहिए कि लागू की गयी नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लायें। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव को मजबूत करता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक शानदार अवसर है। नीति आयोग के अनुसार आज की बैठक का मुख्य विषय है- 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्यएट 2047।' राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों के विकास पर विशेष चर्चा हो रही है आयोग का मानना है कि राज्यों को मानव विकास, आर्थिक विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी और शासन सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अद्वितीय भौगोलिक और जनसांख्यिकीय लाभों का लाभ उठाना चाहिए। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) भाग ले रहे हैं।



अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब हर नगरिक का लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब प्रत्येक राज्य विकसित होगा, तो ही भारत विकसित होगा। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है।

#### 2047 तक भारत को विकसित बनाना हमारा लक्ष्य

हमें इस लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। उन्होंने कहा, अगर हम इन सभी दिशाओं में मिल कर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लाभ को भी रेखांकित किया और एक राज्य: एक वैश्विक गंतव्य का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप और सभी सुविधायें और बुनियादी ढांचा प्रदान करके हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रणनीति से पर्यटन स्थल के आस पास के शहरों का पर्यटन स्थल के रूप में विकास भी होगा उन्होंने कहा, भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए।

## कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदाताओं को मिलेगा 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत अंशदाताओं की संचित राशि पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शनिवार को यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी अंशदाताओं को 8.25 प्रतिशत की दर से ही ब्याज दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अंशदाताओं की संख्या इस समय सात करोड़ से अधिक है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि ईपीएफ पर वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज दर इससे पिछले वर्ष के स्तर पर ही रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। श्रम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने इसी वर्ष फरवरी में हुई बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंशदाताओं के खातों में ईपीएफ की संचित राशि पर 8.25 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देने की सिफारिश की थी।

## बैंक घोटाले का आरोपी अंगद सिंह चंडोक अमेरिका से प्रत्यर्पित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बैंक धोखाधड़ी मामले में वांछित और रेड नोटिस जारी अपराधी अंगद सिंह चंडोक को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित कर लिया गया है।

आरोपित को 23 मई को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया, जहां उसे सीबीआई ने हिरासत में लिया। वर्ष 2014 में अंगद सिंह चंडोक पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप लगे। उसपर अपने परिवार के सदस्यों– पिता सुरेंद्र सिंह, मां हरलीन कौर और भाई हर्षबीर सिंह के साथ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप है। वर्ष 2016 में वह अपने परिवार सहित भारत से फरार हो गया। इसके बाद अदालत ने उन्हें अपराधी घोषित किया और उनके खिलाफ खुले वारंट जारी किए। सीबीआई ने 22 मार्च 2017 को अंगद सिंह के खिलाफ इंटरपोल से रेड नोटिस जारी करवाया। इंटरपोल के माध्यम से कई वर्षों की कड़ी निगरानी के बाद उसे अमेरिका से भारत लाया गया। सीबीआई ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपित को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एजेंसी अब उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भारत लाने की प्रक्रिया में जुटी है ताकि मामले की सुनवाई शुरू की जा सके। सीबीआई ने यह भी बताया कि वर्ष 2021 से अब तक 100 से अधिक वांछित अपराधियों को इंटरपोल के माध्यम से भारत लाया जा चुका है।

### संक्षिप्त समाचार

**राजसमंद में बस पलटने से तीन लोगों की मौत, 23 घायल**

**राजसमंद।** राजस्थान में राजसमंद जिले के कांकरोली थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक निजी बस पलटने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गयी तथा 23 घायल हो गये। पुलिस के अनुसार अहमदाबाद से भीलवाडा जा रही यह निजी बस भावा बस स्टेण्ड पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में एक महिला एवं दो पुरूष की मौके पर ही मौत हो गयी तथा अन्य 23 घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हंसाराम चौधरी ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से राजसमंद के आर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां, 13 जुलाई तक आंशिक कार्य दिवस**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में सोमवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इस अवधि को संभवत: पहली बार आंशिक कार्य दिवस नाम दिया गया और इस दौरान भी पहले की ही तरह यहां आंशिक कामकाज होंगे। शीर्ष अदालत की एक अधिसूचना के अनुसार 26 मई से 13 जुलाई 2025 तक आंशिक कार्य दिवस रहेगा और 14 जुलाई 2025 से शीर्ष अदालत में फिर से नियमित कामकाज शुरू हो जाएगा। इस आंशिक कार्य दिवस में 21 पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी।

**बलिदानी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी पंचतत्व में विलीन**

**अयोध्या।** वीरगति को प्राप्त लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ सेना के जवानों ने सलामी दी। इस मौके पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ ही जिले के वरिष्ठ अधिकारी और भारी संख्या में मौजूद लोगों ने बलिदानी लेफ्टिनेंट को श्रद्धांजलि प्रदान की। इस दौरान 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि बलिदानी लेफ्टिनेंट मांता को प्रदान की गई अयोध्या निवासी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी की पोस्टिंग सिक्किम में थी। गुरुवार को आपरेशनल गश्त के दौरान साथी अग्निवीर जवान नदी में गिर गया था। नदी के तेज बहाव में जवान बहने लगा।

## गाजियाबाद को मिला ग्लोबल वाटर अवार्ड

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भूगर्भ जल संचयन तथा शोधित जल के सदुपयोग के लिए चल रहे कार्यों के क्रम में भारत का पहला ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट सफल हो रहा है। वसुंधरा क्षेत्र में बन रहे 40 एमएलडी के टर्शरी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को शोधित जल आपूर्ति का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसकी प्रशंसा अंतर्राष्ट्रीय स्थल पर हुई है। पेरिस में आयोजित कार्यक्रम में ग्लोबल वाटर अवार्ड गाजियाबाद को मिला है। जल उपचार और प्रबंधन क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी वीए टेक वाबाग लिमिटेड ने इस अवार्ड को प्राप्त किया। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भूगर्भ जल संरक्षण के क्रम में ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट के द्वारा साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की जलापूर्ति का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

## राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक के खिलाफ जमानती वारंट

समृद्धि न्यूज

▸ कर्मचारी का भुगतान न करने का मामला, कोर्ट ने 28 को हाजिर होने के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रबंध निदेशक उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ के खिलाफ सीजेएम लखनऊ के मार्फत जमानती वारंट जारी किया है और 28 मई को हाजिर होने का निर्देश दिया है।

इससे पहले कोर्ट ने आदेश दिया था कि याची श्रमिक का भुगतान करने तक प्रबंध निदेशक को वेतन भुगतान न किया जाए। इसके बावजूद न आदेश का पालन किया, न वह हाजिर हुए और न ही हाजिरी से छूट देने की कोई अर्जी दी। जिस पर कोर्ट ने जमानती वारंट जारी कर तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया ने अमित कुमार की याचिका पर दिया है। श्रम अदालत बरेली ने याची को दंडित करने का आदेश रद्द करते हुए बकाया वेतन सहित उसकी सेवा बहाली का अवार्ड दिया। जिसे निगम ने हाईकोर्ट में चुनौती दी, किंतु कोई स्थगनादेश नहीं मिला। कोर्ट ने याचिका पर कर्मचारी से जवाब मांगा। याची ने भी अवार्ड का पालन करने की याचिका दायर की। कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दी कि अवार्ड निष्पादन अर्जी दाखिल करें। याची ने उप श्रमायुक्त बरेली के समक्ष 18 अक्टूबर 21 को निष्पादन अर्जी दी है जो अभी तक तय नहीं की गई। कोर्ट ने निष्पादन अर्जी को छह माह में तय करने का आदेश दिया है। इसके बावजूद अर्जी विचाराधीन है।

## बॉलीवुड अभिनेता मुकुल देव का निधन

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नयी दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। मुकुल देव के बड़े भाई राहुल देव ने इंस्टाग्राम पर मुकुल देव की तस्वीर शेयर कर लिखा, हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे भाई मुकुल देव का कल रात नई दिल्ली में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी बेटी सिया देव हैं। उनके भाई-बहन रश्मि कौशल, राहुल देव और उनके भतीजे सिद्धांत देव उन्हें बहुत याद करेंगे। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 5 बजे होगा। मुकुल देव का जन्म 17 दिसंबर 1970 को नई दिल्ली में एक पंजाबी परिवार में हुआ था। उनके पिता हरी देव पुलिस में असिस्टेंट कमिश्नर थे और उन्होंने ही मुकुल को अफगानी संस्कृति से परिचित कराया था।


## एटीएस ने गुजरात से पकड़ा संदिग्ध पाक जासूस

▸ सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशील जानकारी भेजने का आरोप

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने कच्छ से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में सहदेव सिंह गोहिल (28) को गिरफ्तार किया है।

आरोपित गुजरात के विभिन्न स्थानों की गुप्त जानकारी एकत्र करके पाकिस्तान को भेज रहा था। एटीएस ने आरोपी के पास से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। उसे आगे की पूछताछ के लिए अहमदाबाद ले जाया गया है। गुजरात एटीएस के पुलिस अधीक्षक के. सिद्धार्थ ने शनिवार को अहमदाबाद में प्रेसवार्ता में कहा कि कच्छ के दयापर क्षेत्र से गुजरात एटीएस ने सहदेव गोहिल को गिरफ्तार किया है। आरोपित पीएचसी मातानी मढ़ी में संविदा पर मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर के रूप में तैनात है। वह जल सेना (नेवी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गुप्त जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को भेज रहा था। एटीएस की जांच में पता चला कि सहदेव ने नए निर्माण क्षेत्रों के फोटो व विवरण एक पाकिस्तानी महिला एजेंट, जो अदिति भारद्वाज नाम से जानी जाती है को वाट्सएप के जरिए भेजे थे। पुलिस अक्षीधक ने बताया कि सूचना मिली थी कि कच्छ जिले का एक युवक बीएफएफ और नेवी की जानकारी पाकिस्तान को भेज रहा है। बाद में एक विशेष टीम बनाकर उसे गिरफ्तार किया गया।



**2023 से पाक महिला एजेंट के संपर्क में था आरोपी**

आरोपित के फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इसी फोन से उसकी पाकिस्तान की महिला आदिती भारद्वाज से पाकिस्तान में बातचीत होती थी। एटीएस के मुताबिक जून–जुलाई 2023 से आरोपित सहदेव पाकिस्तानी महिला एजेंट के संपर्क में था। पाकिस्तानी एजेंट के पास ऐसे संवेदनशील लोगों की सूची होती है, जिनसे वे संपर्क करते हैं। इसके लिए व्हाट्सएप में भारतीय नंबर का इस्तेमाल किया जाता था। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कुछ वीडियो डिलीट कर दिए हैं, जिन्हें वापस पाने की कार्रवाई जारी है। युवक ने भारत से एक सिमकार्ड खरीदा था, जिसे पाकिस्तानी महिला जासूस एक्सेस करती थी।

## केरल में मानसून ने दी दस्तक, तय समय से आठ दिन पहले आगमन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** झमाझम बारिश के साथ मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। भारत की मुख्य भूमि पर पिछले 16 साल में मानसून का सबसे पहले आगमन हुआ है। इस बार अपने तय समय से 8 दिन पहले मानसून ने दस्तक दे दी है, जो 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर इसका सबसे जल्दी आगमन है।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की तरफ से शनिवार को जारी बयान में कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून केरल पहुंच गया, जो 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर इसका सबसे जल्दी आगमन है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछली बार राज्य में मानसून इतनी जल्दी 2009 और 2001 में आया था, जब यह 23 मई, 2029 को केरल पहुंचा था। देश में मानसून का जल्दी आना आमतौर पर सभी क्षेत्रों के लिए काफी लाभकारी होता है, विशेषकर कृषि क्षेत्र में जो भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है, जबकि 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। विभाग के मुताबिक यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।



## असम में उल्फा (आई) का ऑपरेशन कमांडर रूपम असोम गिरफ्तार

**तिनसुकिया (असम)।** सेना एवं पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार सुबह तिनसुकिया जिला के जागुन, टिंकोपानी क्षेत्र से असम में उल्फा का ऑपरेशन कमांडर स्वयंभू ब्रिगेडियर रूपम असोम को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक पिस्तौल और एक हथगोला बरामद किया गया। शेष कैडरों की तलाश में अभियान जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रूपम असोम और उसकी टीम असम-अरुणाचल सीमा के जंगल क्षेत्र में छिपी हुई थी और वे कुछ गतिविधियों की योजना बना रहे थे। पुलिस टीम को इनकी मौजूदगी के बारे में इनपुट मिले थे। पुलिस टीम ने एक अभियान चलाया और उसे पकड़ लिया। उससे तिनसुकिया जिला सदर थाने में पूछताछ की जा रही है। ऑपरेशन के दौरान उसके कब्जे से हथियार, धन उगाही के डिमांड नोट और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

## फिर बढ़ने लगे कोरोना के मरीज, 350 केस एक्टिव

▸ अस्पतालों को बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों व वैक्सीन की व्यवस्था रखने के निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। भारतीय SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के मुताबिक भारत में कोविड-19 के वेरिएंट NB.1.8.1 का एक और LF.7 प्रकार के चार मामले मिले हैं। चीन और एशिया के बढ़ते मामलों में यही वैरिएंट दिख रहा है। डब्ल्यूएचओ ने इन्हें चिंताजनक नहीं माना है लेकिन निगरानी में रखे गए वेरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है। हालांकि NB1.8.1 के yxzS, V445॥, और T478। जैसे स्पाइक प्रोटीन म्यूटेशन अन्य वेरिएंट की तुलना में तेजी से फैलते हैं। इन पर कोविड के खिलाफ बनी इम्यूनिटी का भी असर नहीं होता। भारत में JN.1 वैरिएंट सबसे आम है। टेस्टिंग में आधे से ज्यादा सैंपल में यह वैरिएंट मिलता है। इसके बाद BA.2 (26 प्रतिशत) और ओमिक्रॉन सबलाइनेज (20 प्रतिशत) वैरिएंट के मामले भी मिलते हैं। गुजरात अब तक कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार तक राजधानी में 23 केस दर्ज किए गए हैं। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में 4 नए मरीज सामने आए।



दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है।

## राहुल गांधी की बढ़ी कानूनी मुश्किलें, गैर-जमानती वारंट जारी

**चाईबासा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कानूनी मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। झारखंड की चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए अदालत ने मानहानि के एक पुराने मामले में उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है। अदालत बार-बार समन भेजने के बावजूद राहुल की पेशी न होने से नाराज है। कोर्ट ने उन्हें 26 जून को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का निर्देश दिया है। यह मामला साल 2018 का है, जब राहुल गांधी ने कांग्रेस के एक अधिवेशन में बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। राहुल ने कहा था हत्या के आरोपी एक व्यक्ति को बीजेपी ही अध्यक्ष बना सकती है। कांग्रेस पार्टी ऐसा कभी नहीं कर सकती। बयान को लेकर बीजेपी नेता प्रताप कटियार ने 9 जुलाई 2018 को चाईबासा कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

## भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को नहीं करेगा बर्दाश्त : कनिमोझी

एजेंसी

**मास्को।** रूस की यात्रा पर आये द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के समक्ष आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति दोहराई है और इस बात पर जोर दिया है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

मास्को में शुक्रवार को अपनी बैठकों के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद विरोधी उपायों को मजबूत करने और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। मास्को में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संसद के दोनों सदनों के अलावा थिंक टैंकों सहित कई बैठकें कीं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा वैश्विक आतंकवाद विरोधी ढांचे को मजबूत करने और बहुध्रुवीय अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ बातचीत की। बातचीत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में कानूनी स्तर पर एकमत कायम करने पर केंद्रित थी।

चयन

### भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए खिलाड़ियों का किया चयन

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित, गिल कप्तान, पंत उप कप्तान

एजेंसी

**मुंबई।** इंग्लैंड में अगले माह शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए शनिवार को टेस्ट टीम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे और रिषभ पंत उप कप्तान होंगे। अट्ठारह सदस्यीय टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, के एल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है। अब तक टीम की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद गिल को नया कप्तान बनाया गया है। बल्लेबाज विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से सन्यास की घोषणा कर चुके हैं। अरसे बाद भारतीय टीम इन अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में खुद को साबित करने विदेशी जमीन पर उतरेगी। इस दौरे में भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ली में, दूसरा दो जुलाई को एजबेस्टन, तीसरा 10 जुलाई को लॉर्ड्स, चौथा 23 जुलाई को ओल्ड ट्रैफ़र्ड और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई को द ओवल में खेला जायेगा। मोहम्मद शमी अनफिट होने के कारण टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये हैं जबकि करुण नायर की टीम में वापसी हुई है। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी को धार देंगे जबकि कुलदीप यादव और जडेजा अंग्रेजों को फिरकी में उलझाने की जिम्मेदारी उठायेंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने भरोसा जताया कि गिल की अगुवाई में भारतीय टीम अपना शत प्रतिशत देने में सफल रहेगी।



#### नायर की आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने करीब आठ साल बाद एक बार फिर भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की है। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए घोषित 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टेस्ट टीम की घोषणा की। रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान बनाया है, वहीं ऋषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है। दौरे के लिए 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें करुण नायर भी शामिल हैं। उनकी टेस्ट टीम में वापसी करीब आठ वर्ष बाद हुई है। करुण नायर ने भारतीय टीम के लिए आखिरी टेस्ट 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धर्मशाला में खेला था। अब तक उन्होंने कुल 6 टेस्ट मैचों में 374 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 62.3 का रहा है।

# गंगापुर में टूटी कुर्सी ने लील ली एक जान!

## लाठी-डंडों की गूंज से दहला गांव, मातम में बदला माहौल

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शुरुआत एक कुर्सी से, अंजाम कब्र तक

शुक्रवार की रात जब गांव के अधिकतर लोग अपने-अपने घरों में चैन की सांस ले रहे थे, तब गंगापुर गांव की गलियों में चीख-पुकार, लाठी-डंडों की मार और दौड़ती एंबुलेंस की सायरन गूंज रही थी। एक मामूली सी कुर्सी के टूटने ने ऐसा तांडव मचाया कि गांव मातम में डूब गया। झगड़ा इतना भयानक रूप ले लेगा, किसी ने सोचा भी नहीं था। इस हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव के निवासी सुंदरलाल के आंगन में रखी एक पुरानी लकड़ी की कुर्सी शायद वर्षों से किसी दुर्घटना की गवाह बनने का इंतजार कर रही थी। रंजीत, जो उधर से गुजर रहा था, थकान मिटाने के लिए जैसे ही कुर्सी पर बैठा, दरार से कराहती कुर्सी भरभरा कर टूट पड़ी। उस पल की चर्राक आवाज जैसे पूरे घटनाक्रम का बिगुल बन गई। सुंदरलाल और उसके घरवालों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। बिना देर किए, लाठी-डंडे संभाले गए और रंजीत को पीटने की तैयारी शुरू हो गई। रंजीत की चीखें गांव की गलियों में गूंज उठीं।

### बचाने आए परिजन, बन गए निशाना

रंजीत की दर्दनाक चीखें सुनकर उसके चाचा जागेश्वर, बुआ कांति देवी और अन्य परिजन दौड़े चले आए। पर यह राहत उनके लिए काल बनकर आई। हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। लाठियों की बरसात अब रंजीत के साथ-साथ उसके परिजनों पर भी होने लगी। गांव का माहौल देखते ही देखते रणभूमि में बदल गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस गांव की ओर दौड़े। गंभीर रूप से घायल जागेश्वर (45 वर्ष), जिन्हें खून से लथपथ हालत में सीएचसी लाया गया, की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं कांति देवी की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

### पुलिस की सक्रियता, पर हमलावर फरार

घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मृतक की पत्नी खिलौना देवी की तहरीर पर सुंदरलाल समेत चार लोगों विपिन, भूरे, सुंदर और लक्ष्मी के खिलाफ हत्या, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि आरोपी घटना के बाद से फरार हैं, पर थाना प्रभारी निराला तिवारी ने सख्त लहजे में कहा है कि घटना में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

### गांव में सन्नाटा, घरों में मातम

गंगापुर गांव, जो कभी अपनी सादगी और शांतिपूर्ण माहौल के लिए जाना जाता था, अब दहशत और सन्नाटे में डूबा हुआ है। एक मामूली विवाद ने घर उजाड़ दिया, परिवार को बेसहारा कर दिया और पूरे गांव को हिला कर रख दिया।

# चोरी करते दो युवक रंगेहाथ पकड़े व्यापारियों ने किया पुलिस के हवाले

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

शहर के मेला मैदान में शनिवार की सुबह चोरी की घटना को अंजाम देते समय दो युवकों को व्यापारियों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी विशाल वर्मा की दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखी दाल और मटर की बोरी चुराकर ले जा रहे थे। शक होने पर मौके पर मौजूद व्यापारियों ने उन्हें रोका और पकड़े जाने पर दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

घटना सुबह के वक्त की है जब मेला मैदान क्षेत्र में कुछ व्यापारी दुकानें खोलने पहुंचे। तभी उन्होंने देखा कि दो युवक बोरी उठाए भागने की कोशिश कर रहे हैं। शक होने पर जब उनसे पूछताछ की गई तो दोनों घबरा गए। इस पर व्यापारियों ने तुरंत उन्हें पकड़ लिया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। व्यापारियों के अनुसार आरोपी विशाल वर्मा की दुकान का ताला तोड़कर एक बोरी अरहर दाल और एक बोरी मटर चुराकर भागने की फिराक में थे। लेकिन जैसे ही वे बोरी लेकर निकले, क्षेत्र में मौजूद अन्य दुकानदारों की नजर उन पर पड़ गई और उन्हें दबोच लिया गया। पकड़े गए युवकों ने पुलिस पूछताछ में अपने नाम श्रवण पुत्र श्री केशन, निवासी हफीजपुर, तथा पवन पुत्र मेवालाल, निवासी महमदपुर, थाना गोला बताया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया और आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों का चालान कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### प्रॉपर्टी विवाद ने पकड़ा तूल : महिला को तलवार लेकर दौड़ाया, सामान फेंका, ब्लैकमेलिंग का भी आरोप

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली गोला क्षेत्र के ग्राम हरैया में भूमि विवाद के चलते एक महिला के साथ गंभीर मारपीट, धमकी और ब्लैकमेलिंग की घटना सामने आई है। पीड़िता द्रौपदी पत्नी रूपराम निवासी ग्राम बहेरा की तहरीर पर बलवन्त सिंह एवं उनके दो पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता द्रौपदी ने कुछ समय पूर्व ग्राम हरैया स्थित गाटा संख्या 106/1 और 107 की भूमि को मनीष जायसवाल, ज्ञान प्रकाश एवं सुमन मिश्रा से बैनामा करवाया था। उक्त भूमि पर एक मकान भी निर्मित है, जिस पर पहले से ही बलवन्त सिंह एवं उनके पुत्रों का कब्जा था। पीड़िता के अनुसार, 10 लाख रुपये के बदले सुलह के तहत बलवन्त सिंह एवं उनके पुत्रों ने खेत व मकान का कब्जा द्रौपदी को सौंपा था। लेकिन कब्जा देने के बाद आरोपियों द्वारा उसे ब्लैकमेल कर प्रताड़ित किया जाने लगा। द्रौपदी ने बताया कि जब वह गेहूं की कटाई के बाद खेत जुतवाने पहुंची, तो बलवन्त सिंह व उनके पुत्रों ने तलवार लेकर उसका पीछा किया। किसी तरह जान बचाकर वह वहां से भाग निकली। यही नहीं, मकान में रखा सारा सामान भी आरोपियों द्वारा फेंक दिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि बलवंत सिंह और उसके पुत्र अपराधिक प्रवृत्ति के हैं, और कभी भी उसके साथ कोई गंभीर घटना घटित कर सकते हैं। प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली गोला पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पाठक को जांच सौंप दी गई है।

### शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज एक दिन में छह गिरफ्तारियां

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना गोला क्षेत्र में कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। सभी अभियुक्तों के पास से लगभग 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है। पुलिस की मुस्तैदी से यह कार्रवाई छह अलग-अलग स्थानों पर की गई। थाना गोला पुलिस टीमों ने मुखबिर की सूचना पर विभिन्न स्थानों से दबिश देकर निम्न अभियुक्तों को गिरफ्तार किया- नंदकिशोर पुत्र दीनदयाल निवासी कौंधवा, जिसकी गिरफ्तारी तहसील रोड पर की गई, उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। मुन्शीराम पुत्र स्व. बाबूदयाल निवासी कैमी को मिल रोड के पास पकड़ा गया। वंशीलाल पुत्र जसकरन लाल निवासी मुड़िया मिश्र को मुड़िया तिराहे से गिरफ्तार किया गया। विपिन पुत्र पुत्तुलाल निवासी दौलतगंज को महमदपुर की पानी की टंकी के पास से दबोचा गया। सुशील कुमार पुत्र सियाराम निवासी बिझौली को अलीगंज नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त, जिसकी गिरफ्तारी का विवरण भी इसी तर्ज पर सामने आया है, से भी 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। सभी गिरफ्तारियां आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत दर्ज की गई हैं। पुलिस द्वारा बरामद शराब को सील कर सैंपल लिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में थाना गोला की कई टीमें सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि वे अवैध शराब बेचकर अपनी जीविका चला रहे थे, लेकिन लाइसेंस दिखाने में असफल रहे।पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, और क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### भीषण गर्मी में बच्चों को मिली ठंडक की सौगात

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** गर्मियों की तपिश से बच्चों को राहत दिलाने और उन्हें स्वस्थ रखने के उद्देश्य से शनिवार को न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेस में स्मार्टवे कंपनी के सहयोग से श्री खाटू श्याम फार्मा की ओर से विद्यार्थियों को ग्लूकोन-डी वितरित किया गया। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व श्री खाटू श्याम फार्मा के स्टॉकिस्ट रिशु माहेश्वरी एवं उनकी धर्मपत्नी शैफाली गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रिशु माहेश्वरी ने कहा कि वह हमेशा छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं, क्योंकि जब छात्र स्वस्थ रहेंगे, तभी मन लगाकर पढ़ाई कर सकेंगे। जब पढ़ेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडियाफ्र के सिद्धांत पर कार्य करते हुए उन्होंने बताया कि भविष्य में भी छात्राओं को चिकित्सा किट और उपयोगी दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### सड़क हादसों में पांच लोग घायल, चार की हालत नाजुक

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पहली घटना शहर के मोहल्ला नीचीभूड़ की है, जहां साहिल पुत्र सुलेमान और उनकी पत्नी कुलसुम किसी निजी कार्य से बाहर निकले थे। लौटते समय अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, दूसरी घटना मथुरानगर मोहल्ले में सामने आई, जहां सोनू कश्यप पुत्र पुत्तूलाल सड़क पार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वे सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। तीसरी घटना हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगरा सलेमपुर में हुई, जहां अंकित पुत्र मनोज कुमार सड़क किनारे खड़े थे। अचानक से एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। चौथी घटना मैलानी थाना क्षेत्र के गांव झाउपुर की है, जहां प्रदीप पुत्र सुंदरलाल अपने दोपहिया वाहन से कहीं जा रहे थे। सामने से आ रही एक लोडर गाड़ी की चपेट में आने से वे बुरी तरह घायल हो गए। इन सभी हादसों में घायल हुए लोगों को राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद साहिल, कुलसुम, सोनू और प्रदीप की हालत गंभीर पाते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# खेत में सिंचाई कर रहे किसान पर तेंदुए का हमला, ग्रामीणों में दहशत

## घनापुरवा गांव की घटना, घायल किसान जिला अस्पताल रेफर

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज।**



फॉरेस्टर नरेश कुमार वनरेंज रायपुर ने बताया कि तेंदुआ पानी पीने गया था, वापसी कर रहा था उसी समय युवक खेत पर काम कर रहा था। तेंदुए ने युवक पर अटैक कर दिया, फिलहाल मौके पर निरीक्षण किया गया है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

गोला वन रेंज के अंतर्गत आने वाले गांव घनापुरवा में शनिवार सुबह खेत में सिंचाई कर रहे एक किसान पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के किसान मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत बिजुआ सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना भीरा थाना क्षेत्र के गांव घनापुरवा की है, जो जंगल की तलहटी में बसा हुआ है। यहां जंगली जानवरों की आवाजाही आम बात हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की सक्रियता पिछले कुछ दिनों से बढ़ गई है, जिससे खेतों में काम करना खतरे से खाली नहीं है। शनिवार सुबह गांव निवासी नन्हे लाल खेत में गन्ने की सिंचाई कर रहे थे, तभी झाड़ियों से निकलकर एक तेंदुआ उन पर झपट पड़ा। तेंदुए ने किसान के हाथ और सिर पर हमला किया। घायलावस्था में नन्हे जमीन पर गिर पड़े। शोर सुनकर आसपास काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और तेंदुए को भगाया। ग्रामीणों ने वन विभाग को घटना की सूचना दी, जिसके बाद वनकर्मी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। विभाग ने किसानों से सतर्क रहने और अकेले खेतों में न जाने की अपील की है। ग्रामीणों में घटना के बाद से दहशत का माहौल है। कई किसानों ने खेतों में जाना फिलहाल बंद कर दिया है। गांव वालों ने वन विभाग से इलाके में गश्त बढ़ाने और तेंदुए की गिरफ्तारी की मांग की है।

# शिकायतों के बाद भी नहीं हो सका निर्माण कार्य पूरा

**धौरहरा (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज।**

तालाब पाटकर अधूरी छोड़ दी गई गोशाला




धौरहरा ग्राम पंचायत अदलीसपुर में तालाब की जमीन पर अस्थायी गौशाला का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन वर्षों बीतने के बाद भी यह कार्य अधूरा पड़ा है। बरसात में जलभराव और भूमि की कमी का हवाला देकर अब तक निर्माण नहीं कराया गया, जिससे न केवल निराश्रित गोवंश भटक रहे हैं बल्कि सरकार की योजनाओं पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस संबंध में ग्राम हसनापुर निवासी दुर्गेश कुमार ने पुनः शिकायत कर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अदलीसपुर गांव में तालाब की भूमि पाटकर गौशाला निर्माण की शुरुआत की गई थी, जिसका गाटा संख्या आज भी तालाब के नाम दर्ज है। लेकिन वर्षों बीतने के बाद भी गौशाला अधूरी ही पड़ी है। दुर्गेश का कहना है कि इस प्रकरण की कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

हाल ही में इस शिकायत के जवाब में खंड विकास अधिकारी धौरहरा द्वारा मुख्य विकास अधिकारी खीरी को भेजी गई जांच आख्या में बताया गया है कि गौशाला निर्माण के लिए राजस्व विभाग द्वारा जो भूमि उपलब्ध कराई गई थी, वह पर्याप्त नहीं है। साथ ही, उस स्थल पर बरसात के समय जलभराव की समस्या भी है, जिससे निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका।

## शिकायतकर्ता ने शासन से की कठोर कार्रवाई की मांग

खंड विकास अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि राजस्व विभाग अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराता है, तो नियमानुसार निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाएगा और निराश्रित गोवंशों को संरक्षण प्रदान किया जा सकेगा।

शिकायतकर्ता दुर्गेश कुमार इस आख्या को असंतोषजनक मानते हैं। उनका कहना है कि पंचायत सचिव की रिपोर्ट केवल खानापूर्ति है, क्योंकि वर्षों से लगातार यही तर्क दिया जा रहा है कि भूमि कम है और बरसात के कारण निर्माण नहीं हो सकता। जबकि वास्तव में न तो वैकल्पिक भूमि की व्यवस्था की गई और न ही अस्थायी इंतजाम किए गए। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत के माध्यम से पुनः कठोर कार्रवाई की मांग की है और अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

### ग्रामीणों में नाराजगी

ग्राम अदलीसपुर के ग्रामीणों का कहना है कि जिस तालाब की भूमि पर गौशाला का निर्माण हुआ, वह ग्रामीणों की जीवनरेखा थी। बरसात में जहां एक ओर जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, वहीं दूसरी ओर तालाब की कमी के चलते सिंचाई और जल संरक्षण पर भी असर पड़ा है।

### शासन की योजना फाइलों में सीमित

गौरतलब है कि निराश्रित गोवंशों के लिए सरकार द्वारा संचालित गौआश्रय स्थलों की योजना का उद्देश्य इन्हें सुरक्षित आश्रय देना था। लेकिन अदलीसपुर जैसे मामलों में यह योजना केवल कागजों में ही सिमटी नजर आती है।

### नियत तिथि नजदीक, निर्णय का इंतजार

वर्तमान में यह शिकायत विकास खंड स्तर पर लंबित है और इसका निस्तारण 23 जून 2025 तक किया जाना है। अब ग्रामीणों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि शासन व प्रशासन इस बार क्या रुख अपनाता है।

# थाना समाधान दिवस बना मजाक

## सीओ को ही दे दी गई तारीख, तो आम आदमी की कौन सुनेगा?

**धौरहरा (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



थाना समाधान दिवस का उद्देश्य होता है आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान। लेकिन जब खुद क्षेत्राधिकारी (सीओ) को ही दो दिन बाद की तारीख दे दी जाए, तो फिर आम आदमी की सुनवाई की क्या उम्मीद की जा सकती है?

शनिवार को धौरहरा थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार वीरेंद्र यादव, कोतवाल सुरेश मिश्र, लेखपाल और राजस्व निरीक्षक मौजूद थे। आम जन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने लगे थे। तभी सीओ प्रीतम पाल सिंह भी समाधान दिवस में पहुंचे और मजाकिया लहजे में नायब तहसीलदार से बोले, नायब साहब, मेरी जमीन पर भी अवैध कब्जा हो रहा है, उसे भी देखवा लीजिए।

माहौल कुछ देर परिहास में डूबा रहा, लेकिन जब बात गंभीर हुई, तो नायब तहसीलदार ने कहा कि सोमवार को टीम बनाकर सीओ आवास की जमीन चिन्हित करा दी जाएगी। यह घटनाक्रम न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि समाधान दिवस की गंभीरता पर भी सवाल खड़े करता है। जब उच्च अधिकारियों की शिकायत को प्राथमिकता नहीं दी जाती, तो आम नागरिक की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं।

### क्या है मामला?

धौरहरा कस्बे में गोरखपुर लेखपाल सर्किल की गाटा संख्या 122 नवीन परती को क्षेत्राधिकारी आवास के लिए चिन्हित किया गया है। इसी में 122 मिनजुमला नाम की भूमि है, जिसमें चार खातेदार दर्ज हैं। दो खातेदार कुलदीप और संदीप ने हाल ही में अपने हिस्से पर कब्जा करना चाहा। मामला उठने पर एसडीएम ने कार्रवाई कर कब्जा रुकवाया और निर्देश दिया कि जमीन का चिन्हांकन किया जाए। थाना समाधान दिवस पर यह मौका था, लेकिन इसके बावजूद नायब तहसीलदार ने तुरंत कार्रवाई की बजाय सीओ को दो दिन आगे की तारीख दे दी।

### फोन पर जानकारी मांगी तो जवाब मिला- सामने आकर पूछिए

जब इस मामले में फोन पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र यादव से जानकारी लेनी चाही गई तो उनका जवाब था - आप ये सब फोन पर क्यों पूछ रहे हैं? सामने आकर बात कीजिए न। मैं फोन पर कोई डिटेल्स नहीं देता। आपको थाना दिवस में आना चाहिए था, वहां आते तो खुद ही सब जान लेते। आपको जो कुछ लिखना है, लिख दीजिए।

अब सवाल यह उठता है कि जब शिकायतों के समाधान का मंच ही गंभीरता से न लिया जाए, तो फिर आम जनता कहां जाए?

# वीर सैनिकों के सम्मान में निकाला भव्य तिरंगा यात्रा, राजा राजेश्वर सिंह ने की अगुवाई




## भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से गूंजा निघासन

**निघासन (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज।**

देश के वीर जवानों को सम्मान देने के उद्देश्य से देशभर में आयोजित की जा रही तिरंगा यात्रा के क्रम में निघासन में एक भव्य यात्रा का आयोजन किया गया।

यह यात्रा झंडी राजा राजेश्वर सिंह की अगुवाई में हनुमानगढ़ी मंदिर से शुरू होकर चौराहा होते हुए तहसील गेट तक निकाली गई।

इस तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भारी संख्या में भाग लिया। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से संपूर्ण नगर गूंज उठा।

इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के अदम्य साहस व बलिदान को नमन करते हुए देशभर में वीर सैनिकों के सम्मान में इस प्रकार की यात्राएं आयोजित की जा रही हैं। इस मौके पर राजा राजेश्वर सिंह, भाजपा जिला महामंत्री विनोद लोधी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम पांडे, महामंत्री शैलेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र चतुर्वेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी, महिला मोर्चा जिला मंत्री मुन्नी देवी, एडवोकेट प्रदीप दीक्षित, शशिकांत चतुर्वेदी, संजय गुप्ता, वेद राम चौहान, शिव कुमार पाल, सोबरन चौहान, अमित चतुर्वेदी, अविनाश दीक्षित, चंद्र प्रताप सहित अन्य गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

## समाज सेवा में उनके योगदान को किया याद

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद के सभागार में शनिवार को महान समाजसेवी और आदर्श महिला शासक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा ने की, जबकि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री विनोद स्वर्णकार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने विषम परिस्थितियों में भी समाज के हित में कार्य किए। उन्होंने गरीबों को न्याय दिलाया और देश की सीमाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया। उनका जीवन आज भी महिलाओं और समाजसेवियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# जेडी बुल्स कल्ड हरा संत रंजीत सिंह बनी विजेता

## गोला नगर पालिका अध्यक्ष ने विजेताओं को सौंपी ट्राफी, स्पंदन मिश्रा बने मैंन आफ़ द मैच

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**




कस्बे में चल रहे बिजुआ प्रीमयर लीग टूर्नामेंट जेडी बुल्स और संत रंजीत सिंह के बीच खेला गया जिसमें संत रंजीत सिंह ने फाइनल मुकाबले में जीत हासिल करते हुए ट्राफी अपने नाम की विजेताओं को गोला नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू शुक्ला ने ट्राफी सौंपी।

पिछले दो हफ्तों से चल रहे बिजुआ प्रीमयर लीग का फाइनल मैच जेडी बुल्स और संत रंजीत सिंह के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर संत रंजीत सिंह के कप्तान स्पंदन मिश्र ने पहले फील्डिंग करते हुए जेडी बुल्स की टीम को 50 रनों पर आ आउट कर दिया, संत रंजीत सिंह की तरफ से पवन ने 3,गोपी ने 2 विकेट लिए वही जेडी बुल्स का कोई खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा न छू सका,जवाब में उतरी संत रंजीत सिंह के कप्तान स्पंदन मिश्रा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज पांच ओवरों 39 रन ठोकते हुए मैच जिता दिया। लो स्कोरिंग के इस फाइनल मैच में रोमांच न होने से दर्शक काफी निराश दिखे, फाइनल मैच के मुख्य अथिति गोला नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू शुक्ला ने विजता टीम को ट्राफी सौंप उन्हें शानदार जीत की शुभकामनाएं दी। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्पन्दन को मैन आफ द मैच व पवन बुमराह को मैंन आफ़ द सीरीज चुना गया।कार्यक्रम के आयोजक उत्कर्ष दिक्षित ने विजेता टीम को 51हजार की राशि प्रदान की।इस दौरान अजय दीक्षित,मानिक मिश्रा,बिजुआ मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह,रविन्द्र कटियार,नरेंद्र सिंह,राहुल नयन,सुखपाल सिंह संधू,मौजूद रहे।

# अचला एकादशी पर खाटू श्याम संकीर्तन से गूंज उठा देवस्थान, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



## पकड़ लो हाथ बनवारी... जैसे भजनों ने भक्तों को किया भावविभोर, बाबा की आरती कर लिया आशीर्वाद

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बरम बाबा देवस्थान पर शुक्रवार रात्रि को अचला एकादशी के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। संकीर्तन की शुरुआत होते ही पूरे क्षेत्र में खाटू नरेश के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। शिवम गुप्ता और अजय गुप्ता ने बाबा की महिमा का ऐसा वर्णन किया कि उपस्थित भक्तगण भावविभोर हो उठे।

**भजनों ने बांधा समा, श्रद्धालु हुए भावविभोर :-** पकड़ लो हाथ बनवारी, नहीं तो डूब जाएंगे..., खाटू वाला श्याम है, श्रृंगार तेरा बाबा कहो किसने सजाया है, श्री राधे श्री राधे, जय कृष्णा बोलो जय राधे... जैसे भजनों पर भक्तगण श्याम बाबा की भक्ति में झूमते रहे। भजनों की लहरियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। रात्रि में संकीर्तन का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती के साथ हुआ। मंदिर के पुजारी द्वारा भक्तों को बाबा का आशीर्वाद प्रदान किया गया। समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया जिसे भक्तों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

# हर घर जल योजना के टैंकों का दुरुपयोग पीने योग्य पानी खेतों में छोड़ा जा रहा

**संसारपुर, खीरी, समृद्धि न्यूज।**



## ग्रामीणों का आरोप- ठेकेदार कर रहे अवैध वसूली, जांच की मांग तेज

## पानी नहीं मिल रहा, टैंकों से खेत सींचे जा रहे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना के तहत विकासखंड बांकेगंज के ग्राम पंचायत संसारपुर में भ्रष्टाचार और दुरुपयोग का मामला उजागर हुआ है। योजना के अंतर्गत बनाए गए पेयजल टैंकों से शुद्ध पानी को खेतों में छोड़े जाने की शिकायतें सामने आई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार रात्रि के समय टैंकों का पानी खेतों में छोड़ते हैं और इसके बदले किसानों से पैसे वसूलते हैं।

इस मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि टैंकों से बहता पानी खेतों की ओर जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर गांव के लोगों को पीने के पानी के लिए जूझना पड़ रहा है।

गांव के निवासी अजय दीक्षित ने बताया कि हमें घरों में पानी नहीं मिल रहा, लेकिन टैंक का पानी खुलेआम खेतों में बहाया जा रहा है। ठेकेदार इससे पैसा भी वसूलते हैं। यह सरासर योजना का उल्लंघन है। एक अन्य ग्रामीण प्रमोद कुमार ने कहा कि हमारे घर पर पानी की टंकी लगी है लेकिन आज तक पानी नहीं आया। सुनने में आया है कि बैंक के पास के खेतों की सिंचाई इसी पानी से होती है। यह योजना मजाक बन कर रह गई है।

### जनप्रतिनिधियों से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह का दुरुपयोग सरकार की मंशा पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।

### सरकार की योजना को लग रही आंच

हर घर जल योजना का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन यदि इस तरह भ्रष्टाचार और लापरवाही सामने आती रही, तो इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ आमजन तक नहीं पहुंच पाएगा। ग्रामीणों की नाराजगी और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

# जोन-3 व जोन-7 में गंदगी, अवैध कूड़ा कलेक्शन व खुले में मीट बिक्री के गंभीर मामले आए सामने

## नगर निगम की सफाई व्यवस्था व अव्यवस्थाओं की हकीकत जानने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल ने शहर के विभिन्न वार्डों में किया औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर निगम की सफाई व्यवस्था और अव्यवस्थाओं की हकीकत जानने के लिए शनिवार सुबह 6.30 बजे महापौर सुषमा खर्कवाल ने शहर के विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण महापौर के स्पष्ट संदेश के साथ शुरू हुआ कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जोन-3 और जोन-7 में यूजर चार्ज की अवैध वसूली, गंदगी, अवैध कूड़ा कलेक्शन और खुले में मीट बिक्री जैसे गंभीर मामले सामने आए, जिन पर मौके पर ही सख्त



कार्रवाई की गई। इसी निरीक्षण के दौरान महापौर ने एक बड़े नाले की सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया। नाला पूरी तरह से गंदगी से भरा हुआ मिला, जिस पर महापौर ने गहरी नाराजगी जताई और 'स्ह को निर्देशित किया कि नाले की तत्काल सफाई कराई जाए और उसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। महापौर ने जोन-7 के कल्याणपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया। कमला मार्केट के पास एक अवैध ठेली को पकड़ा गया जो गैरकानूनी रूप से कूड़ा इकट्ठा कर रही थी। महापौर ने मौके पर जेडएसओ को उस ठेली को जब्त करने और उचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। क्रेजी बे नामक दुकान द्वारा सड़क पर कूड़ा फैलाने के मामले में 500 रुपये का चालान काटने के निर्देश दिए गए। केशव नगर, कल्याणपुर में निरीक्षण के दौरान एक खाली प्लॉट में कूड़ा पड़ा मिला। महापौर ने गंभीरता से लेते हुए जोनल अधिकारी को आदेश दिया कि प्लॉट स्वामी को नोटिस जारी किया जाए व बाउंड्रीवॉल बनवाने के निर्देश दिए जाएं।

### जोन-3 में यूजर चार्ज की अवैध वसूली का भंडाफोड़

निरीक्षण की शुरुआत जोन-3 से हुई, जहां वायरलेस चौराहे से छन्नीलाल चौराहे की ओर जा रही सड़क पर लखनऊ स्वच्छता अभियान की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी एक नारियल पानी के ठेले के पास कचरा उठाते हुए देखी गई। पूछताछ में नारियल पानी विक्रेता राम सनेही ने बताया कि वह हर महीने 400 रुपये यूजर चार्ज के रूप में देता है, परंतु उसे कभी कोई रसीद नहीं दी जाती। जब महापौर ने पूछा कि यह पैसे किसे दिए जाते हैं, आकाश नामक व्यक्ति यह राशि वसूलता है। मौके पर तत्काल जेएसओ जोन-3 को बुलाया गया और आकाश को भी बुलवाया गया। पूछताछ में आकाश ने माना कि वह एलएसए के लिए यूजर चार्ज वसूलता है लेकिन पैसे न तो जमा करता है, न ही रसीद देता है। इस पर महापौर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एलएसए अधिकारियों को आकाश के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए

### आदिल नगर में मीट की अवैध दुकान पर बुलडोजर चला

निरीक्षण का सबसे गंभीर मामला आदिल नगर से सामने आया, जहां नाले पर अवैध रूप से मीट की दुकान और मुर्गियों का स्टोर चल रहा था। खुले में मांस काटने और गंदगी फैलाने को लेकर महापौर ने तत्काल एसओ को चालान करने के निर्देश दिए। 'न्यू फ्रेश चिकन शॉप' पर 5000 रुपये का चालान काटा गया। साथ ही नाले पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर जेसीबी मंगवाया गया और अपर नगर आयुक्त ललित कुमार की निगरानी में अतिक्रमण हटाया गया। महापौर ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को निर्देशित किया कि खाद्य निरीक्षक को पत्र भेजकर खुले में मांस बेचने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सफाई से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### साफ-सफाई में लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस नीति

इस निरीक्षण के माध्यम से महापौर ने साफ कर दिया है कि नगर निगम की ओर से सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ को स्वच्छ बनाने में जनसहयोग की अपील

महापौर सुषमा खर्कवाल ने शहरवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता के इस अभियान में जनता से अपील करते हुए कहा कि सहयोग करें और किसी भी अनियमितता की सूचना नगर निगम को दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ लखनऊ के लिए नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## खबरें एक नजर में

### सी.एम.एस. छात्र आदिल इण्डियन फॉरेस्ट सर्विस में चयनित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के छात्र मोहम्मद आदिल ने इण्डियन फॉरेस्ट सर्विस (आई.एफ.एस.) में चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में आदिल ने अखिल भारतीय स्तर पर 119वीं रैंक अर्जित की है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की इस अभूतपूर्व सफलता पर बधाई देते हुए उसके अत्यन्त उज्जवल भविष्य की कामना की है। डा. गाँधी ने विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया है, जिनके अथक परिश्रम की बदौलत विद्यालय के छात्र उच्च सफलताएं अर्जित कर रहे हैं। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन एवं सी.एम.एस. चौक कैम्पस की प्रधानाचार्या अदिति शर्मा ने भी मोहम्मद आदिल को शुभकामनायें दी हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि यूपीएससी आईएफएस के परिणाम अभी हाल ही में घोषित किये गये हैं। भारतीय वन सेवा भारत सरकार की प्रतिष्ठित सेवा है, जिसमें देश भर के लाखों छात्र प्रतिवर्ष चयनित होने का सपना देखते हैं, ऐसे में इस अत्यन्त प्रतिस्पर्धी परीक्षा में चयन हेतु अत्यन्त उच्च स्तरीय प्रतिभा, ज्ञान व मेधात्व की आवश्यकता होती है।

### मानस महिला शक्ति ने किया भंडारे का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जियामऊ स्थित रिट्ज फूड प्वाइंट पर शनिवार को मानस महिला शक्ति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमानजी की पूजा-अर्चना और भोग अर्पण से हुई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। भंडारे में हजारों लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं को छोले, चावल, बूंदी और शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। सभी व्यंजन स्वच्छता और श्रद्धा के साथ तैयार किए गए। आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा। मानस महिला शक्ति की रीता पांडे ने कहा कि यह आयोजन सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उनके अनुसार ऐसे आयोजन समाज में एकजुटता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। धार्मिक कार्यक्रमों से मानवीय संवेदनाएं जागृत होती हैं। पुनीता अवस्थी ने कहा कि यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आध्यात्मिक और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से अपनी क्षमता के अनुसार ऐसे सेवा कार्यों में योगदान की अपील की।

### प्रमोद कुमार अध्यक्ष व मुकेश श्रीवास्तव महामंत्री निर्वाचित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश समाज कल्याण मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन, कल्याण भवन में चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मतगणना के उपरान्त समाज कल्याण विभाग में प्रमोद कुमार, अध्यक्ष तथा अमन कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष व मुकेश कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री निर्वाचित हुए। उत्तर प्रदेश समाज कल्याण मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन, कल्याण भवन लखनऊ का द्विवार्षिक चुनाव प्रदीप कुमार, चुनाव अधिकारी व श्रीमती नीतू सक्सेना एवं ओम प्रकाश, सहायक चुनाव अधिकारी की देख-रेख में समाज कल्याण के सभागार में मतदान सम्पन्न हुआ। जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतगणना में प्रमोद कुमार मिश्र, अध्यक्ष, अमन कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष, महेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री निर्वाचित हुए। मुकेश कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री, प्रणय प्रतीक उपाध्याय, संगठन मंत्री, रामखेलावन, कोषाध्यक्ष, सुश्री सृष्टि यादव, कार्यालय मंत्री, मुहम्मद सालिम अंसारी, आडिटर एवं मनोज कुमार यादव, सांस्कृतिक कार्यमंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुमार, मनीष कुमार, गौतम कुमार, तुषार शुक्ला, तरनजीत सिंह, रविन्द्र नाथ, अतुल कुमार, सचिन पाण्डेय व रूद्र नारायन पाण्डेय, रवि कुमार, निर्वाचित हुए।

### संगीतमय सुंदरकांड व विशाल भंडारे का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति द्वारा शनिवार को ज्ञानेंद्र बिहार पिंक सिटी बुद्धेश्वर में संगीतमय सुंदरकांड एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सभी लोगों ने भंडारे में पूरी सब्जी छोले चावल बूंदी एवं पाना का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति समय-समय पर इस तरह के आयोजन सभी लोगों के सहयोग के माध्यम से करती रहती है। इसी कड़ी में भंडारे में क्षेत्र के अंजनी श्रीवास्तव वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी एवं उप विजेता 171 पश्चिम विधानसभा एवं न्यू हैदरगंज तृतीय वर्ल्ड के लोकप्रिय पार्षद विनोद यादव एवं मंदिर समिति के संरक्षक रविंद्र निगम अध्यक्ष, जितेंद्र निगम, तीर्थराज यादव, अभिषेक मिश्रा, जितेंद्र शुक्ला, अनुराग दिक्षित, आशीष श्रीवास्तव, सचिन देवल, गणेश शुक्ला, शिवम पोरवाल, धैर्य मिश्रा, कृष्णा मिश्रा व महिला मंडली में अर्चना सिंह, राधा शुक्ला, शशि राय, रीता सिंह, रीता वर्मा, आकांक्षा सिंह, शिवांगी निगम, संजू अवस्थी, निकिता जुनेजा, रति पांडे आदि लोगों के सहयोग से भंडारे का आयोजन सफल बनाया गया।

#### टाइगर रिजर्वों के बफर जोन में मानसून के दौरान भी जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे पर्यटक

# ईको टूरिज्म बढ़ाने के लिए शुरू हो रही बफर में सफर योजना

**यूपी में पिछले वर्षों में ईको टूरिज्म के पर्यटकों की संख्या में तीव्र वृद्धि**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक वन एवं वन्य जीव विभाग उत्तर प्रदेश को इको टूरिज्म के हब के तौर पर विकसित कर रहा है।

वन एवं वन्य जीव विभाग के संबंधित अधिकारियों ने बताया कि विभाग प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता को संरक्षित करते हुए बफर में सफर योजना शुरू की जा रही है। प्रदेश के टाइगर रिजर्वों में नये सफारी



रूटों के साथ भीरा और मोहम्मदी जैसे क्षेत्रों में ईको टूरिज्म की नई संभावनाओं को विकसित किया जा रहा है। स्थानीय लोगों को गाइड, रेस्टोरेंट संचालक के रूप में प्रशिक्षित कर स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इन प्रयासों का परिणाम है कि यूपी में पिछले वर्षों में ईको टूरिज्म के पर्यटकों की संख्या में तीव्र वृद्धि हुई है। सीएम योगी के विजन के मुताबिक उत्तर प्रदेश को ईको टूरिज्म के हब के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग ने मानसून के दौरान बफर में सफर योजना शुरू करने जा रही है।इस दिशा में लखीमपुर खीरी के भीर और मोहम्मदी के क्षेत्रों को भी ईको टूरिज्म के स्पाट के तौर पर विकसित किया जा रहा है। दक्षिणी खीरी के गोला, मोहम्मदी रेंज और भीर में टूरिस्ट सर्किट का निर्माण किया गया है। इस क्षेत्र में पड़ने वाली सेमराई झील, जो पक्षियों के प्रवास के लिए प्रसिद्ध है, इसको भी सर्किट में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए शामिल किया जाएगा। नेपाल सीमा से सटे हुए कर्तनिया घाट के बफर जोन में भी जंगल सफारी की शुरुवात की गई है। इन क्षेत्रों में प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता के साथ वन्य जीवों की समृद्धि पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। वन एवं वन्य जीव विभाग सीएम योगी के विजन के मुताबिक उत्तर प्रदेश को ईको टूरिज्म का हब बनाने की दिशा में कई और नवीन प्रयास कर रहा है। इस दिशा क्रम में दुधवा पर्यटन परिसर में एक आधुनिक सूचना केंद्र की स्थापना की गई है, जो पर्यटकों को क्षेत्र की जैव विविधता, वन्य जीव, और स्थानीय संस्कृति की जानकारी प्रदान करेगा और लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी करेगा।

### पर्यटक बरसात के दिनों में भी सफारी का ले सकेंगे आनंद

प्रदेश के टाइगर रिजर्वों के बफर जोन में सफारी के नये रूटों को विकसित किया जा रहा है। योजना के तहत दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, और उत्तर खीरी बफर जोन में नए सफारी रूट विकसित किए जा रहे हैं। सोहागीबरवा, उत्तर खीरी और पीलीभीत में बफर जोन क्षेत्रों के नए मार्गों का चयन किया गया है। इन बफर जोन में पर्यटक बरसात के दिनों में भी सफारी का आनंद ले सकेंगे। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए टाईगर रिजर्वों को अधिक दिन खोलने की भी व्यवस्था की जा रही है। बफर में सफर योजना का सबसे बड़ा लाभ मानव और वन्य जीवों के संघर्ष में कमी लाते हुए पर्यटकों को जंगल के रोमांच अनुभव प्रदान करना है। वन एवं वन्य जीव विभाग प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए टाइगर रिजर्व, अभ्यारण्यों के अतिरिक्त अन्य नई संभावनाओं को विस्तार दे रहा है।

## सरकार की संवेदनहीनता से प्रभावित हो रहे हैं पूर्व सैनिकों के पुनर्वास कार्य : अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग में स्वीकृत 19 सहायक सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारियों में से 18 पद तथा 84 कल्याण कार्यकर्ता के स्वीकृत पदों में से 51 पद रिक्त हैं। जिन पर नियुक्ति सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की जाती है, जिन्हें सेना के अभिलेख कार्यालय, नियम कानून, कल्याण एवं पुनर्वास की जानकारी होती है। उक्त गंभीर विषय का संज्ञान लेते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर पूर्व सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग में रिक्त सहायक सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी (सहायक अधिकारी) तथा कल्याण कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती किए जाने की मांग की।

# विजिलेंस की टीम ने कलेक्ट्रेट में घूस लेते महिला कर्मचारी को पकड़ा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के जिलाधिकारी कार्यालय (कलेक्ट्रेट) की महिला कर्मचारी 12 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार हुई है। उसकी तैनाती पेंशन अनुभाग में है। उसने पेंशन वेरिफिकेशन के लिए रुपए मांगे थे। शनिवार को विजिलेंस की टीम ने उसे रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। ,

महिला कर्मचारी का नाम चंद्रमाला पटेल है। उसने महिला से पेंशन के वेरिफिकेशन के लिए रिश्वत मांगी थी। इस पर पीड़िता ने उसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से शिकायत की थी। इसके बाद विजिलेंस की टीम ने ट्रैकिंग करके उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, पेंशन वेरिफिकेशन कराने आई महिला से चंद्रमाला पटेल ने रुपयों की मांग की थी। वह हर लिखित फीस को देने के लिए तैयार थी, लेकिन घूस देने के लिए मना कर दिया था। इस पर चंद्रमाला ने कहा था कि रुपए के बिना काम नहीं होगा। चंद्रमाला पटेल की तैनाती पेंशन अनुभाग की हेल्प डेस्क पर है। उसके पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गोमती नगर, महानगर, इंदिरानगर, अशोक मार्ग, खदरा, बुद्धेश्वर, अलीगंज, चारबाग, हुसैनगंज, जवाहर भवन, बेहटा, सबौली, इस्माइलगंज, जेल रोड, सआदतगंज, अर्जुनगंज, एलडीए कॉलोनी, इंजीनियरिंग कॉलेज, एपी सेन रोड, उतरेठिया की जिम्मेदारी है।

## अहमामऊ से अटल बिहारी वाजपेयी चौक तक निकली तिरंगा यात्रा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के अहमामऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड संख्या-1 के आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी चौक तक पहुंची। यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम् और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगे। अमर सिंह और गिरिजा शरण सिंह ने इस यात्रा का आयोजन किया। इलाके के युवाओं और समाजसेवियों की भागीदारी से यह आयोजन सफल रहा। यात्रा में पूर्व सचिव युवा मोर्चा नवनीत तिवारी प्रिंस, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ध्रुव सिंह और जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति समेत कई नेता मौजूद रहे।

# आंधी-तूफान प्रभावित बिजली आपूर्ति को जल्द करें दुरुस्त

**ऊर्जा मंत्री ने शक्ति भवन में आपूर्ति को लेकर कार्यों की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने डिस्कॉम के एमडी, डायरेक्टर टेक्निकल को निर्देशित किया है कि आंधी-तूफान, बारिश एवं पेड़ों के गिरने से जहाँ पर अभी भी विद्युत आपूर्ति दुरुस्त नहीं हुई वहाँ युद्धस्तर पर लगकर कार्य कराए और तत्काल विद्युत् व्यवस्था को सुधार कर आपूर्ति बहाल करें। कांटिजेंसी प्लान बनाकर विद्युत आपूर्ति के व्यवधानों को दूर करें।

डिस्कॉम के एमडी और डायरेक्टर टेक्निकल विद्युत् प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय भ्रमण कर विद्युत व्यवधानों को



दूर कराए। चाहे जैसी परिस्थिति बने उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत विद्युत् व्यवधान स्वीकार्य नहीं। विद्युत व्यवधानों और शिकायतों को अतिशीघ्र दूर करने के लिए सभी डिस्कॉम, जोन और जिले स्तर पर 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम स्थापित कराए जाए।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शुक्रवार को देर रात शक्ति भवन में विद्युत आपूर्ति एवं व्यवधानों को लेकर कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। प्रदेश सरकार की श्उपभोक्ता देवो भवःश् की मंशा के विपरीत कार्य करने वाले विद्युत् कार्मिकों की मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश सरकार विगत तीन वर्षों से उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार विद्युत् व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य किया अब प्रदेश में अनवरत विद्युत् आपूर्ति के लिए उत्पन्न किए जा रहे व्यवधानों में किसी भी कहानी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभी भी शिकायतें आ रही हैं कि झांसी, जालौन, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, महोबा, मऊरानीपुर, कौशाम्बी, सीतापुर, हरदोई, खीरी, मेरठ, नोएडा, गौतमबुद्धनगर, कुशीनगर जिले के कुछ क्षेत्रों में अभी तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई है। बुंदेलखंड के ग्रामीण क्षेत्रों तथा अन्य जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत् कटौती और बार बार ट्रिपिंग होने की शिकायतें आ रही हैं।

# बिजली कर्मियों ने पॉवर कारपोरेशन के तानाशाहीपूर्ण असंवैधानिक आदेश की प्रदेश भर में जलाईं प्रतियां

समृद्धि न्यूज

**निजीकरण के घोटाले को अंजाम देने के लिए निधि नारंग का बढ़ाया गया कार्यकाल**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आज प्रदेश के समस्त जनपदों, परियोजनाओं और राजधानी लखनऊ में पॉवर कारपोरेशन द्वारा जारी किये गये तानाशाहीपूर्ण असंवैधानिक आदेश की प्रतियां जलाईं गयी।

संघर्ष समिति ने ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बनाकर हड़ताल थोपने के हालात बनाने के आरोप में पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ.आशीष गोयल को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। निजीकरण के घोटाले को अंजाम देने के लिए पॉवर कारपोरेशन ने निदेशक वित्त निधि नारंग का कार्यकाल दूसरी बार तीन माह के लिए बढ़ाया है। समिति ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण करने हेतु इतने उतावले हो गये हैं कि उन्होंने संविधान के आर्टिकल 311(2) का उल्लंघन कर बिजली कर्मचारियों की बर्खास्तगी का अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक आदेश जारी कर उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये फैसलों का भी अपमान किया है। संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि वे डॉ आशीष गोयल की अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक और तानाशाहीपूर्ण गतिविधियों को देखते हुए उन्हें तत्काल पद से बर्खास्त करें। संघर्ष समिति ने कहा कि निदेशक वित्त, निधि नारंग का कार्यकाल दूसरी बार 03 माह के लिए बढ़ाने से संघर्ष समिति के इस आरोप की पुष्टि हो गयी है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु अवैध ढंग से नियुक्त किये गये ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को झूठा शपथ पत्र देने और अमेरिका में पेनाल्टी लगने के मामले में उसकी नियुक्ति रद्द करने के बजाये निधि नारंग ग्रान्ट थॉर्टन को क्लीन चिट देने वाले हैं।

## जून में शुरू हो सकता है इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण कार्य इस माह के अंत तक या फिर अगले माह से शुरू हो सकता है। निर्माण कार्य के लिए चयनित निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने पूरी तैयारी कर ली है। जिस भूमि पर निर्माण होना है उसका जियो-टेक्निकल सर्वे लगभग पूर्ण हो चुका है और कंपनी आने वाले दो-तीन दिनों में अपना बिल्डिंग प्लान सबमिट कर देगी। इस बीच भूमि को समतल करने का कार्य जारी है और सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर हैं। साफ-सफाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। सभी अप्रूवल मिलते ही निर्माण कार्य का शुभारंभ हो जाएगा।

# ज्ञानदान पूर्वजों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है : उमानन्द शर्मा

समृद्धि न्यूज

**ज्ञान यज्ञ अभियान का 439वां युगऋषि वाङ्मय की स्थापना सम्पन्न**

**लखनऊ।** विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उप्र के पैरामेडिकल विज्ञान संकाय के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 439वां ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम केजीएमयू के कलाम सेंटर में सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री डॉ. नीलम गुप्ता ने अपने दिवंगत सास-ससुर स्व. विद्या देवी गुप्ता एवं स्व.राम औतार गुप्ता की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, चिकित्सकों एवं उपस्थित अधिकारियों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की। वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है। स्थापना कार्यक्रम में गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, वीके श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, डॉ.पीडी सारस्वत, डॉ. नीलम गुप्ता सहित संस्थान की प्रो वाइस चान्सलर प्रो. अपजीत कौर, पैरामेडिकल साइंस के डीन प्रो.अनिल निश्चल सहित चिकित्सक एवं पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मधुमेह से पीड़ित मरीजों के लिए थायराइड पर नियंत्रण बेहद जरूरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत में, हर 10 में से 1 व्यक्ति को थायरॉइड की समस्या होती है, और हर 11 में से 1 व्यक्ति को डायबिटीज है। लेकिन बहुत कम लोगों को यह पता है कि ये दोनों बीमारियां आपस में जुड़ी हुई हैं। दरअसल, टाइप 2 डायबिटीज़ वाले हर 4 में से 1 व्यक्ति को हाइपोथायरॉइडिज्म भी होता है, जिसमें थायरॉइड ग्रंथि ठीक से काम नहीं करती। यह संयोग नहीं है, क्योंकि दोनों बीमारियां शरीर के ऊर्जा उपयोग को प्रभावित करती हैं।

डॉ. रोहिता शेट्टी, मेडिकल अफेयर्स हेड, एबॅट इंडिया, ने कहा, डायबिटीज से पीड़ित लोगों को आमतौर पर अपने ब्लड शुगर लेवल की जानकारी होती है और उन्हें पता होता है कि इसे कैसे नियंत्रित करना है। लेकिन थायरॉइड की समस्याओं के कई लक्षणों पर ध्यान नहीं जाता, जो ब्लड शुगर को प्रभावित कर सकते हैं। थायरॉइड और ब्लड शुगर का आपस में गहरा संबंध है। इसलिए थायरॉइड की नियमित जांच करवाना जरूरी है। डॉ साकिब अहमद खान, एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, चंदन हॉस्पिटल, लखनऊ, ने कहा, थायरॉइड की समस्याओं को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है और बहुत से लोगों को पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह समस्या है। डायबिटीज से ग्रस्त कई लोगों को थायरॉइड की समस्या हो सकती है, लेकिन इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। ये लक्षण थकान, भूलने की बीमारी, नींद में परेशानी, वजन बढ़ना, कब्ज, सूखी त्वचा, ठंड बर्दाश्त न होना, मांसपेशियों में ऐंठन या आंखों में सूजन हो सकते हैं।

## डिवीजनल क्रिकेट लीग टी-20 टूर्नामेंट में लखनऊ सुपर किंग्स की शानदार जीत

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल क्रीड़ा संघ द्वारा ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में आयोजित अंतर-विभागीय डिवीजनल क्रिकेट लीग टी-20 टूर्नामेंट 2025 में आज लखनऊ सुपर किंग्स और लखनऊ इण्डियंस के बीच एक रोमांचक और जोशपूर्ण मुकाबला खेला गया। लखनऊ सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर शानदार 185 रन का स्कोर खड़ा किया। अमित सिंह 38 रन, अब्बास 34 रन, सुनील 32 रन और अष्टभुजा 27 रन की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लखनऊ इण्डियंस की ओर से गेंदबाजी में अमित बिश्नोई ने 2 विकेट झटके, जबकि पवन, सर्वेश और अंकित सचान ने 1-1 विकेट हासिल किया।

**प्रयास**


#### आठ वर्षों में 75 हजार से अधिक अपराधियों को साक्ष्य के आधार पर सलाखों के पीछे धकेला

# योगी सरकार की विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं अपराधियों को दिला रहीं सजा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पिछले आठ वर्षों में योगी सरकार ने 75 हजार से अधिक अपराधियों को साक्ष्यों के आधार पर कठोर सजा दिलायी है। वर्ष 2017 से पहले साक्ष्य के अभाव में दुर्दांत अपराधी और माफिया बरी हो जाते थे, अब अत्याधुनिक विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं से अभियोजन पक्ष को मजबूत आधार मिल रहा है, जिससे अपराधियों को सजा दिलाने में उल्लेखनीय सफलता मिल रही है।

राज्य सरकार के पवक्ता ने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले केवल चार विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं (लखनऊ, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद) थीं, जिससे सीमित जिलों



को ही वैज्ञानिक परीक्षण की सुविधा मिल पाती थी। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस दिशा में तेजी से काम हुआ है। बीते आठ वर्षों में आठ नए जिले झांसी, कन्नौज, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली, गोंडा, अलीगढ़ व मुरादाबाद में प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं, जिससे अब इनकी संख्या 12 हो गई है। इसके अलावा अयोध्या, बरेली, बांदा, आजमगढ़, मीरजापुर और सहारनपुर में 6 नई प्रयोगशालाओं की स्थापना दिशा में युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है, जो जल्द ही शुरू हो जाएंगी। वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में प्रयोगशालाओं द्वारा अधिक मामलों का निस्तारण किया गया, जिससे अभियोजन पक्ष को अपराधियों को सजा दिलाने में मजबूती मिली। योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कई नये कीर्तिमान भी स्थापित किये हैं। इसके जरिये प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। नेशनल आटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एनएएफआईएस) के तहत अंगुली छाप डाटाबेस को राज्य स्तर पर हाईस्पीड सर्वर से जोड़ा गया है।

योगी सरकार में स्थापित की गई नयी प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिकों द्वारा लगातार रिसर्च और परीक्षण किए जा रहे हैं, जिससे न्याय प्रणाली को त्वरित और तथ्यपरक निर्णय लेने में मदद मिल रही है। इसमें हत्या, बलात्कार, चोरी, साइबर क्राइम जैसे मामलों में वैज्ञानिक साक्ष्य अभियोजन के लिए निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

### अंगुली छाप इनरोलमेंट में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर

दिल्ली एनसीआरबी के अनुसार अंगुली छाप इनरोलमेंट में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। अब तक 4,14,473 अंगुली छापों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि किस प्रकार प्रदेश ने अपराधियों के खिलाफ सबूत जुटाने और उनके डिजिटल रिकॉर्ड को एकत्र करने में तकनीकी दक्षता हासिल की है। इससे अभियानों में तेज़ी और अपराध नियंत्रण में स्पष्ट सफलता मिली है। एनएएफआईएस के संचालन के लिए सरकार ने केंद्र से समन्वय स्थापित कर एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया है। प्रदेश स्तर पर स्थापित सर्वर के ज़रिए सभी जिलों से वास्तविक समय में अंगुली छापों का विश्लेषण संभव हो रहा है। इसके लिए अधिकारियों व तकनीकी स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। वहीं, बॉयोलॉजिकल नमूनों के विश्लेषण के लिए नई तकनीकों को अपनाया गया है, जिनमें बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए-2023 के मानकों के अनुसार अनुसंधान किया जा रहा है। इससे साक्ष्य की वैधता और विश्वसनीयता में वृद्धि हुई है।

# गुणवत्ता के साथ करें जन समस्याओं का निस्तारण

## डीएम व एसपी ने रानीपुर व हुजूरपुर में थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं, अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज






**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों में जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा थाना रानीपुर व हुजूरपुर पहुंचकर कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि बेनामी ज़मीन, चकमार्ग की पटाई, पैमाईश कराने, आबादी की ज़मीन में निर्माण सम्बन्धी विवाद, रास्ते तथा भूमि से सम्बन्धित अन्य प्रकार के विवादों से सम्बन्धित प्रार्थना-पत्रों में राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाकर तत्काल कार्यवाही करें। डीएम ने अपने अंश से अधिक भूमि का बैनामा करने सम्बन्धी शिकायत पर सुनवाई करते हुए अपने अंश से अधिक भूमि का बैनामा किये जाने के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही करने तथा पीड़ित पक्ष को पैसा वापस दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने तहसीलदार व लेखपालों को निर्देश दिया कि गांवों में जाकर अंश निर्धारण से सम्बन्णित प्रकरणों का निस्तारण करायें।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए लोगों के बीच मौके पर जाकर उनके तथ्यों को सुनकर न्यायोचित कार्यवाही करें इससे सम्बन्धित लोग पूरी तरह से संतुष्ट होंगे। डीएम ने निर्देश दिया कि रास्ते के विवाद में 133 सीआरपीसी में दर्ज कर त्वरित निस्तारण किया जाय। डीएम ने पुलिस व राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न न्यायालयों प्रचलित वादों से सम्बन्धित मामलों में किसी प्रकार का निर्माण न होने पाये, प्रत्येक दशा में यथास्थिति को बहाल रखा जाए। डीएम ने सरकारी ज़मीन से सम्बन्धित एक प्रकरण में तहसीलदार की कोर्ट में लम्बित मुकदमें को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिये। थाना रानीपुर में निर्मित तालाब की सराहना करते हुए डीएम ने बेहतर संरक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि भूमि की उपलब्धता के अनुसार अन्य थानों पर भी तालाब बनवाया जाय।

## बेलसर मार्ग पर गायत्री मेमोरियल हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जिले बेलसर मार्ग पर स्थित तिवारी बाजार मे गायत्री मेमोरियल हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुँचे जिले के वरिष्ठ सर्जन डॉ राजेश कुमार पाण्डेय ने फीता काटकर अस्पताल का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुशील और डॉ नूपुर की उपस्थिति रही ।

हॉस्पिटल के मुख्य संचालक डॉ मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र की जनता को अच्छा और सस्ता इलाज उपलब्ध कराना है इस हॉस्पिटल मे इमरजेंसी, ओपीडी, मेडिकल स्टोर, जाँच, मरीज भर्ती और अत्याधुनिक तकनीकी से सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर डॉ सुशील कुमार डॉ रवि त्रिपाठी डॉ डीपी सिंह डॉ अनिल तिवारी डॉ पंकज मिश्रा भैरव पांडे अभिषेक पांडे गिरीश तिवारी आशीष पाठक सुनील दुबे सहित सैकड़ों की संख्या मे लोगों ने बधाई दी है ।

## खबरें एक नजर में

### मदरसे में सप्ताह के दिन नहीं लिख पाया कक्षा सात का छात्र



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के महसी क्षेत्र में स्थित अशरफिया हस्मतुरर्जा मदरसे में शिक्षा की गुणवत्ता की जांच के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने कक्षा 7 के एक छात्रा से सप्ताह के दिनों के नाम लिखने को कहा छात्र के लिख न पाने पर उन्होंने मौजूद शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। शिक्षक ने स्थिति में सुधार का आश्वासन दिया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने शिक्षक को फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा पर्याप्त वेतन दिए जाने के बावजूद बच्चों को उचित शिक्षा नहीं दी जा रही है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया जिसमें अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिक्षक से नाराजगी जताते हुए दिख रहे हैं। मदरसों में शिक्षा की गुणवत्ता की जांच के लिए किए गए इस निरीक्षण से शिक्षा व्यवस्था की कमियां सामने आई है। डीएमओ ने शिक्षक से शिक्षा के स्तर में सुधार लाने का निर्देश दिया है।

तालाब पर हाथ धोते समय तेंदुए ने किया हमला

### किसानों की मदद से बची युवक की जान



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर में युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। घटना कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज के सेमरहना ग्राम पंचायत के पास हुई। 22 वर्षीय राजकुमार मौर्य शनिवार सुबह अपने पिता नकछेद मौर्य के साथ खेत में सब्जी तोड़ने गए थे। नकछेद सब्जी लेकर नैनिहा मंडी चले गए। राजकुमार खेत के पास स्थित तालाब पर हाथ पैर धोने लगे। इसी दौरान जंगल से निकले तेंदुए ने पीछे से उन पर हमला कर दिया। राजकुमार ने तेंदुए से संघर्ष करते हुए शोर मचाया। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने हल्ला सुनकर मदद के लिए दौड़ लगाई। किसानों को आता देख तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर मोतीपुर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेंद्र कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल राजकुमार को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर ले जाया गया। वन विभाग ने घायल युवक को 2 हजार की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की।

### भारत-नेपाल सीमा पर मिला विक्षिप्त युवक

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के सुजौली थाना क्षेत्र में भारत नेपाल सीमा से लगे जंगलों से एक विक्षिप्त युवक को पकड़ा गया है। एसएसबी की 70वीं वाहिनी के जवानों को गश्त के दौरान 2 दिन पहले यह युवक जंगल में घूमता हुआ मिला। जवानों ने युवक से पूछताछ की लेकिन वह अपना नाम और पता नहीं बता पाया। इसके बाद एसएसबी ने उसे सुजौली पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने भी युवक से जानकारी जुटाने का प्रयास किया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के अनुसार पूछताछ में युवक से कोई संदिग्ध जानकारी सामने नहीं आई है। युवक के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वर्तमान में उसका इलाज चल रहा है।

### सूरतगंज के 63 स्कूलों में समर कैंप संचालित, बच्चे ले रहे रुचि

**बेलहरा, बाराबंकी।** सूरतगंज ब्लाक के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में 21 मई से समर कैंप संचालित किया जा रहा है। ब्लॉक के कुल 63 विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन हो रहा है। जिसका संचालन शिक्षामित्र और अनुदेशकों के द्वारा किया जा रहा है। शिक्षक एमआई नादिम ने बताया कि समर कैंप में शिक्षणेत्तर गतिविधियों के साथ-साथ कौशल विकास, योग, वैज्ञानिक प्रयोग,तकनीकी जानकारी, आईसीटी, पर्यावरण आदि की जानकारी दी जा रही है। बच्चों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन के अंतर्गत चिक्की, बिस्कुट, पीनट, गुड़ चना आदि भी दिया जा रहा है। मानीटरिंग टीम के प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को हमारी टीम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सूरतगंज, जुरौडा, महादेवा, बैरनामऊ आदि स्कूलों का भ्रमण किया तथा बच्चों से बातचीत की। जिसमें बच्चे बहुत रुचि लेकर प्रतिभाग करते हुए मिले। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार के द्वारा प्रतिदिन दो केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा उनके द्वारा बच्चों को व शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है।

### आंधी दौरान उखड़े पेड़ ने दो मकानों को किया क्षतिग्रस्त

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** दो दिन पूर्व आई तेज आंधी में मकरंदपुरा गांव में एक पेड़ उखड़कर मकान पर गिरा। मकान पर पेड़ के गिरने से दो मकान क्षतिग्रस्त हुए। गृहस्वामियों ने आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग एसडीएम से की है। दो दिन पूर्व आई आंधी से क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ था। आंधी में तहसील क्षेत्र के ग्राम मक्रन्दपुरा में पेड़ उखड़कर गिर गए थे।

# सीओ ने वितरित की ग्राम प्रहरियों को साईकिल



समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** थाना मूर्तिहा व मोतीपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई की गई और कोतवाली मूर्तिहा प्रांगण में क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा द्वारा ग्राम प्रहरियों को साइकिलें वितरित की गईं।

जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में थाना

**थाना समाधान दिवस पर की जनसुनवाई**

कोतवाली मूर्तिहा व थाना मोतीपुर परिसर में क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हर्षिता तिवारी की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन राजस्व विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा किया गया ।

इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच के लिए विधिक निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हर्षिता तिवारी द्वारा थाना मूर्तिहा प्रांगण में 07 ग्राम प्रहरियों को साइकिल वितरित किया। जिसका उद्देश्य ग्राम प्रहरियों की ड्यूटी को और अधिक सक्रिय, सुगम एवं प्रभावशाली बनाना है। कार्यक्रम में थाना स्तर के अधिकारीगण, राजस्व कर्मी, सम्मानित ग्राम प्रहरिगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## उस्मानिया इस्लामिक स्कूल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**कैसरगंज बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उस्मानिया इस्लामिक स्कूल में मेधावी छात्र समरोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक हाजी रईस अहमद ने किया एवं संचालन डॉक्टर अरशद रईस ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैसरगंज के विधायक आनन्द कुमार यादव शामिल हुए। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया एवं उनका उत्साह वर्तन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अरशद रईस ने कहा कि सभी मेधावी छात्रों को अभिभावकों को बधाई देते हैं और इनको सलाह देते है कि पढ़ाई में और मेहनत करें और कठिन परिश्रम से सफलता की हासिल करे। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि आनन्द यादव ने कहा कि हम समस्त सफल छात्रों को बधाई देते हैं कि अपने जीवन में आगे बढ़े हम इस अवसर पर संस्थापक हाजी रईस अहमद जी के आभारी हैं हमें यहां पर उपस्थित होने और आप सब से बात चीत करने का अवसर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रईस अहमद डॉक्टर असद रईस अबसार अहमद मौलाना सलाउद्दीन मौलाना अल्ताफ अहमद मौलाना ज़ाकिर अरुण यादव रोशनी बेगम ,कैसरुन बेगम, मारिया खातून हेमन्त वर्मा व समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर बहराइच का खराब प्रदर्शन, डीएम सख्त

समृद्धि न्यूज़

**बहराइच।** जिले में दर्पण पोर्टल के सीएम डैश बोर्ड पर विभागों की खराब रैंकिंग को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त रूख अपनाया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अप्रैल माह की समीक्षा में पाया कि विद्युत, बेसिक शिक्षा, ओडीओपी और पंचायती राज विभाग की खराब रैंकिंग से जिले का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।

**दैनिक बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी**

विद्युत विभाग को ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में दैनिक बिजली आपूर्ति में डी श्रेणी मिली है। खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों में ई श्रेणी मिली है। इस पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता को जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ परिनिंदा जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

**उद्योग केंद्र को कारण बताओं नोटिस जारी**




बेसिक शिक्षा विभाग को मध्यान्ह भोजन और विद्यार्थियों की उपस्थिति योजना में ई श्रेणी मिली है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी जिम्मेदार कर्मियों के विरुद्ध परिनिंदा जारी करने को कहा गया है। ओडीओपी वित्तपोषण योजना में ई श्रेणी और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में बी श्रेणी मिलने पर उपायुक्त, उद्योग केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी विभागों को अपनी रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पंचायत सचिवालय के निरीक्षण में डीपीआरओ को मिली खामियां

**जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया दो पंचायत भवन का निरीक्षण**

समृद्धि न्यूज






**बहराइच।** विकास खण्ड बलहा के ग्राम पंचायत गिरधरपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम मे अनुसार पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी (पं0) बलहा राजेश कुमार चौधरी, सचिव ग्राम पंचायत प्रभात कुमार, पंचायत सहायक संगीता यादव व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पंचायत सहायक से उनसे कार्यों के बारे में पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि कम्प्यूटर प्रधान के घर पर था, अभी अभी आया है एवं पंचायत सहायक अपने कार्यों के बारे में यथोचित जबाब नहीं दे सकीं।पंचायत भवन में गंदगी मिलने पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी को कठोर चेतावनी देते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, सचिव ग्राम पंचायत प्रभात कुमार द्वारा बताया गया कि उन्हें 02 कलस्टर आवंटित है, जिस कारण वह प्रतिदिन पंचायत भवन में उपस्थित नहीं हो पाते है, जिस पर सचिव ग्राम पंचायत को निर्देशित किया गया कि वह अपने आवंटित कलस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य सम्पादित करें।तदोपरांत पंचायत भवन किशुनपुर माफी, विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम पंचायत किशुनपुर माफी का निरीक्षण जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय पंचायत भवन खुला पाया गया। पंचायत सहायक रूपा देवी उपस्थित थीं, किन्तु पंचायत भवन में पर्याप्त सफाई नहीं पायी गयी। पंचायत भवन में कम्प्यूटर व सहवर्ती उपकरण नहीं पाया गया। विद्युत कनेक्शन नहीं है। पंचायत भवन में बाउण्ड्री वाल का निर्माण नहीं है। पंचायत भवन का शौचालय निष्प्रयोज्य पाया गया। सचिव के कक्ष में मोटी धूल जमी है। पंचायत भवन के सचिव का नाम गलत अंकित है। निरीक्षण के दौरान सचिव ग्राम पंचायत से दूरभाष पर सम्पर्क कर निर्देशित किया गया कि वह 15 दिवस के भीतर पंचायत भवन की समस्त कमियों को दूर करायें तथा निर्धारित रोस्टर के अनुसार पंचायत भवन पर उपस्थित रहें। सहायक विकास अधिकारी (पं0) चित्तौरा को निर्देशित किया गया कि वह एक सप्ताह बाद पंचायत भवन किशुनपुर माफी का निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति से अवगत करायेंगे, तदोरान्त मेरे द्वारा पुनः 15 दिवस बाद इस पंचायत भवन का निरीक्षण किया जायेगा, जिसमें कमियां पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल कार्यवाही संज्ञान में लाया जायेगा,जिसके लिए वे सभी कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# रानी अहिल्याबाई के जीवन पर लगाई गई प्रदर्शनी भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** लोक माता रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन दर्शन एवं भारतीय संस्कृति के प्रति उनके योगदान पर प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसका जिलाध्यक्ष ने फीता काट कर शुभारंभ किया। जिले के भाजपा कार्यालय पर शनिवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन दर्शन एवं भारतीय संस्कृति के प्रति उनके योगदान पर प्रदर्शनी आयोजित किया गया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की सह संयोजिका व महिला मोर्चा के जिला संयोजिका रंजीता श्रीवास्तव सोनी ने जिलाध्यक्ष को चंदन अक्षत का तिलक लगाया। व उपस्थित महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष के साथ सभी जिला पदाधिकारी ने व कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी आम जनमानस के अवलोकन हेतु 31 मई तक लगी रहेगी। इसी क्रम में आज श्लोक माता रानी अहिल्याबाई होल्कर जी द्वारा किए गए घाट एवं मंदिर जिर्णोद्धार के अतुलनीय बलिदान को देखते हुए जनपद के नदी के घाटों की आज साफ सफाई किया गया व पूजन अर्चन व आरती का कार्यक्रम किया गया। झींगहा घाट नदी पर मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह के मार्गदर्शन में महंत बीरभद्र दास के द्वारा पूजन अर्चन व आरती किया गया। तथा गोलवा घाट नदी पर नगर मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा व कार्यक्रम संयोजक राजीव सिंह तथा महंत ओमप्रकाश द्वारा पूजन अर्चन व आरती किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, नि वर्तमान जिला अध्यक्ष श्याम करण टेकडीवाल, राज किशोर, भूपेंद्र, अशोक जायसवाल, जिला कार्यक्रम संयोजक और जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी व सहसंयोजक हेमा निगम, सोनी श्रीवास्तव, संजय राव, अमित वर्मा, नवोदय का प्रदर्शनी कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह, दीपक सत्या, उमा शंकर तिवारी, राहुल राय, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनीष आर्य, डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार मिश्रा, जिला मंत्री डॉ डिंपल जैन, सुनील श्रीवास्तव, महिला मोर्चा महामंत्री उर्मिला शुक्ला, अनीता जायसवाल, एकता जायसवाल, डॉ अभिलाषा वर्मा सहित कार्यक्रम में सैकड़े कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

**सुविधा** | पीएमएसएमए से मिल रही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा, हाई रिस्क गर्भवती सुरक्षित प्रसव की ओर

# विशेष देखभाल व निगरानी से संवर रहा है मातृत्व स्वास्थ्य

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** आपका हीमोग्लोबिन बहुत कम है और शुगर भी बढ़ा है। ये गर्भावस्था के लिए ख़तरे का संकेत है। जरवल सीएचसी पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के आयोजन में पहुंची 24 वर्षीय रीना की जांच करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विप्रा पांडेय ने यह जानकारी दी।

उन्होंने रीना को उच्च जोखिम गर्भवती के रूप में चिन्हित किया, ताकि उनका निरंतर चिकित्सीय देखभाल शुरू हो सके और वह सुरक्षित मातृत्व का सुख पा सकें। डॉक्टर ने रीना और उनकी सास को नियमित जांच और संतुलित पोषण से सुधार संभव बताया। साथ ही भ्रूण की स्थिति के लिए पीएमएसएमए से जुड़े केंद्रों पर निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा की जानकारी दी।यह ÷प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान÷ के तहत जनपद में हो रहे स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक बदलाव का महज एक उदाहरण है। इस अभियान की बदौलत रीना जैसी हजारों गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ डॉक्टरों से समय पर जांच और परामर्श मिल रहा है।

अब डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी गर्भावस्था की जटिलताओं की पहले ही पहचान कर ले रहे हैं, जिससे मां और गर्भस्थ शिशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। ऐसी ही एक महिला हैं जरवल, परसा निवासी 22 वर्षीय पूजा देवी, उनका पहला गर्भ था। गंभीर एनीमिया की पहचान पर आशा कार्यकर्ता नजमा उन्हें पीएमएसएमए दिवस पर सीएचसी लेकर गईं, जहां आयरन सुकरोज चढ़ाया गया।

बाद में जिला अस्पताल में 8 अगस्त 2024 को ऑपरेशन से उनकी बेटी का जन्म हुआ। पूजा कहती हैं, ÷आशा दीदी और डॉक्टरों की मदद से हम दोनों स्वस्थ हैं।÷ एचएमआईएस आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में बहराइच जिले में कुल 48,676 गर्भवती की प्रसवपूर्व जांच की गई। इनमें से 41,665 गर्भवती को एमबीबीएस चिकित्सकों द्वारा देखा गया, जिनमें 10,799 महिलाओं में उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान की गई। इन मामलों में गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, गर्भकालीन मधुमेह, एचआईवी, आरएच नेगेटिव ब्लड ग्रुप, जुड़वां गर्भावस्था जैसी जटिलताएं पाई गईं। गंभीर एनीमिया के सबसे अधिक 4,911 मामले दर्ज हुए, जबकि उच्च रक्तचाप के 2,236 मामले सामने आए। इन उच्च जोखिम मामलों की पहचान के बाद जिले की स्वास्थ्य प्रणाली ने तुरंत कार्रवाई की। 10,133 महिलाओं का प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रबंधन किया गया, जिसमें नियमित जांच, दवाएं, परामर्श और पोषण संबंधी सहयोग शामिल था। वहीं, 263 गंभीर मामलों को जिला अस्पताल में रेफर कर विशेषज्ञ देखभाल सुनिश्चित की गई। इसी दौरान 29,532 गर्भवती महिलाओं को मुफ्त अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा दी गई, जिससे गर्भस्थ शिशु की स्थिति का सटीक आकलन संभव हो सका।सीएमओ डॉ. संजय शर्मा बताते हैं कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरुआत जुलाई 2016 में हुई थी, ताकि हर गर्भवती को विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल मिल सके। खासकर उन्हें जो निजी अस्पतालों की महंगी जांच नहीं करवा सकतीं। इसके तहत हर माह 1, 9, 16 और 24 तारीख को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श, और अल्ट्रासाउंड जैसी सेवाएं दी जाती हैं।

## भारत की ओर आशा भरी निगाहें

बलूचिस्तान के एक बड़े नेता ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर मुक्त बलूचिस्तान आंदोलन के लिए भारत का समर्थन मांगा है। साथ ही पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि रद्द करने के लिए पीएम मोदी की सराहना भी की है। पीएम मोदी से समर्थन मांगे जाने की जानकारी होने पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मियां शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ असीम मुनीर के आंखों की नींद हराम हो गई है। पाकिस्तान ने बलोचिस्तान में फौज की सक्रियता बढ़ा दी है और बलोचिओ पर नजर रख रही है। बलूच अमेरिकी कांग्रेस के अध्यक्ष और बलूचिस्तान सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री तारा चंद बलूच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर भारत से इस आंदोलन के प्रति समर्थन मांगा है। इससे पाकिस्तान घबरा गया है। बलूच नेता ने पीएम मोदी को लिखा है कि पाकिस्तान के प्रभुत्व के खिलाफ बलूच लोगों के राष्ट्रीय प्रतिरोध के लिए भारत के नैतिक, राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन की जरूरत है। सनद रहे यह अपील बलूच अमेरिकी कांग्रेस की ओर से भेजे गए दो औपचारिक पत्रों के माध्यम से की गई, जो सीधे दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय को संबोधित करते हुए भेजी गई है। अपने पत्र में ताराचंद बलोच ने लिखा है कि बलूचिस्तान मुद्दे पर भारतीय नेतृत्व के पहले ध्यान देने के लिए प्रशंसा व्यक्त की, विशेष रूप से लाल किले के भाषण के दौरान पीएम मोदी की टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए, जिसे वे नैतिक समर्थन के प्रदर्शन के रूप में देखते हैं। जिसने वैश्विक स्तर पर उत्पीड़ित बलूच आबादी के बीच आशा को प्रेरित किया। डॉ. चंद ने कहा है कि आपके लाल किले के संबोधन में बलूचिस्तान का उल्लेख दुनिया भर के बलूच लोगों द्वारा एक ऐसे राष्ट्र के लिए नैतिक समर्थन के संकेत के रूप में स्वीकार किया गया, जिस पर पाकिस्तान ने कब्जा कर कर रखा है और क्रूरता के साथ बलूचिस्तान के लोगों के साथ पेश आता है, जिसकी वजह से बलोच काफी दुखी हैं। एक जिहादी सोच की सरकार और सेना ही मेरे हजारों देशवासियों के लापता होने, यातना, मौतों और विस्थापन के लिए जिम्मेदार है। पाकिस्तान द्वारा की जा रही ऐसी कार्रवाइयां बलूच राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन को दबाने के एक बड़े अभियान का हिस्सा हैं, जो कई दशकों से चल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि बलूचिस्तान में एक औपनिवेशिक ताकत के रूप में चीन की भागीदारी एक अतिरिक्त भू-राजनीतिक खतरा पेश करती है। दुख की बात है कि बलूच राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय समर्थन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि भारतीय मीडिया के अलावा बाहरी मीडिया में पाकिस्तान के कब्जे वाले बलूचिस्तान में पाक द्वारा किए गए अत्याचारों को बहुत कम मान्यता मिली है। उन्होंने भारत से इस स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने में वैश्विक मंच पर अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के प्रधानमंत्री मोदी के फैसले की सराहना की और इसे एक साहसिक कदम बताया जो पाकिस्तान को एक शक्तिशाली संदेश देता है। पत्र में कहा गया है कि मैं सिंधु जल संधि को स्थगित रखने और पाकिस्तान के जिहादी जनरलों को यह स्पष्ट करने के आपके शानदार निर्णय फ़खून और पानी एक साथ नहीं रह सकते। की सराहना करता हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बलूच लोगों को भारत के नेतृत्व से बहुत उम्मीदें हैं और वे भारत सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं।

# पाकिस्तान जल के लिए तरसने की कगार पर

**संजीव ठाकुर**

जल यानी पानी की एक-एक बूंद कितनी महत्वपूर्ण है जिसकी कीमत सबसे ज्यादा ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंधु जल समझौते को निलंबित कर पाकिस्तान जैसे नापाक देश को बहुत अच्छे से समझा दिया है। पाकिस्तान में जल बम बनकर फूटा है वहां 90ः कृषि तथा अन्य कार्य सिंधु के जल पर अवलंबित हैं,जल की एक-एक बूंद को जब पाकिस्तान तरसेगा तब उसे समझ में आएगा कि आतंकवाद से ज्यादा घृणित कोई काम नहीं हो सकता और पानी की अहमियत से ज्यादा जिंदगी में कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं हो सकती। पाकिस्तान जल की एक बूंद के लिए तरस जाएगा तब उसे जल का महत्व समझ में आएगा।

जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। जल की एक-एक बूंद जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगी। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैसपृथ्वी की सतह का लगभग 70ः भाग जल से आच्छादित हैसपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97ः समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है स बहुत कम मात्रा का जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है।

जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है।



**जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फगांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है।**

मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा।

अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है।

यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25ः जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5 प्रतिशत है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1 प्रतिशत से भी कम है। राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1 प्रतिशत से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है। 2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा। अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें। व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।

## सीमित युद्ध से भारत को सीखने होंगे कई सबक

**जगदीश रत्तनानी**

पहलगाम में आतंकवादी हत्याओं की निंदा करने और रक्षा बलों को सलाम करने में सारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा है। इस घटना के कारण पाकिस्तान पर भारत ने पांच दशकों में इतना सघन हमला किया। भारत की इस कार्रवाई के लिए व्यापक समर्थन आतंकवादियों को खोजने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के राष्ट्रीय संकल्प को दर्शाता है। फिर भी, यह संकल्प आत्म-प्रशंसा के शोर के एक प्रतिध्वनि कक्ष में उतरने का जोखिम उठाता है जो राष्ट्र को उस गहन विश्लेषण से रोक सकता है। इस संघर्ष में हालांकि कुछ भारतीय उद्देश्यों को हासिल कर लिया गया लेकिन इस स्तर पर यह तर्क देना मुश्किल है कि ऑपरेशन सिंदूर एक बड़ी सफलता थी।

भले ही ऑपरेशन में सीमित सफलता मिली है लेकिन इससे मिले सबक असीमित हैं। हमारे पास डेटा की एक खदान है जिसमें राजनीतिक ग्राउंड वर्क, राजनयिक जुड़ाव और योजना, रणनीति या परिचालन मुद्दों के विचारों से लेकर उच्च तकनीक वाले सैन्य हार्डवेयर व अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के प्रदर्शन पर समृद्ध युद्ध क्षेत्र डेटा तक शामिल हैं। अगली लड़ाई उन लोगों द्वारा जीती जाएगी जो सैन्य मोर्चे पर इन सीखों पर अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं लेकिन सबसे बड़ा सबक विशेष रूप से राजनीतिक मोर्चे पर होगा जहां युद्ध पर बड़े निर्णय लिए जाते हैं। सीखना हमेशा आसान नहीं होता है। उच्चतम राजनीतिक स्तर पर, यह उस रणनीति को चुनौती देता है जिसने हमें मर्दानगी की बातें और युद्ध के नारे दिए, जिसमें चुनावी रैली भी शामिल है, लेकिन युद्ध के समय अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए आवश्यक कड़ी मेहनत के कम सबूत मिले. साथ ही, विनम्रता, ईमानदारी और जिज्ञासा की भावना के साथ कठिन सवालों को प्रोत्साहित करने की इच्छा भी होनी चाहिए, जिनमें से कोई भी आत्म-प्रशंसा से मदद नहीं करता है जो गहन जांच को बंद कर देता है।

साथ ही अगर हमें इस मुद्दे पर राष्ट्रीय एकता का पूरा लाभ उठाना है तो विपक्ष पर चुनावी शैली के हमलों के बजाय राजनीतिक दलों को अधिक विश्वास-निर्माण करने वाले कदमों के साथ एक साथ लाना होगा। पहलगाम आतंकी हत्याओं के ठीक दो दिन बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में जब लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं सहित सभी राजनीतिक नेता मौजूद थे, उसमें प्रधानमंत्री के शामिल न होने के फैसले से विश्वास बहाली में कोई मदद नहीं मिली। वह गलत निर्णय पुरानी ढर्रे की नीतियों के आधार पर लिया गया था। विभिन्न देशों की राजधानियों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का सरकार का निर्णय अलग है। यह दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत देता है लेकिन कांग्रेस द्वारा नामित नहीं किए गए शशि थरूर के सूची में शामिल होने पर पैदा हुआ विवाद- एक अनावश्यक चुभन- हमें बताता है कि पुरानी आदतें मुश्किल से छूटती हैं। हम उन पाठों पर वापस आ गए जो सीखे नहीं गए हैं। कांग्रेस पहले ही कह चुकी है कि भाजपा गेम खेल रही है। यह एक ऐसे मुद्दे पर कमजोर भरोसे और खराब राजनीतिक संबंधों में उतरता है जो गहरी राजनीतिक एकता की मांग करता है। जानकारियां जिस तरह से अर्थहीन हो गई है उससे कुछ सबक मिलते हैं। आज समझदारी इसी में है कि युद्ध के कोहरे के बीच क्या सही या गलत हुआ, इस बाबत सभी बाहरी दावों और प्रतिदावों को त्याग दिया जाए। समाचार मीडिया एंकरों और स्व-घोषित अति-राष्ट्रवादियों ने कई (ज्यादातर झूठे) दावे कर गड़बड़ कर दी है। सरकार समर्थक मीडिया ने अपने आकाओं की सेवा में काल्पनिक दावों की ऐसी झड़ी लगा दी जिससे सरकार शर्मिंदा हो सकती है और मीडिया ने खुद को बेकार साबित कर दिया है। यह ऐसे दोस्तों का मामला है जो दुश्मनों से भी बदतर काम कर रहे हैं। मीडिया तब सही तरीके से काम करता है जब सभी प्रकार के विचारों को फलने-फूलने की अनुमति दी जाती है। इसका उदाहरण ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजॅन हैं जहां पर ग्राहक समीक्षाओं का समग्र मूल्यांकन कर नकारात्मक और सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रकाशित की जाती है। एकतरफा विचारों से चिह्नित एक पारिस्थितिकी तंत्र सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से उस पक्ष के लिए बुरा है जिसे आगे बढ़ाया जा रहा है। ये प्राथमिक सबक हैं जिन्हें फिर से सीखने की आवश्यकता हो सकती है। युद्ध अंतिम उपाय है। यह भारत कह चुका है।

**विचार**

# मध्य प्रदेश में पर्यटन के चटख रंग

**लोकेन्द्र सिंह**

भारत का हृदय मध्य प्रदेश अपनी नैसर्गिक सुन्दरता, आध्यात्मिक ऊर्जा और समृद्ध विरासत के चलते सदियों से यात्रियों को आकर्षित करता रहा है। आत्मा को सुख देनेवाली प्रकृति, गौरव की अनुभूति करानेवाली धरोहर, रोमांच ब?नेवाला वन्य जीवन और विश्वास जगानेवाला अध्यात्म, इन सबका मेल मध्य प्रदेश को भारत के अन्य राज्यों से अलग पहचान देता है। इस प्रदेश में प्रत्येक श्रेणी के पर्यटकों के लिए कई चुम्बकीय स्थल हैं, जो उन्हें बरबस ही अपनी ओर खींच लेते हैं। यह प्रदेश उस बड़े हृदय के मेजबान की तरह है, जो किसी भी अतिथि को निराश नहीं करता है। वैभव की इस भूमि पर पराक्रम की गाथाएं सुनाते और आसमान का मुख चूमते दुर्ग हैं।

भारत का जिब्राल्टर ग्वालियर का किला, महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का राजमहल, मांडू का जहाज महल, दतिया में सतखंडा महल, रायसेन का दुर्ग, दुर्गावती का मदन महल, जलमग्न रहनेवाला रानी कमलापति का महल और गिन्नौरग? सहित अनेक किले हैं, जो मध्य प्रदेश के स्थापत्य की विविधता का बखान करते हैं। देवों के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। उज्जैन,



जहां योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण पड़े। चित्रकूट, जहां प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लखन सहित वनवास में रहे। ओंकारेश्वर, जहां आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आचार्य गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा ली। मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग- महाकाल और ओंकारेश्वर हैं। इसके साथ ही भगवान शिव ने कैलाश और काशी के बाद अमरकंटक को परिवार सहित रहने के लिए चुना है। एक ओर जहां द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण प्रतिवर्ष मुरैना में आकर ढाई दिन रहते हैं तो वहीं ओरछा में राजा राम का शासन है। महारानी कुंवर गणेश के पीछे-पीछे श्रीराम अयोध्या से ओरछा तक चले आये थे। ओरछा राजाराम के मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है।

मध्य प्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चंबल नदी के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है। मेकल पर्वत पर सदानीरा मां नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्य प्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहां सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्य प्रदेश सफेद बाघ मोहन का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ाने वाले बालक मोगली का भी जन्मस्थान है।

सर विलियम हेनरी स्लीमन ने एन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्स शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के जंगल (पेंच टाइगर रिजर्व) में मोगली का घर था। वाइल्ड लाइफ पर्यटन मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास 'टाइगर स्टेट' के साथ ही द लेपर्ड स्टेट और घड़ियाल स्टेट का दर्जा भी है। बाघ देखने के लिए न केवल देशभर से बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से भी लोग मध्यप्रदेश में आते हैं। भिंड और मुरैना के समीप स्थित

**मध्य प्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चंबल नदी के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है। मेकल पर्वत पर सदानीरा मां नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्य प्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहां सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्य प्रदेश सफेद बाघ मोहन का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल ब?नेवाले बालक मोगली का भी जन्मस्थान है।**

चम्बल सफारी तो घडियाल संरक्षण का बड़ा केंद्र बन गई है। कभी डाकुओं के लिए कुख्यात रहे चंबल के बीहड़ अब डॉल्फिन के लिए प्रसिद्ध हैं। भारत में गंगा के बाद सबसे अधिक डॉल्फिन चंबल सफारी में पाए जाते हैं। जनजातीय संस्कृति से साक्षात्कार करने का अवसर भी मध्य प्रदेश देता है। मंडला, उमरिया, छिंदवाडा, बालाघाट, झाबुआ और अनूपपुर में कई स्थान हैं, जो पर्यटन के तौर पर विकसित किये गए हैं।

कुछ समय के लिए दुनिया की भागम-भाग से दूर प्रकृति की गोद में सुख की अनुभूति करने के लिए तामिया और पातालकोट जैसे स्थान भी हैं, जो आम पर्यटकों से छुपे हुए हैं। वहीं, मई, तवा, परसिली, हनुमंतिया जैसे अनेक स्थल भी हैं, जिन्हें पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बनाया जा रहा है। पर्यटकों द्वारा खोजे जा रहे नये पर्यटन स्थलों को भी व्यवस्थित करने में मध्य प्रदेश की सरकार अग्रणी है।

इंदौर के समीप महू से पातालपानी-कालाकुंड तक चलनेवाली हेरिटेज ट्रेन भी सीटी बजाकर उन पर्यटकों को बुलाती है, जो प्रकृति के नजारों में खोना चाहते हैं। सब प्रकार के पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध मध्य प्रदेश के ऐसे अनेक स्थान हैं, जो अभी भी पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वर्तमान में यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में मध्य प्रदेश के चार स्थल हैं- बुद्ध का सन्देश देते सांची के स्तूप, प्रागैतिहासिक सभ्यता के चिह्न भीमबेटिका, सौंदर्य के साक्षी खजुराहो के साथ त्यागमय संस्कृति का प्रतीक ओरछा। ये चारों ही स्थान विदेशी पर्यटकों को लुभाते हैं। मध्य प्रदेश का कोई कोना ऐसा नहीं है, जो पर्यटन की दृष्टि से मरुस्थल हो।



# राशिफल

**मेषः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**धनुः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

# भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या

**हृदयनारायण दीक्षित**

बुद्ध का दुख विश्लेषण विश्वदर्शन में श्रेष्ठतम है। अभिभूत करने वाला है। इसकी अंतिम कड़ी है अविद्या। अविद्या का मतलब मूर्खता नहीं है। सृष्टि-जगत को सार रूप में न जानना ही अविद्या है। भारतीय दर्शन की सभी शीर्ष धाराओं में दुख का मूल कारण अविद्या है। यह बुद्ध दर्शन में भी है। उपनिषद् साहित्य विद्या और अविद्या के विवेचन से से भरा पूरा है। ईशावास्योपनिषद् के नवें, दसवें व ग्यारहवें मंत्रों श्लोकों का विषय विद्या और अविद्या है। कहते हैं, अविद्या के उपासक अंधतम लोक में प्रवेश करते हैं। इसी तरह विद्या के उपासक भी अंधेरे में हैं। धीर पुरुषो से सुना है कि विद्या और अविद्या के फल अलग-अलग हैं। जो दोनो को एक साथ जानते है वे अविद्या से संसार-मृत्यु को पार करते हैं और विद्या से अमृत पाते हैं। मधुमय जीवन के लिए दोनो का बोध जरूरी है। विद्या मुक्त करती है, अविद्या यानी संसार का ज्ञान संसार को मधुमय प्रीतिमय बनाता है। ऋग्वेद में दोनो हैं। ऋग्वेद के समाज में परम सत्ता की खोज और खेती किसानी साथ-साथ चलती है। परमतत्व की लब्धि चाहिए, लेकिन संसार मायाजाल नहीं है। न अकेली विद्या ठीक, न अकेली अविद्या। शुक्ल पक्ष का आलोक दीपित करता है तो कृष्णपक्ष का अंधकार विश्रामदायी है।




मुण्डकोपनिषद में अविद्या को अपरा विद्या और विद्या को परा विद्या कहा गया। श्वेताश्वतरोपनिषद् (5.1) में विद्या और अविद्या की खूबसूरत परिभाषा है -क्षरं त्वविद्या ह्यमृतं तु विद्या, विद्याविद्ये ईशते यस्तु सोऽन्यः-जो क्षरणशील-नाशवान है वह अविद्या है, लेकिन सदा सनातन अमृत विद्या है। शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में अविद्या ही मिथ्या है। संसार का ज्ञान, घर परिवार भी जरूरी है। ब्रह्म ज्ञान की आकांक्षा इसी संसार की देन है। इसकी प्राप्ति के उपाय इसी जगत में, इसी शरीर और इन्द्रियों की सहायता से होते हैं। ईशोपनिषद के ऋषि ने अलग-अलग आग्रहों को गलत और दोनो के समन्वय को उपयोगी बताया है। अविद्या से सांसारिक कष्ट और मृत्यु कष्ट पार होते हैं। मृत्यु जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीवन के तल पर ही मृत्यु आती है। जीवन न हो तो मृत्यु क्या कर लेगी? लेकिन मृत्यु अचानक नहीं आती। जीवन के प्रत्येक क्षण में मृत्यु है। सर्जन और विसर्जन साथ-साथ चलते हैं। अविद्या से इसी सब का ज्ञान मिलता है। अविद्या सांसारिक बोध, यज्ञ, उपासना, ज्ञान विज्ञान की जानकारियों व जीवन की गतिविधि में सहायक है। विद्या आत्मानुभूति है। कठोपनिषद (1.2.5) में कथा है। कथा के अनुसार यमराज ने जिज्ञासु नचिकेता से कहा, अविद्या में संलग्न स्वयं को धीर और पंडित बताते है। वे मूढ़पुरूष अंधे द्वारा ही ले जाए गए अंधमार्ग को प्राप्त होते हैं। यहां यमराज धन प्रेमी, संसारवादी लोगों की भी खबर लेते हैं, धनमोह, पुत्रमोह, पशु सम्पदा मोह में अंधे हो गए लोग इसी लोक को सच मानते हैं। ऐसे लोग बार-बार मेरे वश (यमराज के पाश में) में ही आते हैं।%% (वहीः6) यहां यमराज भी तात्कालिक दार्शनिक बहस के एक पक्षकार है, वे यज्ञ, संसार मोह, सम्पदा मोह, आदि को अंधकार में ले जाने वाला बताते हैं। फिर कहते हैं, यह परम तत्व बहुतों को सुनने को भी नहीं मिलता। सुनकर भी बहुत सारे लोग समझ नहीं पाते। जानकार तत्वज्ञानी बहुत कम है, ज्ञानियों में भी आत्मतत्व को प्राप्त सिद्ध बिरले ही हैं। (वहीः7) दर्शनशास्त्री तर्क को ज्ञान का उपकरण बताते थे। यमराज कहते हैं यह तत्व तर्क से नहीं मिलता ऐसा ज्ञान गैरनास्तिक (वेद जानने मानने वाला) अनुभवी विद्वान के पास ही होता है।

अविद्या सांसारिक ज्ञान है। अर्थशास्त्र, इतिहास, विज्ञान, खगोल और वैदिक साहित्य भी अविद्या है। दुख का कारण अविद्या है। अविद्या मूल सत्य तत्व पर आवरण है। इच्छाएं अभिलाषाएं और इनसे बनी बुद्धि अविद्या को सच्चा ज्ञान समझती है। अविद्या जनित बुद्धि से विद्याजनित उत्तर समझे नहीं जा सकते। बुद्ध इसीलिए सारभूत प्रश्नों पर मौन रहते थे। अविद्या को माया भी कह सकते हैं। माया सुंदर शब्द है। संस्कृत में म का अर्थ नहीं है। या का अर्थ है जो। माया अर्थात जो नहीं है। जीवन में सब तरफ दो ही दिखाई देते हैं। मैं हूं और संसार है। शुभ और अशुभ हैं। दिन और रात हैं। अच्छा और बुरा है। जीवन और मृत्यु है। व्यक्त और अव्यक्त है। ज्ञात और अज्ञात है। ईश्वर और संसार हैं। जीवात्मा और परमात्मा है। दर्शन की भाषा में इसे द्वैत कहते हैं। वैदिक काल और परवर्ती समय में अनेक मत थे। लेकिन मोटे तौर पर दो विचार थे। एक कि परमतत्व का बोध ही प्रकाशदायी है, बाकी सब गलत हैं। दो-कि भौतिक ज्ञान सांसारिक उपलब्धियां, यज्ञ कर्मकाण्ड ही ठीक है।

उत्तरवैदिक काल में इसे विद्या और अविद्या कहा गया। विद्या का अर्थ ज्ञान और अविद्या का अर्थ अज्ञान लिया जाता है लेकिन वैदिक साहित्य में अविद्या का अर्थ अज्ञान नहीं है। वैदिक काल में विद्या सुपरिभाषित थी। इसका अर्थ सत्य की अनुभूति अथवा परमतत्व का ज्ञान था। इसलिए अविद्या का अर्थ जो विद्या नहीं है से लिया जाना चाहिए। परम सत्य की खोज से जुड़ा ज्ञान विद्या था, शेष सारा व्यावहारिक ज्ञान अविद्या था। विद्या मुक्ति का संधान थी-स विद्या या विमुक्तये। संसार कारण कार्य की श्रृंखला है। कारण के अभाव से आगे कार्य नहीं होता। बुद्ध परम स्थिति को प्राप्त कर चुके थे। इसी स्थिति को निर्वाण (पाली भाषा में निब्बान) कहा गया। निर्वाण के बाद कोई ऐषणा नहीं बचती। प्राचीन दर्शन ने इसे मोक्ष कहा। मोक्ष एक लब्धि है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# कोल्ड ड्रिंक को लेकर विवाद में प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली चरखारी के मुहाल चिंतेपुरा में बीते शुक्रवार रात्रि करीब 10:30 बजे कोल्ड ड्रिंक पीने को लेकर हुये विवाद में पति-पत्नि के रूप में रह रहे प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर जान दे दी मामूली कहासुनी में प्रेमी जोड़ें द्वारा आत्महत्या करने की हृदय विदारक घटना से मुहल्ले में शोक का माहौल व्याप्त है

मुहाल चिंतेपुरा निवासी सुरेन्द्र कुमार अहिरवार के 18 वर्षीय पुत्र धीरेन्द्र ने दो माह पूर्व चांदो- चंद्र पुरा निवासी अजय कुमार की लगभग 17 वर्षीय पुत्री सोनिया से मंदिर में लव मैरिज की थी

मृतक धीरेन्द्र के पिता के अनुसार बीते शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे धीरेन्द्र कोल्ड ड्रिंक की बोतल लेकर अपने कमरे में पहुंचा तो किसी बात पर पति-पत्नि में विवाद हो गया एवं पत्नि सोनिया ने कोल्ड ड्रिंक की बोतल फेंक दी जिससे नाराज होकर पति घर के ऊपर वाले कमरे में चला गया और फांसी लगा जान दे दी जब पत्नि सोनिया वहां पहुंची तो पति धीरेन्द्र को फांसी के फंदे पर झूलता देख घर वालों को बुलाने नीचे आयी तो उस समय घर में मौजूद दादी मानकुंवर को घटना की जानकारी दी तो दादी मानकुंवर ने मुहल्ले वालों को बुलाया जब तक मुहल्ले वाले धीरेन्द्र को देखने ऊपर गये तभी सोनिया ने घर में नीचे के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी अचानक हुयी दो आत्महत्याओं की सूचना मुहल्लेवालों ने कोतवाली पुलिस को दी घटना की जानकारी मिलते ही एसओ प्रवीण कुमार सिंह चौंकी प्रभारी चंद्रशेखर सिंह मौके पर पहुँचे पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नायब तहसीलदार आलोक मिश्रा की उपस्थिति में दोनों शवों का पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी हाउस महोबा भेज दिया गया है

अचानक हुयी हृदय विदारक घटना से परिजनों एवं मुहल्ले वालों में गम का माहौल है घटना के समय मृतक धीरेन्द्र की बहिन खुशी का इलाज कराने मां चंदा के साथ पिता सुरेंद्र गया था जबकि बडा भाई वीरेंद्र अपने परिवार सहित दिल्ली में रहता है।

# विधायक ने गांव पहुंच कर दुखी स्वजनों को बंधाया ढांढस, मदद का दिलाया भरोसा



**राठ; (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को कोतवाली के चिल्ली गांव में महिला की हत्या को लेकर विधायक मनीषा अनुरागी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने गांव पहुंच कर स्वजनों से संपर्क कर उन्हें ढांढस बंधाया।

इस दौरान विधायक मनीषा अनुरागी ने दुखी स्वजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। साथ अधिकारियों से कहा कि चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने से यह घटना नहीं नहीं होगी। ग्रामीणों ने भी विधायक से पुलिस द्वारा चोरों पर कार्रवाई न करने की शिकायत कहीं है। कहा पुलिस पैसे देकर चोरों को छोड़ देती है। विधायक ने जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत विधायक प्रतिनिधि भारत अनुरागी दीपू मुंशी महेंद्र गुप्ता व महेंद्र शुक्ला सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता पर नगर में निकली गई तिरंगा यात्रा

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सम्मान देने के लिए, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शक्रवार को तिरंगा यात्रा, नगर भाजपा मण्डल अध्यक्ष इं. अमित पटेरिया व युवा नेता युवराज सिंह सेंगर के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक निकाली भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रीगुमान बिहारी मंदिर से तिरंगा यात्रा का अगाज़ किया।

यह यात्रा मण्डी तिराहा, वी पार्क चौराहा, झंडा चौराहा, ड्यौढ़ी दरवाज़े से बस स्टाप होते हुये दीनदयाल पार्क पहुंचीं। जहां पर यात्रा का समापन हुआ। इसके पहले पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में बलिदानियों का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गई। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, वीर बलिदानी अमर रहे, जयकारों के साथ सैकड़ों लोगों के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति ने भी तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया।

इस मौके पर चरखारी विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत भाजपा जिला अध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अशोक महाराज, कुलदीप भटनागर,नरेन्द्र नायक, महंत जुगुल भारती, अनुप गुरुदेव, दीपक गुरुदेव बृजेश द्विवेदी रजनीश गुप्ता, विनोद खटीक, योगेश पाठक, बिपिन बिहारी चौबे, कैलाश ताम्रकार, अलोक सोनी, नीरज गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मूलचन्द्र अनुरागी, सभासद राम महाराज, पियूष खरे, गरजन सिंह, सुनील द्विवेदी आदि शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार, सदर चौकी प्रभारी चन्द्रशेखर सिंह उ.नि. विशाल वाजपेई सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्रके भौली गांव निवासी ग्रामीण ने अज्ञात कारण के चलते रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनो की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के भोली गांव निवासी हरगोविंद सिंह गौर (60) पुत्र लालजी सिंह ने बीती रात अज्ञात कारण के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनो को जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव का पंच नामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक अविवाहित था। इसका भाई किसी मामले में जेल में है। इस लिए वह परेशान रहता था।

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल एक जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो सभी घायलों को राहगीरों के मदद नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां एक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद महोबा क्षेत्र के गांव खन्ना निवासी यासीन 35 वर्ष पुत्र महबूब मौदहा से अपने गांव ई.रिक्शा चला कर जा रहा था तभी घबरा चौकी के निकट तेज गति से कानपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने ई.रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी तभी ई रिक्शा सहित सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं नगर निवासी रामशरण 65 वर्ष पुत्र साधू सिंह व ब्रजकिशोर पुत्र सूरज प्रसाद बड़े चौराहा की ओर पैदल जा रहे थे तभी अचानक चार पहिया वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे सड़क पर गिर दोनों घायल हो गए वहां मौजूद लोगों ने आनन .फानन में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान हालत में सुधार बताया गया है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** शादी के सीजन में जहां कस्बे सहित क्षेत्र में जमकर शराब पी जा रही है तो वहीं जगह जगह शराब बेचने का काम भी काम भी जारी है। कोतवाली पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के छिरका के निकट से छिरका निवासी रामभजन को 22 क्वार्टर नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार किया है जबकि कोतवाली क्षेत्र के टिटिहरी डांड गहरौली खुर्द निवासी राजकुमार को पासुन मोड़ के निकट से 25 क्वार्टर नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार किया है।पकडे गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध दवाओं एवं स्वापक औषधि अधिनियम के तहत मामला दर्ज आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### गीता हत्याकांड के 36 घंटे बाद भी बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर

- पति कानपुर रीजेंसी अस्पताल में लड़ रहा जिंदगी मौत की जंग
- पुलिस ने चचेरे भाई की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों पर हत्या का मुकदमा किया दर्ज

**राठ; (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** गीता हत्याकांड के 36 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। अभी तक पुलिस हत्यारोपियों की सुराग नहीं लगा सकी। पुलिस गांव पहुंच कर हवा में पैर मारती दिख रही है। सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे संदिग्ध व्यक्ति को भी पुलिस अभी खोज नहीं सकी है। शनिवार को पुलिस ने घायल अनिल के चचेरे भाई की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस द्वारा खुलासा न करने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। चिल्ली गांव निवासी अशोक कुमार कृष्ण कुमार ने बताया कि वह गुरुवार की रात अपने घर में सो रहा था। रात करीब दो बजे पड़ोसी प्रमोद कुमार पुत्र लखन सिंह शादी समारोह से वापस घर आ रहा था। तभी उसने उसके चचेरे भाई अनिल राजपूत की चीखने की आवाज सुनी। प्रमोद ने घर आकर उसे जगाया। बताया कि वह और प्रमोद अनिल के घर पहुंचे तो देखा कि अनिल खून से लथपथ पड़ा था। प्रमोद ने अन्य पड़ोसियों को बुला लिया। अंदर जाकर देखा तो अनिल की पत्नी गीता खून से लथपथ हालत में मृत पड़ी थी। तीन वर्षीय मासूम शान्हवी भी पड़ी थी। बताया कि स्वजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने अनिल को कानपुर रीजेंसी अस्पताल रेफर कर दिया। जहां अनिल की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया कि घर में चोरी के उद्देश्य से घुसे बदमाशों को पहचान लेने पर बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। रात एक बजे सीसीटीवी कैमरे में लाल शर्टए नीला पेंट व मुंह में कपड़ा बांध कर संदिग्ध अवस्था में जाता हुआ दिख रहा है। चचेरे भाई ने बताया कि घटना के 36 घंटे बीत गए हैं। अभी पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है। सीओ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि चचेरे भाई की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगी है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### चन्दापुर थाने का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**चन्दापुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला अधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस कप्तान डाक्टर यशवीर सिंह ने चन्दापुर मे नवनिर्मित थाने का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। रायबरेली जिले में अभी हाल ही में चांदपुर के रूप में 20वां थाना मिला है और इस थाने में 23 ग्राम पंचायतें शामिल की गई हैं वहीं आज दोपहर बाद जिला अधिकारी व पुलिस कप्तान का काफिला चन्दापुर थाने पहुंचा और निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए ।इस मौके पर महराजगंज एसडीएम सचिन यादव सीओ प्रदीप कुमार चन्दापुर थाना अध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी एस आई रवि पवार एस आई अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

- समाधान दिवस में नौ वाद दर्ज, मौके पर किसी का नहीं हुआ निस्तारण



**पनवाडी/महोवा, समृद्धि न्यूज।**

आज माह के चौथे शनिवार को थाना परिसर मे नायव तहसीलदार अभिषेक मिश्रा की अध्यक्षता एव थाना प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी के संचालन मे समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमे क्षेत्र के सभी लेखपालो ने प्रतिभाग किया।कृषको के द्वारा विभिन्न ग्रामो से भूमि सम्वन्धी नौ वाद दर्ज किये गये मौके पर किसी वाद का निस्तरण नही हो सका।

समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे नायव तहसील दार ने भूमि सम्वन्धी वादो के निस्तारण के लिए लेखपालो की अलग अलग टीमे पुलिस के साथ गठित कर मौके पर निस्तारण करने के आदेश दिये। समाधान दिवस दो वजे समापन्न हुआ।इस मौके पर उपस्थित लेखपाल हरीनारायन शिवकरन नीतेन्द्र पटेल मेघा चर्तुवेदी प्रदीप राजपूत सत्येन्द्र राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# बाल श्रम उन्मूलन में लापरवाही › सहायक श्रम आयुक्त का वेतन रोकने का आदेश

**कानपुर समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में श्रम विभाग की बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति, बंधन श्रम उत्सादन समिति एवं जिला स्तरीय श्रम बन्धु समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहायक श्रम आयुक्त श्री कीर्ति वर्धन द्वारा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरते जाने के कारण उनका वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। सहायक श्रम आयुक्त श्री राम लखन पटेल के कार्यों में भी लापरवाही पाए जाने पर उनका भी स्पष्टीकरण मांगा गया।

इसके अतिरिक्त, जनपद में तैनात 11 श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अप्रैल माह में केवल 11 प्रवर्तन कार्य किए जाने पर असंतोष जताते हुए,




- अधिकारियों से भी मांगा गया जवाब

उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु श्रमायुक्त को पत्र प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए। अपर श्रमायुक्त श्री पी.के. सिंह द्वारा उक्त अधिकारियों का समुचित पर्यवेक्षण न किए जाने पर श्रमायुक्त को परियोजनाओं की समीक्षा की अपेक्षा व्यक्त की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए वृहद प्रचार-प्रसार कराया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि बाल श्रम के संबंध में, 06 से 14 वर्ष के चिन्हित बाल श्रमिकों को नजदीकी सरकारी या निजी विद्यालयों में शैक्षिक पुनर्वासन कराए जाने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद की गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक में 60त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले श्रमिकों के बच्चों को रु. 3000 एवं 75 प्रतिशत से अधिक अंकों पर रु. 5000 की प्रोत्साहन राशि दिए जाने की योजना का भी व्यापक प्रचार करने तथा औद्योगिक संगठनों के माध्यम से श्रमिक परिवारों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि ामिकों को उचित न्याय दिलाने हेतु विभाग सक्रिय भूमिका निभाए एवं अपने कार्यों से विभाग की साख स्थापित करें ।

बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार, अपर श्रमायुक्त पी. के. सिंह, सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहें ।

# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर राजमिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिवार में कोहराम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद महोबा में चरखारी के मुहल्ला पठवा पुरा निवासी बबलू पुत्र स्व लल्लू अहिरवार उम्र लगभग 38 वर्ष की आज जयेन्द्र नगर में रामश्याम शर्मा के मकान में राजमिस्त्री का काम करते समय मकान के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से संदिग्ध परिस्थितियों में दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक बबलू राम श्याम शर्मा के मकान में जो ज्येन्द्र नगर में स्थित है में राज मिस्त्री के रूप में काम कर रहा था। समाजसेवी और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज राजपूत ने बताया कि मृतक बबलू जो भाजपा के अनुसूचित मौर्चा का



नगर मीडिया प्रभारी था उनके ज्येन्द्र नगर स्थित आवास के पास में ही राजमिस्त्री का काम कर रहा था तभी छत के ऊपर लगभ साढ़े तीन फिट की ऊचाई से निकली हाईटेंशन बिद्युत लाइन की चपेट में आ गया तथा गिर पड़ा जिसे उन्होंने पड़ोसियो के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये जहाँ डाक्टरों ने परीक्षण के उपरान्त मृत घोषित कर दिया।

भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मण्डल अध्यक्ष इंजी. अमित पटेरिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मृतक के शोक संतप्त परिवार वालों से मिलकर ढ़ाढस बंधाते हुए हर संभव मदद दिलवाने में सहयोग करने के लिए कहा है मृतक के दो लडकिया एवं दो लड़के हैं जिनकी उम्र क्रमशः 9,7,5 और 3 वर्ष के लगभग है वही मृतक के परिवार का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस द्वारा शव को कब्जा में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु महोबा भेज दिया गया है।

# प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट वितरित

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

आगामी सत्र से आनलाइन हाजिरी को लेकर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सरकार द्वारा टैबलेट वितरित किए गए।

कस्बे के ब्लॉक संसाधन केंद्र में शनिवार सुबह खण्ड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित एक सादे समारोह में प्राथमिक विद्यालयों और जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षकों को प्रति विद्यालय में दो टैबलेट के हिसाब से टैबलेट वितरित किए गए जिनके द्वारा आगामी सत्र में आनलाइन हाजिरी के साथ ही अन्य कार्य किए जाएंगे।बताते चलें कि इस कार्यक्रम में विकास खण्ड के 39 जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षकों को एक स्कूल में दो टैबलेट



के मानक अनुसार जबकि 16 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को जो पिछले टैबलेट वितरण में शेष रह गए थे उन्हें टैबलेट वितरित किए गए।इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा टैबलेट वितरण का उद्देश्य आनलाइन अटेनडेंश के साथ विभागीय कामों को जो कम्प्यूटर द्वारा किए जाते हैंए टैबलेट से करने में अध्यापकों को आसानी होगी इसलिए टैबलेट वितरण किया जा रहा है।

### मृतका के पिता ने दामाद व उसकी प्रेमिका पर पुत्री की हत्या करने का लगाया आरोप

**राठ; (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध होने पर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका के पिता ने दामाद व दामाद की प्रेमिका पर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। जनपद महोबा के श्रीनगर थाने के पवा गांव निवासी विश्वनाथ प्रजापति पुत्र हिरौआ ने बताया कि उसने अपनी पुत्री दामिनी की शादी 1996 में रामजीवन प्रजापति पुत्र हरी सिंह निवासी बिलरख थाना राठ के साथ की थी। बीते करीब छह साल से पति व सास पुत्री को परेशान करते आ रहे हैं। आरोप लगाया कि उसके दामाद के गांव में एक महिला से अवैध संबंध है। आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे दामाद व उसकी प्रेमिका ने पुत्री के मारपीट करके हत्या कर दी और शव फांसी पर लटका दिया। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# फटे पुराने बंदोवस्ती नक्शे से ही छानी गांव में शुरु करा दी चकबंदी प्रक्रिया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

- डेढ सौ पुराने बंदोबस्ती नक्शे व तहसील के नक्शे में आ रहा बहुत बड़ा अन्तर, कहीं नहीं मिल रहा नक्शा

मौदहा क्षेत्र के छानी गांव में जोत चकबंदी के लिये भू चित्र रोडा बना हुआ है, बंदोबस्ती नक्शा न मिल पाने के बाद भी जीर्ण शीर्ण नक्शा से ही धारा छह यानी चकबंदी प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गयी है। इस मामले में चकबंदी आयुक्त ने जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। जानकारी के मुताबिक जिले में तेरह गांवो में चकबंदी प्रक्रिया संचालित है मगर ज्यादातर गांवों में नक्शाकी उपलब्धता न होना प्रक्रिया में बाधा बनी हुई है,बर्तमान में चकबंदी छानी गांव में शुरुआत कर दी गयी है,मगर गांव का बंदोवस्ती नक्शाबहुत ही जीर्ण शीर्ण है। उसे ट्रेस नही कराया जा सकता है,यहा तक कि राजस्व परिषद में भी बंदोवस्ती नक्शा उपलब्ध नही है,जबकि गांव का 1873-74 का बंदोवस्ती भूचित्र उपलब्ध है।जब कि इस भूचित्र में व तहसील से प्राप्त नक्शे में बहुत बडी भिन्नता है। बंदोवस्ती नक्शा प्राप्त करने के लिये सिचाई विभाग से संपर्क किया गया मगर प्रमाणिक नक्शा उनके पास भी नही है जिससे चकबंदी प्रक्रिया में उसका प्रयोग नही किया जा सकता है। बताया जाता है हार थक कर शासन ने बंदोवस्ती नक्शा नहोने के कारण ग्राम के पुनरीक्षण के विकल्प के रुप में तहसील से प्राप्त अभिलेखों के आधार पर किसानों की सहमति से गट्ठा बुक तैयार कर तरमीम कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। छानी गांव की चकबंदी का मामला विधानसभा मे भी उठाया जा चुका है। संयुक्त संचालक चकबंदी मधु सूदन दुवे स्पष्ट किया है कि चकबंदी संबंधी को कोई समस्या का हल करने का काम प्रशासन का है लिहाजा इस मामले में निर्णय लेकर चकबंदी के कार्य को आगे बढाया जाये। किसानों का कहना है कि छानी गांव जनसंख्या व एरिया के हिसाब से काफी बडा गांव है। ऐसी हालत में बंदोवस्ती नक्शा से ही चकबंदी प्रक्रिया सुचारु रुप से हो सकेगी। चकबंदी विभाग के अफसरों का कहना है कि जीर्ण शीर्ण नक्से के आधार पर ही चकबंदी की शुरुआत कर दी गयी है। प्रयास किया जा रहा है कि प्रक्रिया में कोई गड़बडी न आने पाये। समय समय पर मार्गदर्शन शासन से ले लिया जाता है।

### लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप, संयुक्त चकबंदी संचालक ने दिये जांच के आदेश

कुरारा ब्लाक की बेरी गांव निवासी गुड्डी ने चकबंदी लेखपाल सुनील पर दस हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया है उसका कहना है कि पैसे लेने के बाद भी लेखपाल ने उसका कोई काम नही किया है इस पर विभागु के संयुक्त संचालक चकबंदी ने मधुसूदन दुवे ने विभाग के एसओसी को मामले की जांच कर कार्यवाही के लिये कडा पत्र लिखा है.जानकारी के मुताबिक पीडिता गुड्डों का कहना है कि गांव की चकबंदी के लिये चक कटाने में पहले लेखपाल ने बहुत परेसान किया इसके बाद उसने दसहजार रुपये ले लिये मगर उसका कोई काम नही किया है जिससे वह दर दर भटक रही है। जबकि उसका काम नियमानुसार कर देना चाहिये मगर उसने पैसा लेकर ठेगा दिखा दिया है। जिलाधिकारी ने एसओसी कोजांच करने के आदेश दिये है। पीड़िता इसके पहले कई मर्तवा शिकायत कर चुकी है। मगर समस्या का कोई हल नही निकल रहा है।

# स्वास्थ्यकर्मी का रुपए लेते वीडियो वायरल

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर युवक से कर्मचारी रुपए ले रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में स्वास्थ्य कर्मी रुपए लेते दिखाई दे रहा है। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रुपए लेते एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में स्वास्थ्य कर्मी जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर युवक से रुपए लेते दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य कर्मी वीडियो में रुपए लेते समय बोल रहा है कि जन्म प्रमाण पत्र पर लेमीनेशन करा लेना। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह ने



बताया कि युवक से स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य का दूसरा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो वायरल में महिला अस्पताल में प्रसव होने पर स्टाफ द्वारा रुपए लिए जा रहे हैं।

# कस्बे सहित क्षेत्र में भूमाफिया का बड़ा नेटवर्क

- एक ही जमीन को बार-बार बेचकर लोगों से कर रहे ठगी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



एक ओर प्रदेश सरकार जहां भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान छेडे हुए हैं तो वहीं कस्बे सहित क्षेत्र में भूमाफिया का बड़ा नेटवर्क सक्रिय हो गया है जो एक ही जमीन को बार बार बेचकर लोगों को ठगने का काम कर रहा है इतना ही नहीं राजस्व विभाग के जिम्मेदार भी इस मामले में आंख बंद कर काम कर रहे हैं,कस्बे के बड़ा कसौडा निवासी दो बहनों तय्यबा और ताहिरा ने तहसीलदार शिखर मिश्रा को बताया कि जून 2022 में रागौल मौजा में उन्होंने एक प्लाट मलीकुआ चौराहा निवासी फरीद अहमद से खरीदा था जो प्लाट फरीद अहमद ने रागौल निवासी फैलू पुत्र बादल से खरीदा था लेकिन उक्त फैलू ने दोबारा उक्त प्लाट का बैनामा किसी अन्य व्यक्ति को कर दिया है।मामला संज्ञान में आते ही तहसीलदार शेखर मिश्रा ने बताया कि जांचके लिए राजस्व विभाग सहित नगरपालिका के जिम्मेदारों को मामले की जांच के लिए भेजा है। बताते चलें कि इस दौरान आईलाइनर ठगी और साईबर ठगी को पीछे छोडते हुए कस्बे सहित क्षेत्र में भूमाफियाओं द्वारा आमजन को ठगने के मामले सामने आ रहे हैं जिनमें भोले भाले गरीब लोगों को सस्ती दरों पर जमीन बेचने का लालच देकर उनके साथ ठगी की जा रही है इसी के चलते थाना समाधान दिवस और तहसील समाधान दिवस में जमीनी विवाद और अवैध कब्जे के मामले ही छाए रहते हैं।

# सचिव ने जलजीवन मिशन के तहत गावों में हर घर नल का किया सत्यापन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन के आदेशानुसार शनिवार को विशेष सचिव समाज कल्याण विभाग राजेंद्र सिहं दिवतीय ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम हैरोलीपुर में हर घर नल का सत्यापन किया

तथा ग्राम वासियों से पानी आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली ग्राम वासियों ने बताया कि सभी घरों में नल से कनेक्शन है और सुबह शाम नींबू से जल की आपूर्ति हो रही है इसके उपरांत सचिव द्वारा ग्राम हरौलीपुर पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया जिसमें इंटरेस्ट



का परीक्षण किया गया परियोजना का कार्य पूर्ण है वह क्रियाशील है ग्राम हरौलीपुर में संचालित गो आश्रय स्थल का स्थल निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय सर्वप्रथम गौ माता का पूजन व माल्यार्पण कर गुड़ खिलाया गया गौशाला में 65 गोवंश संरक्षित हैं गौशाला में दो तीन सेट बने हुए हैं छाया की पर्याप्त व्यवस्था है पेयजल हेतु समरसेबल पंप लगा है पानी वह भूसा की सारी बनी हैस गौशाला में 350 कुंतल भूसा संरक्षित होना बताया गया भूसा मौके पर उपलब्ध पाया गया गौशाला में साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी है वह लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित है ग्राम कुरारा देहात में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल का सत्यापन किया गया सचिव द्वारा निर्माणाधीन बेतवा सेतु का होते सत्यापन किया गया मौके पर कार्य प्रगति पर पाया गया सेतु निगम के उपस्थित अधिकारियों गया ने बताया कि पिलर का काम पूरा है एक मे लांचिंग का कार्य प्रगति पर है।

# नोडल अधिकारी ने किया विकास कार्यो का निरीक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

शासन द्वारा जनपद में संचालित विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने हेतु नामित नोडल अधिकारी संदीप कौर, निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश ने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण का आरंभ निबलेट फॉर्म स्थित बृहद गौ आश्रय स्थल से हुआ, जहाँ नोडल अधिकारी ने पूरे परिसर का विस्तार से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि यह आश्रय स्थल लगभग 10 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है, जहाँ वर्तमान में 130 नर एवं 412



मादा गौवंश संरक्षित हैं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत सैम मैम श्रेणी के बच्चों के परिवारों को दिए जा रहे दुधारू गायों के वितरण की जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने बताया गया कि जनपद में अब तक कुल 4500 दुधारू गायों का वितरण किया जा चुका है, जिनमें से 150 गायें विशेष रूप से सैम मैम श्रेणी के बच्चों के परिवारों को दी गई हैं, जिससे इन परिवारों को स्थायी आजीविका की दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन प्राप्त हुआ है। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने आश्रय स्थल में स्थित भूसा संग्रहण स्थल, साइलेज की उपलब्धता, बीमार एवं दुर्बल गौवंश के लिए बनाए गए शेड तथा तालाब सहित सम्पूर्ण परिसर का पैदल भ्रमण किया। इस अवसर पर तैयार की जा रही वर्मी कंपोस्ट खाद के विषय में भी जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### शुक्लाई गांव में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का किया परीक्षण

नोडल अधिकारी द्वारा विकास खंड बंकी की ग्राम पंचायत शुक्लाई में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 348.32 लाख रुपये की लागत से निर्मित पानी की टंकी तथा उससे जुड़ी पेयजल आपूर्ति प्रणाली का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने पानी की गुणवत्ता एवं वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद करते हुए उन्होंने योजना की उपयोगिता और पानी सप्लाई की स्थिति एवं योजना के दौरान खोदी गई सड़कों की मरम्मत के कार्यो आदि के बारे में जानकारी ली।

### जगनेहटा में बन रहे पीएम आवासों की गुणवत्ता को परखा

नगर के जगनेहटा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के शहरी नागरिकों के लिए बनाए जा रहे 288 बहुमंजिला आवासों का निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी ने निर्माण की गुणवत्ता, भवनों की प्रगति एवं नियोजित समय सीमा का गहन परीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत नोडल अधिकारी ने जनपद में संचालित योजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की जनहितकारी योजनाएं यदि इस प्रकार प्रभावी ढंग से जमीनी स्तर पर क्रियान्वित होती रहीं, तो निश्चित ही इसका व्यापक लाभ आम जन तक पहुंचेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र शुक्रवार देर रात स्थित खपुरवा खानपुर गांव के सामने फतेहपुर बेलहरा मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क दुर्घटना में सीतापुर के युवक की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार सीतापुर के महमूदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत महरौली गांव निवासी रोहित यादव (26) फतेहपुर थाना क्षेत्र के संदूपुर गांव से वह अपने रिश्तेदारों के यहां से लौटकर अपने घर जा रहा था।इसी दौरान वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरो की मदद से एम्बुलेंस की मदद से घायल रोहित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

# हनुमान भक्तों की उमड़ रही आस्था, जगह-जगह लगे भण्डारे

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

▸ कढ़ी, चावल, हलवा एवं आम का पना का हनुमान जी को भोग लगाकर वितरित किया प्रसाद

ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर मंगलवार के साथ-साथ शनिवार को भी प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज के भक्तों द्वारा जगह-जगह स्टॉल लगाकर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग पर स्थित आर आर मोबाइल एवं गौरी कॉस्मेटिक एवं गिफ्ट सेंटर पर सुधीर जायसवाल एवं विकास पांडे विक्की द्वारा कढ़ी चावल हलवा एवं आम पन्ना का हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इन भंडारों में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी बार एसोसिएशन व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी उपाध्यक्ष शादाब खान अध्यक्ष रामअचल मिश्रा एडवोकेट संजय सिंह शिक्षक नेता डॉ विवेक गुप्ता एडवोकेट विभोर गुप्ता एडवोकेट सोमिल शुक्ला प्रधान अरुण यादव अनूप सिंह राहुल सिंह चौहान चंदन सिंह विष्णु शुक्ला करुणेश द्विवेदी भानु मिश्रा ननकऊ साहू राम अनुज चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# सौ ग्राम मारफीन के साथ तस्कर गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

बदोसराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने मार्फिन तस्करी के एक मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने बिहार के गोपालगंज जिले के रहने वाले विवेक कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 100 ग्राम मार्फिन और 1150 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। घटना शुक्रवार रात की है। बदोसराय थाने के उपनिरीक्षक विश्वनाथ सिंह अपनी टीम के साथ मरकामऊ तिराहे पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान रामनगर मोड़ पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह कटका नाला की तरफ भागने लगा। पुलिया के पास झाड़ियों में फंसकर गिर गया, जहां से



पुलिस ने उसे पकड़ लिया।तलाशी के दौरान आरोपी के लोअर की बाईं जेब से सफेद प्लास्टिक की पन्नी में मार्फिन मिली। दाहिनी जेब से नकदी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मार्फिन को बेचने और पीने के लिए बिहार ले जा रहा था। उसने यह मार्फिन एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदी थी।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मानसी को इंसाफ दिलाने के लिए एकजुट हुआ हैदरगढ़

▸ एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर एसआईटी गठन व गिरफ्तारी की हुई मांग

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ की बेटी मानसी को इंसाफ दिलाने के लिए शनिवार को एकजुट हुए। कैंडल मार्च निकाला और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को 8 सूत्रीय ज्ञापन भेज कर संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या की निष्पक्ष जांच के लिए एसआइटी का गठन, पीएम रिपोर्ट का पुनः विश्लेषण और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई। एसडीएम एमएसटी खां को सौंपे गए ज्ञापन में कस्बा के पूरे मितई वार्ड निवासी रामकुमार सोनी पुत्र बनारसी लाल सोनी ने बताया कि उन्होंने अपनी




पुत्री मानसी 24 वर्ष का विवाह 2 वर्ष पूर्व शिवम पुत्र संजय निवासी जजेज कॉलोनी सिविल लाइंस रायबरेली के साथ किया था।

विवाह के बाद से ही दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया जाता रहा और गत 21 मई को उसकी असमायिक मृत्यु की सूचना मिली। जिसे उसके ससुराल वालों और स्थानीय पुलिस ने आत्महत्या का रूप दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री की मौत आत्महत्या नहीं बल्कि एक सुनियोजित हत्या है क्योंकि उसकी पुत्री के ससुर संजय और चचिया ससुर चंद्रिका प्रसाद रायबरेली के प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल है। यही वजह है पुलिस ने निष्पक्ष जांच किए बिना ही इस मामले को आत्महत्या मान लिया जबकि शव विच्छेदन गृह में उनके द्वारा देखी गई मृत पुत्री के शरीर चेहरे, हाथ व गर्दन पर चोट के निशान मिले थे। कैंडल मार्च और ज्ञापन देने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा, पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया व्यापारी नेता योगेश द्विवेदी, पप्पू शुक्ला,गोपाल सिंह, युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी, बबलू सोनी पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह, प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू राजकुमार सोनी, रामानुज चौरसिया, विनोद गुप्ता, राहुल चौहान, चंदन सिंह विष्णु शुक्ला रवि सोनी डॉक्टर विष्णु सोनी कुलदीप सोनी जय कुमार सोनी बृजेश शुक्ला मन्नू, सोमिल शुक्ला, विभोर गुप्ता, दिव्यांश श्रीवास्तव ,प्रकाश इंटर कॉलेज हैदरगढ़ के प्रधानाचार्य पंकज यादव उमेश सोनी ऋषि सिंह प्रकाश मौर्य सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।



## पुजारी की मौत, गांव के चकमार्ग पर मिला शव

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** रामनगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मुंशीपुरवा सोंधवा गांव में स्थित मंदिर में पूजा-पाठ कर रहे पुजारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान नान्हू पुत्र बाबूलाल के रूप में हुई है, जो करीब आठ महीने पहले बहराइच जनपद से आकर मंदिर में पुजारी के रूप में कार्यरत था। गांव के चक मार्ग पर ग्रामीणों को पुजारी का शव पड़ा मिला, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बाराबंकी एसपी अर्पित विजयवर्गीय स्वयं मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि पुजारी की किसी से कोई रंजिश तो नहीं थी।

## समोसा बनाते गर्म तेल की कढ़ाई से झुलसा युवक



**फतेहपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के मिठवारा गांव में एक होटल पर समोसे बनाते समय हुए हादसा मे कढाई का गर्म तेल पड़ने से युवक जलकर झुलस गया। जानकारी के अनुसार होटल मालिक 28 वर्षीय फैसल पुत्र कयामुद्दीन समोसे बनाने के लिए तेल गर्म कर रहा था। इसी दौरान फैसल को अचानक चक्कर आ गया। संतुलन बिगड़ने से उसका हाथ गर्म तेल से छींटे पड़ने से उसका ऊपरी शरीर भी जल गया। घटना देख होटल पर मौजूद लोग और ग्रामीणों ने तुरंत उसके परिजनो को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन तत्काल फैसल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए ।जहां मौजूद डॉक्टरो ने बताया कि फैसल के शरीर का ऊपरी हिस्सा जला है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और घबराने की कोई बात नहीं है। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है।

# नगर पंचायत में सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत सुबेहा में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा एकता पब्लिक स्कूल से शुरू हुई। इसमें पुलिस बल भी मौजूद रहा। यात्रा के दौरान लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीतों के साथ मार्च किया। भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारतीय सैनिक जिंदाबाद के नारे लगाए गए।

यात्रा कस्बे का भ्रमण करते हुए बस स्टॉप पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह मौजूद रहे। प्रधान संघ



अध्यक्ष हनुमान द्विवेदी, जसवंत मौर्य, रामसिंह, महराज दीन पांडेय, विजय प्रताप सिंह और सईद टिन्नी सहित हजारों लोगों ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का माहौल रहा। इस मौके पर पुलिस ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली । प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह पुलिस दल बल के साथ यात्रा में शामिल हुए।

## बिना मानचित्र पर विकृत प्लाट पर तहसील प्रशासन की कार्यवाही

**बाराबंकी।** उप जिलाधिकारी नवाबगंज द्वारा बताया गया कि तहसील नबाबगंज क्षेत्रान्तर्गत विनियमित क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम पल्हरी परगना व तहसील नबाबगंज में कुल 48 गाटा संख्या रकबा 12.177हे0 अर्थात 48 लगभग बीघा भूमि पर बिना मानचित्र/ले-आउट प्लान स्वीकृत कराये मैक्स इन्फावेन्चर्स प्रा.लि. द्वारा किए जा रहे अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 24.05.2025 को राजस्व टीम एवं पुलिस टीम की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। बिना सक्षम स्तर से मानचित्र / ले-आउट प्लान स्वीकृत कराये किए जा रहे अवैध प्लाटिंग पर निरन्तर कार्यवाही संचालित रहेगी।

# न.पं चेयरमैन ने ऊर्जा मंत्री का किया स्वागत

▸ लोधेश्वर महादेव की प्रतिमा प्रतीक चिन्ह के रूप में भेंट की

**रामनगर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

चेयरमैन रामशरण पाठक की अगुवाई में प्रदेश सरकार के कद्दावर नगर विकास गरीबी उन्मूलन एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का उनके गोण्डा जाते समय नगर सीमा रामनगर बस स्टाप पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान लोधेश्वर महादेव की प्रतिमा प्रतीक चिन्ह के रुप में उन्हे भेंट की गयी।

स्वागत करने वालों में प्रमुख रुप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी,निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष वैभव मिश्र,महादेवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह,अधिशाषी अधिकारी अशोक



कुमार खरवार, सभासद राजेश शुक्ला,अवनीश मिश्रा, शुभम जायसवाल,इसरार अहमद, रियाज अहमद, कैलाश गौतम, टिंकू तिवारी,उदय प्रताप,रमेश राठौर,केडी खान,पूर्व सभासद दया शंकर तिवारी,पवन ओझा,पुजारी तिवारी,कृष्ण कुमार शुक्ला,मोनू भास्कर सहित सैकड़ो गणमान्य शामिल रहे। गौरतलब बात यह थी कि मंत्री ने उपस्थित लोगों का दिल खोलकर सम्मान करने के साथ चेयरमैन श्री पाठक का स्वंय माल्यार्पण कर सबका मन मोह लिया।

## घंटाघर पर बने पालिका पुस्तकालय से तीन एसी दो पंखे, किताबें चोरी

**उरई,जालौन।** नगर के बीचों बीच स्थित घंटाघर के दूसरी मंजिल पर नगर पालिका परिषद के पुस्तकालय में पूर्व के समय में लगाये गये तीन एसी, दो पंखों के साथ अनेकों किताबें रहस्यमयी तरीके से चोरी हो गयी। जब मामले की जानकारी पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि को पता चली तो उन्होंने ईओ से उक्त मामले में उरई कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। गौरतलब हो कि नगर के घंटाघर जहां चौबीस घंटे पुलिस पिकैट की तैनाती रहती है जहां पूर्व के समय में बनाये गये अटल बिहारी वाजपेयी पुस्तकालय भव्यता के साथ बनाया गया था। हालांकि उक्त पुस्तकालय में चौबीस घंटे ताला लटकता रहता था। लेकिन उसमें तीन एसी, दो पंखों के साथ अनेक किताबें रखी गयी थी।

# स्वास्तिक नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

जिला मुख्यालय के करमेर रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया और डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और परिजनों को शांत कराया। बता दें कि गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सरावन निवासी प्रभा देवी पत्नी एमपी सिंह को बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए 25 अप्रैल को उरई के हाथी मंदिर, राजेंद्र नगर स्थित स्वास्तिक नर्सिंग होम में डॉ. सुरेंद्र कुमार के पास भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के तुरंत बाद ही प्रभा देवी की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि डॉ. सुरेंद्र ने बिना समुचित इलाज किए मरीज को झांसी रेफर कर दिया। झांसी में किसी भी अस्पताल में भर्ती न किए जाने के बाद, परिवार प्रभा देवी को ग्वालियर के बिरला मेडिकल रिसर्च सेंटर (ठपडत) ले गया, जहां कुछ समय तक उनका इलाज चला। इसके बाद, 15 मई से 22 मई तक उन्हें झांसी के नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और 22 मई की रात को प्रभा देवी का निधन हो गया।

# युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज़।**

▸ पुलिस ने पत्नी को किया गिरफ्तार

पुलिस ने युवक द्वारा आग लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पत्नी सहित 5 ससुरालीजनों के खिलाफ मामला दर्ज किया। अदालत के आदेश पर दर्ज हुए मामले में पत्नी को गिरफ्तार भी कर लिया है।

विदित हो कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगरौल में गत 13 मार्च को सोनू नामक युवक ने अग्नि स्नान कर लिया था। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया था लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे झांसी रिफर कर दिया था और कई दिनों तक चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई थी हालांकि इससे पहले उसने वीडियो के जरिए अपनी पत्नी वर्षा तथा उसके परिजनों को जिम्मेदार बताया था जिसकी शिकायत मृतक के पिता छुन्ना प्रजापति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था जिसके चलते वादी ने अदालत का सहारा लिया था और अदालत ने पुलिस को मामला दर्ज कर जांच शुरू करने के निर्देश दिए थे जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने शनिवार सुबह मृतक के पिता की तहरीर पर उसकी पत्नी वर्षा, सास सावित्री के साथ पत्नी के भाई मोहन, कृष्णा तथा नीलेश के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# एल्ड्रिच का लहराया परचम, जिला टॉपर सहित मेधावियों का हुआ सम्मान

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

बृज कुँवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में गत वर्षो की भांति इस बार भी पूरे जनपद की परीक्षा परिणाम में अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार द्वारा समस्त मेधावियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्री अरूण कुमार विसेन जिला जज, हमीरपुर, स्कूल के डायरेक्टर व प्रधानाचार्या ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही मुख्य अतिथि महोदय ने एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के शैक्षिक वातावरण की भूरि - भूरि प्रंसशा की। उन्होंने कहा कि एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल अपनी गुणवत्ता को शुरूआत से ही बनाये हुये है। इस स्कूल ने राष्ट्र निर्माण में अनेको मेधावी छात्रों का अतीव योगदान दिया है।

इस दौरान एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल को वर्ष 2024-25 के देश के सर्वोत्तम स्कूल का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। स्कूल के डायरेक्टर इ. अजय इटौरिया ने उत्साहित बच्चों को उनके परीक्षा परिणाम एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी. उन्होंने विशिष्ट स्थान अर्जित करने वाले सभी छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन सभी छात्रों ने नियमित विद्यालय आकर जिस अनुशासन और लगन के साथ परिश्रम किया है उसके लिए सभी छात्र बधाई के पात्र है। विद्यालय के चैयरमेन सुविधा इटौरिया ने कहा कि




विद्यालय के अध्यापक ने हमेशा शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया। इसलिए छात्र परीक्षाओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक सामाजिक और अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। संगीत का क्षेत्र हो, शारीरिक का क्षेत्र हो या कला का, विद्यालय की छात्र/छात्राओं ने हर हुनर में पारंगत होने का कार्य किया है। इस वर्ष 2025-26 सत्र से सीवीएसई बोर्ड ने सफल योजन के तहत हाईब्रिड डिजिटल शिक्षा के लिए माइक्रो सॉफ्ट कंपनी ने विद्यालय का चयन किया हैं इसमें विद्यालय के कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 के बच्चो को चयन कर उनको ट्रेण्ड करेगी। एव बच्चो को लैपटॉप भी उपलब्ध करायेगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीखंडे ने छात्रों की सफलता की भूरि-भूरि प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि सफलता से कभी भी अतिउत्साहित नहीं होना है बल्कि हमें अपने जीवन के लक्ष्य तय करके परिश्रम करते हुए आगे बढ़ना है। हाईस्कूल व इण्टर के छात्र छात्राओ को सम्मान समारोह में सम्मानित किया विद्यालय के छात्र ने जिले में हाईस्कूल के अक्षत निरंजन ने 97.8 प्रतिशत ने प्रथम एवं इण्टरमीडिएट के उत्कर्ष सिंह ने पीसीएम में 97.8प्रतिशत प्रतिशत के साथ रसायन मैथ में 100प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान एवं नैना बाजपई ने रसायन विज्ञान मे 100 अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया।

कक्षा 10वी के छात्र अक्षत निरंजन 97.8 प्रतिशत, स्मृति अग्रवाल 97.4 प्रतिशत, कैशव गुप्ता 97.4प्रतिशत, सैयांश गुप्ता 95.4 प्रतिशत, अंशिका सिंह 94.6प्रतिशत, शिवांग 94.6 प्रतिशत, पूर्वा राजपूत 94.4 प्रतिशत, वंशिका पटेल 94.4 प्रतिशत, अंशिका शर्मा 93.8 प्रतिशत, किशन यादव 93.8 प्रतिशत, अभिनव सिंह गौर 93.4 प्रतिशत, अदित्य कुशवाहा, 92.6 प्रतिशत, गौरी राजपूत 92.4 प्रतिशत, प्रिंस तिवारी, 92.2प्रतिशत, मनजीत सिंह 92 प्रतिशत, पार्थ गुप्ता 91.8 प्रतिशत, अंश द्विवेदी 91.8 प्रतिशत, हर्षिता निरंजन 91.2 प्रतिशत, अंश पटेल 91प्रतिशत, अहद खान 91 प्रतिशत, सोनिया सिंह 90.8 प्रतिशत, सौर्य तिवारी 90.8त्न, देव पटेल 90.4 प्रतिशत प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा 12वीं के छात्र उत्कर्ष सिंह 97.8 प्रतिशत, नैना बाजपई 98 प्रतिशत, अनुष्का चतुर्वेदी 97.2 प्रतिशत, शौर्य विसेन ने 96.8 प्रतिशत, अभय बाजपाई 95.8 प्रतिशत, शिवांश पालीवाल 95.6त्न, अंशिका निरंजन 94.8 प्रतिशत, स्तुति अग्रवाल 94.6 प्रतिशत, मुदिता शिवहरे 94.6 प्रतिशत, पारूल राजपूत 94 प्रतिशत, पलक यादव 93.8त्न, गौरी गुप्ता 93.4 प्रतिशत, नन्दनी पटेरिया 93.2 प्रतिशत, शिवांश कश्यप 92.8 प्रतिशत, नव्या गुर्जर 92 प्रतिशत, समरजीत सिंह यादव 91.8 प्रतिशत, याशिका मिश्रा 91.8 प्रतिशत, वान्या सिंह 91.8 प्रतिशत, अंश द्विवेदी 91.8 प्रतिशत, सोम्या कौशल 91.6 प्रतिशत, अर्पित पटेल 91.6प्रतिशत, अंकिता सिंह 90.8 प्रतिशत, आदित्य सिंह 90.6 प्रतिशत, पुष्कर 90.6 प्रतिशत, अरनवी पटेल 90.4 प्रतिशत, नोया परवीन 90.4 प्रतिशत, अर्पित गुप्ता 90.2प्रतिशत, दीक्षा सोनी 90 प्रतिशत, अंश रविन्द्र चौहान 90 प्रतिशत, आर्यन सिंह 90 प्रतिशत, जुनेद खान 90 प्रतिशत, कनिष्क दीक्षित 90त्न प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय मे विज्ञान वर्ग के 22 छात्रो के गणित मे 100 प्रतिशत, 19 छात्रो के रसायन विज्ञान मे 100 प्रतिशत, कला वर्ग मे 13 छात्रो के अर्थशास्त्र मे 100 प्रतिशत, 6 छात्रो के इतिहास मे 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुज भदौरिया तथा डॉ. श्वेता अग्रवाल ने किया। शिक्षकों में पुरूषोत्तम पुरवार, केके चर्तुवेदी, गोविन्द सिंह, देवेश पाठक, नीरजा त्रिपाठी, दीक्षा दूरवार, महेश कुशवाहा, शिव शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# जन्म प्रमाण पत्र में लापरवाही बरतने पर पंचायत सचिव निलंबित

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज़।**

▸ 14 फरियादियों ने दर्ज करायीं शिकायत

कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी के तेवर सख्त रहे। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र बनाने में हीला हवाली करने पर छौंक गांव के पंचायत सचिव को निलंबित करने का फरमान जारी किया है। इतना ही नहीं उन्होंने जनता की सभी समस्याओं को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को कोतवाली में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया इस दौरान 14 शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई है। इस मौके पर छौंक गांव निवासी मनोज कुमार ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि उसने अपने तीन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ग्राम पंचायत पर आवेदन किया था लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी प्रमाण पत्र जारी नही हुए हैं जिससे बच्चों का दाखिला विद्यालय में नही हो पा रहा है। प्रमाण पत्र बनाने में हीला हवाली पर जिलाधिकारी नाराज हो गये और उन्होंने मौके पर ही पंचायत सचिव इन्द्रजीत राणा को निलम्बित करने का फरमान जारी कर खण्ड विकास अधिकारी कदौरा को अविलम्ब प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम गुढाखास निवासी किसान ने चकरोड पर कब्जा की शिकायत की तो उन्होने शिकायत कर्ता को आश्वस्त किया।

**गुरूकुल महाविद्यालय पुरासी,हलोर – रायबरेली**
सम्बद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
**आवश्यकता है**

| | | |
|---|---|---|
| स्नातक | बी0एस0–सी0 | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित |
| परास्नातक | एम0ए0 | हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं गृह विज्ञान |
| लाईब्रेरियन | | |
| प्राचार्य | | |

उपरोक्त विषयों के प्रवक्ताओं एवं प्राचार्य तथा लाईब्रेरियन पद हेतु योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेज हमारे लिखित पते पर डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है। योग्यता विश्वविद्यालय के मानकानुसार तथा कार्यानुभव को वरीयता दी जायेगी।

पता : गुरूकुल महाविद्यालय पुरासी, हलोर, रायबरेली उ0प्र0 – 229103
सम्पर्क सूत्र : 7651832382, 9415922520
ईमेल : gklmahavidyalaya@gmail.com
प्रबन्धक/सचिव : श्री आर0 डी0 मिश्र (अधिवक्ता उच्च न्यायालय)

# प्रधान पति व प्रधान संघ के अध्यक्ष की उपचार के दौरान मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

- डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस
- सपा जिलाध्यक्ष समेत कई सपाइयों ने व्यक्त की शोक संवेदना

ग्राम प्रधान पति प्रधान संघ अध्यक्ष के निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र से काफी संख्या में लोग अंतिम दर्शन करने के लिए पहुंचे। सूचना मिलते ही पहुंचे डॉ.जितेंद्र सिंह यादव ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया तथा मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम प्रधान सुनीता देवी के पति समाजसेवी संजीव यादव की बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गयी। सुबह होते ही जैसे ही यह समाचार आसपास के लोगों को मिला, तो वह प्रधान संघ अध्यक्ष के घर की ओर दौड़ पड़े और घर पहुंचकर मृत शरीर के अंतिम दर्शन कर ईश्वर से आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान हर किसी की आंख नम दी। सूचना पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ.जितेंद्र सिंह यादव ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया तथा मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान गंगा घाट पर मृतक मृतक के भाई राजीव यादव तथा अन्य परिजन डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव से मिलकर फूट-फूटकर रोने लगे। डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव की भी आंखें नम हो गई और उन्होंने राजीव यादव सहित पूरे परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह तो प्रकृति का नियम है, जो आया है उसको एक दिन अवश्य जाना पड़ता है। इस समय आप सभी को हिम्मत से काम लेना चाहिए और आगे के कार्य को अंजाम देना चाहिए। यहीं पर मनुष्य की नहीं चलती है। गंगा तट पर समाजवादी नेताओं का जमावड़ा रहा। जिसमें जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, राम प्रकाश यादव कल्लू, कायमगंज के पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, इलियास मंसूरी, सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी सहित विकास खंड क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान तथा अन्य पार्टियों के भी नेता, चाहने वाले व शुभचिंतक मौजूद रहे।


गंगा तट पर परिजनों को ढांढस बंधाते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

# सोलर ड्रायर तकनीक पर आधारित समूह को दिया गया प्रशिक्षण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक के निर्देशन से पीसीआई इंडिया एवं प्रेरणा ओजस के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के ब्लॉक कमालगंज की महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आय बढ़ाने हेतु सोलर ड्रायर तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। पीसीआई इंडिया के एसोसिएट निदेशक आदिल अब्बास ने बताया कि सोलर ड्रायर से आम, सेब, अंगूर इत्यादि को सुखाकर ड्राई फ्रूट स्लाइस, फ्रूट पाउडर, फ्रूट बार एवं नेचुरल स्वीटनर हरी मटर, धनिया पत्ती, पुदीना, अदरक, टमाटर आदि को सुखाकर सब्जी मिक्स, हर्बल ब्लेंड्स, अदरक पाउडर, मिर्च, हल्दी, खड़ी धनिया आदि को सुखाकर शुद्ध मसाला पाउडर, मिक्स मसाले एवं रेडी-टू-कुक मसाला पैक जैसे उत्पाद विकसित किए जा सकते हैं। अश्वगंधा, शतावरी, सतावर, मोरिंगा, सहजन, अर्जुन की छाल आदि औषधीय पौधों को सुखाकर हर्बल चूर्ण, टी मिक्सचर, सप्लीमेंट कैप्सूल तथा आयुर्वेदिक उत्पाद के रूप में रूपांतरित किया जा सकते हैं। एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन मैनेजर अंबुज रवि ने बताया की इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को मूल्य संवर्धन की तकनीकों से अवगत कराकर उन्हें स्वरोजगार एवं आय सृजन की दिशा में सशक्त बनाना है। इससे न केवल आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने सोलर ड्रायर के निर्माण, संचालन, रख-रखाव एवं विपणन संबंधी जानकारियाँ दीं। महिलाओं ने इस नवाचार में गहरी रुचि दिखाई और प्रशिक्षण के पश्चात अपने अनुभव साझा किए। यह पहल महिला सशक्तिकरण, सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति एवं स्थायी ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास है।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद समूह की महिलायें

## संदिग्ध अवस्था में वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

**कमालगंज, समृद्धि न्यज।** थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी रियाजबी पत्नी स्वर्गीय अयूब ने आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दी। पड़ोसियों ने छत पर शव को लटकते हुए देखा, तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार रियाजबी पत्नी स्वर्गीय अयूब उर्फ कल्लू उम्र लगभग 72 साल ने सुबह 8:00 के बाद अपनी छत के ऊपर बने बरामदे में दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि सुबह 8:00 के लगभग उन्हें चाय पीते हुए देखा गया। बताते चले रियाजबी की तीन बेटियां तथा एक पुत्र है। तीनों बेटियां व पुत्र की शादी हो चुकी है तथा पुत्र महबूब जयपुर में रहकर जरदोजी का काम करता है। वह घर पर अकेली रहती थी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि उनकी तबीयत अक्सर खराब रहती थीष। शायद इसी कारण फांसी लगा ली होगी। वहीं पड़ोसियों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर मौका मुआयना करवाया तथा मृतका के शव को कब्जे में लेकर दरोगा गीतम सिंह ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस मौके पर सीओ अमृतपुर अजय वर्मा तथा थाना प्रभारी राजीव कुमार सहित फॉरेंसिक टीम व मोहल्ले के लोग मौजूद रहे।


मौके पर जांच करते सीओ व थाना प्रभारी

# लोहिया में मोबाइल की रोशनी में किया जा रहा मरीजों का इलाज

**खत्म हुआ योगी का डर......**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीएमएस की हिटलरशाही के चलते लोहिया अस्पताल आये दिन सुर्खियों में रहता है। मंत्री से लेकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण के बाद भी लोहिया की बदहाल व्यवस्थायें नहीं सुधर रही हैं। सूत्रों के अनुसार इसमें सीएमएस की ऊपर तक पहुंच बताई जा रही है। जिससे बदहाल लोहिया अस्पताल की व्यवस्थाएं नहीं सुधर रही हैं।

जानकारी के अनुसार जनपद समेत आसपास के जनपदों में लोहिया अस्पताल की बड़े अस्पतालों में गिनती होती है। जनपद के अलावा आसपास के जनपदों के मरीज भी लोहिया अस्पताल में रेफर किये जाते हैं। लोगों का कहना है कि पूर्व में लोहिया अस्पताल की व्यवस्थायें काफी हद तक ठीक थीं, लेकिन जब से सीएमएस अशोक प्रियदर्शी की तैनाती हुई है, तब से लोहिया अस्पताल की व्यवस्थायें बदहाल हो गयीं। यहां आने वाले मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहीं एक्सरे मशीन खराब,तो कहीं अल्ट्रासाउंड मशीन खराब, कभी लाइट नहीं, तो कभी डाक्टर अपने कक्षों से नदारद रहते हैं, आदि समस्याओं से लोहिया अस्पताल जूझ रहा है। मरीजों के लिए आने वाला नास्ता व खाना आदि मीनू के अनुसार न देकर उसमें भी कटौती की जा रही है। हालांकि सूबे के मंत्री बृजेश पाठक तथा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बीते दिन लोहिया अस्पताल का निरीक्षण किया था तथा सीएमएस को व्यवस्थायें सुधारने के निर्देश भी दिये थे, लेकिन सीएमएस पर मंत्री व जिलाधिकारी के आदेश का कोई असर नहीं हुआ।

सीएमएस अपने हिटलरशाही अंदाज में काम कर रहे हैं। वह किसी की नहीं सुनते हैं। बीते दिन उनका सीएमओ से भी विवाद हो गया था। सूत्रों का कहना है कि सीएमएस की पहुंच ऊपर तक है, इसलिए सीएमएस का कोई बालबांका नहीं कर पा रहा है। यदि समय रहते सीएमएस को नहीं हटाया गया, तो वह दिन दूर नहीं जब लोहिया अस्पताल में आने वाले मरीज इलाज तक के लिए तरस जायेंगे।


मोबाइल की रोशनी में इमरजेंसी में मरीज का उपचार करते कर्मचारी

# बी.एस.सी. की छात्राओं ने फाइनल की छात्राओं को दी फेयरवेल पार्टी


फेयरवेल पार्टी के दौरान मौजूद छात्रायें व मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज लोहियापुरम आवास विकास मे आज बी.एस.सी. की छात्राओं द्वारा फेयरवेल पार्टी दी गई। जिसमें बी.एस.सी. फाइनल ईयर की छात्रा कंचन मिस फेयरवेल चुनी गईं। मिस इवनिंग खुशबू कटियार एवं मिस फ्रेशर सृष्टि श्रीवास्तव को चुना गया एवं मिस यू.पी. काव्य राजपूत को चुना गया। सभी छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। जिसमें बीएससी के सभी छात्राएं एवं महाविद्यालय के सभी अध्यापक गणित व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी छात्राएं महाविद्यालय से बिछड़ने के गम में भाव विभोर होकर रोने लगीं। इस मौके पर मौजूद विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनायें कीं।

## खबरें एक नजर में

### एमसीवी बॉक्स की चपेट में आकर लाइनमैन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत उपखण्ड रिटौल में तैनात संविदा लाइनमैन नावेद क्षेत्र के दमदमा में लगे नये ट्रासफार्मर रखकर उसमें एमसीवी बॉक्स में कार्य कर रहे थे। उसी समय अचानक बॉक्स की चपेट में आकर लाइन मैन नावेद की हथेली सहित हाथ की उंगली में काफी चोटें आईं। साथ में काम कर रहे लाइन मैन देवेन्द्र, बन्टी, दिनेश, अनुज ने घायल अवस्था में साथी नावेद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ उपचार जारी है। सूचना पर पहुंचे जेई जावेद अहमद ने घायल लाइनमैन नावेद से जानकारी की।

### पुलिस ने जुए के फड़ से पांच को पकड़ा, नकदी बरामद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुहल्ला बरतल में जुए का खेल होने की सूचना पर उपनिरीक्षक हेमंत कुमार ने पुलिस बल के साथ छापामारी की। पुलिस ने मुहल्ला बरतल निवासी अंशुमान, शिवम कुमार, ललित कुमार, विनय यादव, देवेंद्र शाक्य को जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 1095 रुपए, ताश के पत्ते बरामद किए। थाना पुलिस ने गिरफ्तार पांचों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### देवर ने भाभी के साथ किया गाली-गलौज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाने के गांव ढिढुलिया पट्टी निवासी पीआरडी जवान सूरज पाल सिंह की पत्नी शिव कुमारी शुक्रवार रात लगभग 8 बजे घर पर थी। उसी समय नशे की हालत में आए देवर व उनके साथियों ने रंजिश को लेकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर देवर व उसके साथी मारपीट करने पर आमादा हो गए। लोगों के आने पर युवक जानमाल की धमकी देकर मौके से भाग गए। थाना पुलिस को शिव कुमारी पत्नी सूरज पाल सिंह ने देवर व उनके साथियों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### किराना दुकान से नकदी व सामान चोरी, लगायी आग

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने किराना की दुकान से नगदी, सामान आदि चोरी कर लिया। चोरी करने के बाद दुकान में आग लगा दी। चार दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला माँझगांव पूर्व निवासी प्रिंस गुप्ता की किराने की दुकान से बुधवार की बीती रात चोरों ने शटर के ताले तोड़कर नगदी, किराने का सामान चोरी कर लिया। चोरी करने के बाद चोरों ने दुकान में आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने बुधवार दोपहर थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर दुकानदार से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए। चार दिन बाद शुक्रवार देर रात पुलिस ने अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दीवान घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से दीवान घायल हो गया। राहगीरों ने स्वजन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे स्वजन दीवान को इलाज के लिए ले गए। जहां रस्ते में उनकी मौत हो गई। अज्ञात वाहन के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव बिलसड़ी निवासी अरुण कुमार पांडे मथुरा न्यायालय में दीवान के पद पर तैनात थे। कुछ दिन पूर्व वह छुट्टी लेकर घर आए थे। एक सप्ताह पूर्व दीवान बाइक से रुदायन से कंपिल आ रहे थे। गांव मानिकपुर मोड़ के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गए। स्वजन इलाज के लिए फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर कानपुर ले जाते समय उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र आयुष पांडे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया।

# दबंग से भयभीत हुए नगर पंचायत के ईओ, सरकारी हैंडपंप पर दबंगों का कब्जा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत में शामिल हुए गांव पलिया में होली की जमीन पर हैंडपंप लगा है। कुछ दिन से उसके आसपास गांव के ही दो लोगों ने कब्जा कर बाउंड्री बना ली है और गेट भी लगा लिया है। शिकायत के बाद भी नगर पंचायत ने ध्यान नहीं दिया। जनसुनवाई पोर्टल पर बिना गए बिना शिकायतकर्ता के पूछे बताए निस्तारण करके भेज दिया। दबंग के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि एक शिकायत का निस्तारण हो नहीं पाया और दूसरे सरकारी हैंड पंप को घर में ले लिया। जिससे लोगों को पानी के लिए परेशानी हो रही है और ग्रामीणों ने एसडीम कायमगंज को पत्र भेजकर जांच कर जमीन को खाली करने और दोनों हैंड पंप को बाउंड्री से और घर से बाहर करने की मांग की है, लेकिन घूसखोर लेखपाल आदर्श कुमार जांच करने के नाम पर पीड़ित पक्ष को गुमराह करना और दबंग कब्जाधारियों से पैसा वसूलना और गलत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजना इसका परम कर्तव्य है। अब देखना यह है की दबंगों के आगे नतमस्तक होगा शासन प्रशासन या पीड़ित ग्रामीणों को कब्जा मुक्त दोनों हैंडपंप कराया जाएगा।


बाउंड्री के अंदर सरकारी हैंडपंप

# नोडल अधिकारी ने मड़ैयन घाट पुल व कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज में गंगा पर बन रहे महमदगंज मड़ैयन घाट पुल का विशेष सचिव नोडल अधिकारी राजेश प्रजापति ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार से भी बात की तथा सरिया, सीमेंट, मौरम आदि की गुणवत्ता भी देखी। फिलहाल पुल पर हो रहे काम से वह संतुष्ट दिखे। उन्होंने बताया काम की स्पीड काफी अच्छी है। वहीं जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि जिस स्पीड से यह काम चल रहा है उससे तो लास्ट दिसंबर 2025 तक निर्माणाधीन कार्य समय से पहले ही काम पूरा हो जाएगा।

बताते चले सेतु परियोजना के अंतर्गत मड़ैयन घाट पुल का निर्माण लगभग दो अरब की रुपए की लागत से किया जा रहा है। जिसका लगभग 80 से 82 परसेंट काम पूरा हो चुका है। जिसका शिलान्यास 10 जून 2023 को तत्कालीन मंत्री जितिन प्रसाद के द्वारा किया गया था। यह सेतु कमालगंज-फर्रुखाबाद जिला से हरदोई जिला को जोड़ने का कार्य करेगा। जिसमें हरदोई जिला के लगभग 200 गांव इस पुल से जुड़ जाएंगे। जिसकी कुल लंबाई लगभग 2 किलोमीटर है। सेतु के बनने से फर्रुखाबाद जिला और हरदोई जिला का व्यापार बढ़ जाएगा तथा दूरी भी काम हो जाएगी। जिससे सेतु के आसपास बसने वाले गांव में शिक्षा चिकित्सा सुविधा तथा व्यापारिक सुविधा आसानी से मिल सकेगी। इसके बाद विशेष सचिव ने कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव देवरान गढ़िया में बनी कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। जहां पर उन्हें कुछ गायें सूखा भूसा खाते हुए दिखाई दीं। जिस पर उन्होंने कर्मचारी श्याम कुमार से पूछा तो श्याम ने बताया कि हरा चारा 2:00 बजे तक आता है। फिर उन्होंने सहकारिता रजिस्टर चेक किया। जिस पर मोबाइल नंबर अंकित नहीं मिले। जिस पर विशेष सचिव ने डॉक्टर को फटकार लगाई। वहीं साफ-सफाई की व्यवस्था पर सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि गायों को समय से हरा चारा तथा दाना पानी की व्यवस्था पूर्ण रूप से की जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला विकास अधिकारी श्याम मोहन तिवारी, एसडीएम गजराज यादव, खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद शर्मा, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर अजय वर्मा तथा थाना अध्यक्ष राजीव कुमार सहित तमाम जिले के आला अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।


पुल का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी व अन्य

# एसडीएम व डिप्टी सीएमओ के निरीक्षण में सीएचसी प्रभारी मिले गायब

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर गंभीर कदम उठाए जा रहे हैं जिसके चलते लगातार कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं। जिसको देखते हुए आज उप जिला अधिकारी अतुल कुमार सिंह ने डिप्टी सीएमओ दीपक कटारिया के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉक्टर आरिफ सिद्दीकी उपस्थित नहीं मिले ना ही उप जिलाधिकारी को छुट्टी लेने का कोई अभिलेख प्राप्त हुआ और यह भी बताया गया हर बार निरीक्षण के दौरान चिकत्सा प्रभारी आरिफ सिद्धिकी बिना छुट्टी लिए ही गायब रहते हैं। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री के द्वारा 6 बिंदुओं पर जांच मांगी गई तथा कमिश्नर के यहां से 10 बिंदुओं की जांच होनी है। अन्य 42 बिंदु दिए गए हैं। जिनमें से कुछ बिंदुओं की जांच पूर्ण तरीके से की गई है।

जिसमें बताया कि चिकित्सालय के परिसर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, अंदर कमरों में सफाई ठीक पाई गई, व्हीलचेयर पाए गए। जब मरीज से एसडीएम ने बात की तो उन्होंने बताया कि लाइट न होने के कारण एक्सरे नहीं हो पाते हैं। मौके पर जनरेटर खराब पाया गया। जिस पर डॉक्टर ने बताया मैकेनिक काम कर रहा है। उसे ठीक कराया जा रहा था। दवाई स्टाक रुम में हल्की गंदगी मिली है। लेबर रूम में जिन महिलाओं के प्रसव किए गए थे उनको जननी सुरक्षा के तहत 1400 देना बताया गया। जिसको लेकर उप जिला अधिकारी ने दो महिलाओं को फोन किया, लेकिन फोन ना उठने के कारण जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। प्रसूताओं से एसडीएम ने भोजन के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि मूंग दाल रोटी व दूध दिया जा रहा है। बेड के ऊपर चादर व कंबल नहीं थे। बेडशीट गंदी पाई गईं। मेडिसीन रजिस्टर ठीक पाया गया। लेबर रूम में सात किट होनी चाहिए थी, लेकिन पांच ही पाई गई। जल्द ही सात किट करने के निर्देश दिए। बीपी, शुगर, बलगम की जांच होती पाई गई। ऑक्सीजन प्लांट ठीक पाया गया। जांच के दौरान डेंटल डॉक्टर ने बताया कि आरसीटी नहीं हो पाती है ना ही दांतों की सफाईष। डॉक्टर ने बताया कि जिस चेयर पर बैठकर कार्य होता है वह खराब है। पत्रकार के द्वारा एसडीएम से सवाल किया गया कि एएनएम हर्ष वाला का ट्रांसफर एक महीने पहले जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया कर दिया गया था, लेकिन अभी तक उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कमरा नहीं छोड़ा है। जिस पर उप जिलाधिकारी ने डीएम को लेटर भेजने की बात कही। मौके पर डिप्टी सीएमओ दीपक कटारिया, डॉ0 प्रमित राजपूत, फार्मासिस्ट आलोक कटियार समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।


सीएचसी का निरीक्षण करते एसडीएम व डिप्टी सीएमओ

## वन दरोगा के पुनःचार्ज के बाद क्षेत्र में फिर सक्रिय हुए लकड़ी माफिया

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** इसे वन्य अधिकारियों का लकड़ी माफिया को संरक्षण कहा जाए, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि शमशाबाद क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया एक लंबे समय से सक्रिय हैं और शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में हरे भरे वृक्षों को काटकर अच्छी खासी कमाई कर वन विभाग के राजस्व को चूना लगा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है की लकड़ी माफिया जो कभी रात के अंधेरे में हरे भरे वृक्षों को कटवाकर दिन का उजाला होने से पहले ट्रैक्टर ट्रालियों के सहारे ठिकाने लगवा दिया करते थे। आजकल वही लकड़ी माफिया वन्य अधिकारियों के संरक्षण में पेड़ों के अवैध कटान के कार्य को धड़ल्ले से बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। इसका उदाहरण भी विकास खंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम कुइयांधीर निवासी रामाधार के खेत में देखने को मिला। बताते हैं यहां लगभग 12 से अधिक सागौन के पेड़ थे। जिसे लकड़ कट्टा लालू के द्वारा कटवाकर ठिकाने लगवा दिया गया। बताते हैं जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना कुछ समाचार प्रतिनिधियों को दी। जिस पर मौके पर देखा गया तो वहां 12 सागौन के पेड़ कटे हुए मिले। ज्ञात हो कि जब से वन दरोगा राकेश तिवारी ने चार्ज लिया है तब से लकड़ कट्टे पुनः सक्रिय हो गए हैं। शमशाबाद क्षेत्र में एक लंबे समय से हरे भरे वृक्षों को बेखौफ होकर लकड़ कट्टों द्वारा कटवाये जाने का कार्य जारी है। यही कारण है वन्य अधिकारियों के संरक्षण से बुलंद हौसलों के साथ लकड़ कट्टे दिन के उजाले में इस अवैध कार्य को अंजाम दे रहे जो एक चिंता का विषय है। वहीं जब लकड़ कट्टे लालू से सागौन के पेड़ों को काटने के संबंध में जानकारी की गई, तो उसने बताया कि मैने 12 सागौन के पेड़ काटे हैं जिनकी जड़ों पर मिट्टी भी हमने डलवा दी है। जिससे वन विभाग के कर्मियों को धोखा दिया जा सके। हम लोग जो भी हरी लकड़ी काटते हैं उसमें वन विभाग व पुलिस मेरा सहयोग करती है इसके ऐवज में हम उनको 40 परसेंट कमीशन के तौर पर देते हैं आप मेरा कुछ नहीं कर पाओगे।

# एक तरफ युवक की उठी अर्थी, तो दूसरी तरफ ममेरी बहन की डोली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेत में टूटे पड़े हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गयी। जहां एक तरफ आज मृतक की ममेरी बहन की बारात आनी है, वहीं दूसरी तरफ युवक की मौत से शादी की सारी खुशियां मातम में बदल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गॉव मंगलीपुर निवासी पंकज उम्र 25 वर्षीय पुत्र प्रकाश के मामा देशराज की बेटी रागिनी की बारात 24 मई शनिवार को सलेमपुर उम्मरपुर थाना नवाबगंज से आनी है। गॉव में जोर शोर से शादी की तैयारियां चल रही थीं। पंकज ने मामा देशराज से कहा हम खेत पर जाकर बीज गाड़कर थोड़ी बहुत देर में आ जायेंगे। पंकज जैसे ही खेत पर पहुंचा, तो खेत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन का एक तार नीचे टूटा हुआ पड़ा था। जिसे पंकज देख नहीं पाया और उसकी चपेट में आकर अचेत होकर वहीं गिर पड़ा। पंकज के खेत में लगी समर से पानी पीने आए उसके चाचा गुलशन ने भतीजे पंकज को जब खेत में पड़ा देखा, तो परिजनों को सूचना दी। जिस पर पंकज के भाई निवेश, रिंकू, आदित्य, कौशल ने खेत पर पहुँचकर भाई पंकज को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने पंकज को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की मॉ संसारवती सहित बहनें अन्जली, शोभा सहित हल्का इन्चार्ज सुरजीत यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचकर जाँच पड़ताल कर मृतक पंकज के शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एक तरफ जहां ममेरी बहन की शादी की तैयारियां चल रही थीं, तो वहीं दूसरी तरफ इस घटना से सारी खुशियां मातम में बदल गयीं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

### विद्युत विभाग की लापरवाही से घटी घटना

पीड़ित परिजनों का कहना है कि कई बार विद्युत विभाग को लाईन ऊंची करने के लिए कहा गया, लेकिन विभाग ने एक नहीं सुनी। अगर लाईन ऊंची होती, तो शायद इस घटना को टाला जा सकता था। परिजनों का कहना है कि आज उनके परिवार में शादी थी और दूसरी तरफ घटी इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

### सादे समारोह में हुई शादी

दर्दनाक घटी घटना के बाद सादे समारोह में शादी की रस्म अदायगी की गयी। बाराती के रुप में कुछ लोग ही पहुंचे और सामान्य तरीके से शादी सम्पन्न करायी गयी। परिजनों का कहना था कि आज ही शादी होनी थी, यदि ज्यादा समय होता, तो शादी को आगे बढ़ा देते, लेकिन सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी थीं। इसलिए सादे माहौल में शादी सम्पन्न करानी पड़ी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से जली गृहस्थी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों मे घर में आग लग गई। जिसमे जेवर, नगदी सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने क्षति का आकलन किया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कैरई निवासी पप्पू यादव शुक्रवार शाम भाई सतेन्द्र की दवा लेने पड़ोसी गांव रौकरी गए थे।

ग्रामीणों ने फोन पर घर में आग लगने की जानकारी दी। मौके पर पहुँचे पप्पू को आग से गृहस्थी, गेहूं बिक्री के रखे 50 हजार की नगदी, जेवर समेत अन्य सामान जला मिला। ग्रामीण स्थानीय संसाधनों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। हवा चलने से आग ने विकराल रूप ले लिया। गृहस्थी समेत अन्य सामान जल गया। पीड़ित ने बताया की घटना के समय घर पर कोई नहीं था। मौके पर पहुंचे लेखपाल अनिल ने जांच पड़ताल कर आग से हुई क्षति का आंकलन किया। पीड़ित के अनुसार करीब दो लाख रूपये का नुकसान हुआ है। परिजन आग लगने का कारण नहीं बता सके। पीड़ित पप्पू ने बताया की पहले भी पड़ोसी गांव पलीतपुरा में रहते थे। गंगा मे कटान की वजह से करीब 3 वर्ष पहले आशियाना उजड़ चुका है। अब घर मे दोबारा आग लगने की घटना से बेहद दुखी हैं।


जले सामान को देखते ग्रामीण

# प्रधानाचार्य लिपिकों के समर्थन में उतरे, दिया ज्ञापन



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रधानाचार्यों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के लिपिकों के विरोध में कक्ष में ज्ञापन दिया गया। कार्यालय के समस्त लिपिकों का कार्य एवं व्यवहार सभी प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के प्रति अति व्यवहारिक है। ऐसे में प्रधानाचार्य परिषद अनुरोध करता है कि व्यक्ति विशेष के दबाव में किसी भी लिपिक का पटल परिवर्तन न किया जाये। हम सभी प्रधानाचार्य परिषद के सदस्य व पदाधिकारी लिपिकों के विरोध में दिये गये ज्ञापन में खड़ंन एवं भरसना करते है। बीते दिनों दूसरे गुट द्वारा दिये गये ज्ञापन में तथ्यों को छिपाकर अपनी द्वेश भावना से प्रेरित होकर ज्ञापन देकर छवि धूमिल की जा रही है। ऐसे में बिना दबाव के निष्पक्ष भावना से कार्य करते रहे।

प्रधानाचार्य परिषद पूर्ण सहयोग करती रहेगी। इस मौके पर अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, कणवेन्द्र सिंह, ओमपाल सिंह रघुवंशी, प्रेमपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## निजी कार्य के चलते दोनों लिपिकों से निकाली गई खुन्नस

फर्रुखाबाद। बीते दिनों प्रधानाचार्य परिषद द्वारा डीआईओएस कार्यालय में पटल सहायक मनोज कुमार मिश्रा व प्रेमचन्द्र यादव के खिलाफ ज्ञापन दिया गया था। जिस पर स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा0 धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी व कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दुष्यंत पाल आदि ने खड़ंन किया और कहा कि बीते दिनों दिये गये ज्ञापन में हस्ताक्षर कराने के दौरान गुमराह किया गया। निजी एवं कार्यलीन विवाद के चलते दोनों लिपिकों से मेरा कोई वास्ता नहीं है।

## प्रबंधक की शिकायत पर प्रधानाचार्य के खिलाफ जांच समिति नामित

फर्रुखाबाद। मोहन लाल शुक्ला आदर्श इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी ने विद्यालय का एकल संचालन के लिए नाम ट्रांसफर कराने के लिए आवेदन दिया था। जब यह बात विद्यालय के प्रबंधक को पता चली तो उन्होंने इसकी शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने एक कमेटी डीआईओएस व ईओ को नामित कर जांच समिति बना दी। इसी की प्रतिलिपि जब मांगने प्रधानाचार्य संदीप कुमार चतुर्वेदी डीआईओएस कार्यालय गये थे तब लिपिक ने डीआईओएस से पूछकर उन्हें प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की बात कही थी। इसी बात से नाराज हो गये और उन्होंने प्रधानाचार्य परिषद के कुछ पदाधिकारियों के साथ डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा था। दोनों लिपिकों ने बताया कि वह अपने निजी स्वार्स्थ के चलते विवाद को तूल दे रहे है। जबकि सत्यता कुछ और है। जांच में सब स्थिति साफ हो जायेगी।

# अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों की हड़ताल जारी

**शासन की बुद्धि-शुद्धि के लिए किया सुंदरकाण्ड पाठ**



धरने के दौरान मौजूद अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

तहसील सदर बार एसोशिएशन के अधिवक्ताओं की हड़ताल लगातार पांचवें दिन भी जारी रही अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों ने शासन की बुद्धि शुद्धि के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया।

शनिवार को तहसील सदर में अधिवक्ताओं ने शासन की बुद्धि शुद्धि हेतु सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। जिसमें तहसील सदर में कार्यरत अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक सम्मिलित हुए। शनिवार को हड़ताल का असर साफ दिखाई पड़ा एक भी बैनामा रजिस्ट्री नहीं हुई। अधिवक्ताओं की अनिश्चित कालीन हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। अधिवक्ता पूरे रजिस्ट्री भवन में टेंट लगाकर धरने पर बैठे रहे किसी भी अधिवक्ता ने बैनामा रजिस्ट्री पेश नहीं की। विरोध करने वालों में सचिव अतुल मिश्रा, विकास सक्सेना, अतर सिंह कटियार, दयाशंकर तिवारी, ओम प्रकाश दुबे, रविनेश यादव, पंकज राजपूत, संजय शाक्य, सुधीर सक्सेना, कुलदीप त्रिपाठी, राजेश वर्मा, संजय कटियार, राहुल दीक्षित, अतुल शाक्य, मंजेश सोमवंशी, गोकुलेश सक्सेना, विपिन यादव, ऋषि सक्सेना, अतुल शाक्य, जितेंद्र सक्सेना, रामवरन दीक्षित, अनुराग तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# बीए प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा



बैठक लेते डीएम

**जनपद के तीन केंद्रों पर होगी एक जून को परीक्षा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभगार में 01 जून को होने वाली बीए प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि हर सेंटर पर पर्याप्त मात्रा में कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगा दी जाये, सभी केंद्रों पर क्लॉक रूम की व्यवस्था की जाये, परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की जाये, कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट परीक्षा केंद्र के अन्दर नहीं जायेगा। सभी अधिकारी व कर्मचारी परीक्षा के लिये जारी किये गए निर्देशों का भली भांती अध्ययन कर ले, सभी परीक्षार्थियों की प्रॉपर तलाशी ली जाये, जनपद में परीक्षा के लिये 03 केंद्र निर्धारित किये गये है। बैठक में अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# युवजन सभा ने पीडीए कार्यक्रम को गांव-गांव तक पहुंचाने पर दिया जोर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक में मौजूद सयुस पदाधिकारी

समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने अध्यक्षता की। लखनऊ से आये समाजवादी युवजन सभा के प्रभारी अमन खां ने पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ब्लॉक, नगर एवं विधानसभा क्षेत्र में पीडीए कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। साथ ही युवजन सभा गांव-गांव, गली-गली जाकर जनसंपर्क अभियान चलाएगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाएगी। जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने कहा कि युवजन सभा जनपद में पूरी सक्रियता के साथ संगठनात्मक गतिविधियों में लगी है। सभी पदाधिकारियों को 10-10 ग्राम पंचायतों में जनचौपाल आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही नए वोट जुड़वाने और गलत नामों को हटवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा यदि हम बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर लें तो 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को बड़ी सफलता मिलेगी और भारतीय जनता पार्टी को हर बूथ पर शिकस्त दी जा सकेगी। इस मौके पर तस्लीम खान, इफरान सिद्दीकी, भोला यादव, शादाब खां, रिजवान खान, धर्मेंद्र यादव, संजय यादव, श्यामल यादव, पुष्पेंद्र चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। वहीं बैठक से पूर्व ग्राम कुतुबुद्दीनपुर के प्रधान पति प्रधान संघ के अध्यक्ष संजीव यादव के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर भाजपा ने लगायी प्रदर्शनी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन एवं उनके कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा एवं अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन एवं अवलोकन किया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया न्याय प्रिय शासन देने वाली रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती को भाजपा द्वारा पूरे जनपद में मनाया जा रहा है। विधायक सुशील शाक्य ने कहा रानी अहिल्याबाई का त्याग प्रशासनिक क्षमता एवं जन सेवा वर्तमान में नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। पार्टी एवं संगठन ऐसे महान राष्ट्र निर्माताओं के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर डॉ. भूदेव सिंह राजपूत, दिनेश कटियार, विमल कटियार, डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, धर्मेंद्र राजपूत, रमला राठौर, सुनील रावत, कुंवरजीत राजपूत, अशनील दिवाकर आदि लोग मौजूद है।

# रखा बालिका इंटर कालेज में छात्राओं ने समर कैंप में बनायी रंगोली



समर कैंप में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रखा बालिका इंटर कालेज में चल रहे समर कैम्प में बढ़-चढ़कर छात्राओं ने भाग लिया। 21 मई से शुरु हुए समर कैम्प जो १० जून तक चलेगा। प्रथम दिन छात्राओं ने रस्साकसी, म्युजिकल चेयर आदि खेल में प्रतिभाग किया। द्वितीय दिवस पर खो-खो एवं लूडो खेल छात्राओं को खिलाया गया। तृतीय दिवस शनिवार को रंगोली एवं पोस्टर बनाये गये। जिसको छात्राओं ने बारीकी से सीखा। प्रधानाचार्या डॉ. नीतू मसीह ने छात्राओं को टिप्स दिये। साथ ही आशा वदन, सुनीता व वीना एडवर्ड ने सीपीआर एवं बेसिक चिकित्सा और दवाईयों की जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। रुचि के अनुसार छात्राओं ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्रायें व शिक्षिकायें मौजूद रही।

# खबरें एक नजर में

## नवदुर्गा मंदिर में 27 मई को मनाया जायेगा शनिदेव का जन्मोत्सव



दुर्गा मंदिर में विराजमान शनिदेव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फतेहगढ़ में नवदुर्गा मंदिर पुलिस लाइन रोड स्थित शनि देव जन्मोत्सव 27 मई दिन मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियां जोरों पर है। मंदिर कमेटी के अलावा अन्य भक्तगण जन्मोत्सव मनाने के लिए तैयारियां कर रहे है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई व सजावट की जा रही है। जिससे आने-जाने वाले श्रद्धालु जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हो। हर शनिवार को बड़ी संख्या में भक्तगण शनिदेव के दर्शन करने आते है। इस बार मंदिर कमेटी की ओर से शनिदेव जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।

## तीन दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन आज से

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर के लोहाई रोड स्थित श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर में अध्यात्म चिन्तन संगोष्ठी एवं कवि-गोष्ठी के तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 25, 26 व 27 मई को होगा। जिसमें डॉ. शिवओम अम्बर प्रवचन करेंगे। यह जानकारी सुरेन्द्र सफ्फड़ ने दी है।

## शादी अनुदान योजना की स्वीकृति समिति/अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना की स्वीकृति समिति/अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी योगेश पाण्डेय के द्वारा बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनपद को 1092 लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना अंतर्गत अभी तक कुल 517 आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। माह मार्च में शादी एवं मार्च में आवेदन श्रेणी में कुल 58 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। पात्र लाभार्थियों को शीघ्र ही शादी अनुदान की धनराशि से लाभान्वित किया जाएगा। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी कायमगंज, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

## 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का लेकर डीएम ने की बैठक



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, योग सप्ताह 15 से 21 जून के आयोजन की तैयारियों के लिये बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि योग सप्ताह के उदघाटन दिवस 15 जून को मुख्यालय, तहसीलए ब्लॉक, नगर पालिका/पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किये जायें, सभी कार्यक्रम स्थलों पर साफ सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था कर ली जाये, सभी जनप्रतिनिधियों को उदघाटन में आमंत्रित किया जाये। 21 जून योग दिवस पर मुख्यालय, तहसील, नगर पालिका/पंचायतए ब्लॉक, पांचाल घाट, संकिसा, नींव करौरी, कंपिल सभी ग्राम पंचायतों, सभी थानों में योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। बैठक में योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थिति सभी लोगो को योग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पॉलीटेक्निक की परीक्षा में चार परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



निरीक्षण करते स्टेटिक मजिस्ट्रेट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज में चल रही सम सेमेस्टर परीक्षा में जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश पाल ने निरीक्षण किया। सांयकाल पाली में गणित विषय की परीक्षा में 39 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में बीस परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में उन्नीस परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। संस्थान में निरीक्षण के दौरान कोई भी परीक्षार्थी नकल करता नहीं पाया गया।

## समर कैम्प में बच्चों को कराया गया योगाभ्यास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में चल रहे समर कैम्प के तृतीय दिवस पर शिक्षक गजेन्द्र सिंह ने बच्चों को योगाभ्यास कराया और विभिन्न खेल कराये। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में 21 मई से 10 जून तक चलने वाले समर कैम्प में बच्चों को उनकी स्वेच्छा अनुसार खेल, पढ़ना, योगाभ्यास, रंगोली, पोस्टर, चिकित्सा पद्धति की जानकारी आदि सिखाई जा रही है। बच्चों ने स्वस्थ तन, मन को रखने के लिए पसीना बहाया और योग सीखकर स्वस्थ्य रहने का संकल्प लिया। विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास कराया। इस दौरान पारुल स्वर्णकार, तनुजा सरकार, नरेन्द्र सिंह के अलावा अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# आर्य समाज द्वारा बालिकाओं को दिया जायेगा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



जानकारी देते संदीप आर्य

आर्य समाज कमालगंज की ओर से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 25 मई को प्रातः 10 बजे से होगा। शिविर एक माह तक आर्य समाज मंदिर कमालगंज में चलेगा। शिविर के संयोजक आर्य समाज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि शिविर के अन्तर्गत बेटियों को सिलाई प्रशिक्षण, मेहंदी, ब्यूटीशियन, संगीत, चित्रकला व आत्मरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके द्वारा ग्रामीण अंचलों की बेटियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्य समाज सदैव महिला सशक्तिकरण का पक्षधर रहा है, ये रोजगार परक कोर्स बेटियों के जीविकोपार्जन में भी सहायक होंगे। आर्य समाज के प्रधान प्रदीप आर्य ने कहा कि इस प्रकार के शिविर प्रायः नगर मुख्यालय में ही लगते थे, ग्रामीण बालिकाओं के लिए इनमें सम्मलित होना संभव नहीं था। इसलिए प्रथम वार आर्य समाज ने यह प्रयास किया है जिससे सुदूर ग्रामीण अंचल की बेटियां को इसका लाभ मिल सके। सम्पूर्ण प्रशिक्षण पाने वाली प्रशिक्षणार्थीयों को पुरस्कृत कर आर्य समाज द्वारा हर तरह का सहयोग दिया जाएगा।

# भाई-बहन का प्यार दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता है : बीके शोभा बहन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कार्यक्रम में मौजूद बीके शोभा बहन व अन्य

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद अंगूरीबाग सेंटर पर ब्रदर्स-डे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में भाईयों ने भागीदारी की और शोभा बहन व अन्य सहयोगी बहनों ने तिलक लगाकर व पटुका पहनाकर व मुकुट पहनाकर भाईयों को दिव्य संदेश दिया। भैया बहन को न भुलाना गीतों पर नृत्य कर भावुक कर दिया। बीके शोभा बहन ने ऐश्वर्या सौगात भेंटकर कहा कि माना कि हम बहनें भाइयों से लड़ती झगड़ते है पर हक से तुमसे सब कुछ कह सकती हूं।

उन्होंने कहा कि भाई का प्यार दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता है। तुम्हारे होने से दुनिया में सबसे लकी बहन हूं मैं, जिसका ध्यान रखने वाले प्यार करने वाले इतने सारे भाई हो वो बहने कितने खुशनसीब है, जिनके पास भाई होता है चाहे कितने भी हो हालात पर भाई हमेशा साथ होता है और जिनके सिर पर परमात्मा भाई जैसा एवं आप सब भाई का हाथ हो उसे किस बात की फिक्र होती है। सवायजपुर, बारसोईया, पाली, परतापुर, पांचाल घाट, मसेनी, कन्नौज, मैनपुरी, डाल नगला तथा अनेक स्थानों से सैकड़ो भाई उपस्थित रहे। इस मौके पर संजय गर्ग, वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## ट्रेन से गिरकर अधेड़ घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। ट्रेन से गिरकर अधेड़ घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव रिटौल निवासी सर्वेश कुमार उम्र 45 वर्षीय पुत्र गजराज सिंह सुबह किसी काम से फतेहगढ़ कचहरी गया था। वहाँ से ट्रेन के डिब्बे में बैठकर कायमगंज रेलवे स्टेशन पर उतरना था, लेकिन भूल गये। ट्रेन में बैठे पात्रियों ने सर्वेश को बताया कि ट्रेन अब ग्राम कटिया के निकट पहुँच रही है। उसी घबराहट मे सर्वेश चलती ट्रेन से उतरते समय नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से 108 एम्बुलेन्स ई-एमटी रवीशंकर, पायलट बलराम ने घायल अवस्था में सर्वेश को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार जारी है।

# भाकियू का राष्ट्र चिंतन शिविर 4 जून से हरिद्वार में



बैठक में मौजूद भाकियू नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भाकियू के राष्ट्र चिंतन शिविर के लिए तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। भाकियू किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव के आवाह्न पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय चिन्तन शिविर हरिद्वार में 4 से 6 जून तक चलेगा। जिसके लिए सर्वेश सिंह यादव नेता जी ने कोर कमेटी के सदस्यों व महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर आकांक्षा देवी, गोविन्द कुमार के नेतृत्व में आधा सैकड़ा सदस्यों को भाकियू की सदस्यता दिलायी गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कमलेश यादव, संजेश कुमार, मंजेश कुमार, ज्ञानवती, शिवाजी, ग्रीशचन्द्र के अलावा हरदोई, शाहजहांपुर के भी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अग्निपीड़ितों को भाकियू जिलाध्यक्ष ने बांटी राहत सामग्री

फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



अग्निपीड़ितों को राहत सामग्री बांटते भाकियू नेता

भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट के जिलाध्यक्ष ने कायमगंज के ग्राम पंचायत कैरई के ग्राम मंतपुरा में अग्निपीड़ित परिवार के बीच प्रशासन से पहले राहत सामग्री पहुंचायी। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने पीड़ितों को राहत सामग्री देते हुए उनके हालचाल लिये।

कायमगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत कैरई के ग्राम मंतपुरा में दोपहर बाद किसी कारण से ग्राम में आग लग गई और धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में ग्रामवासी रामजीत, राजेंद्र, रामशरण, गुड्डू, सतेंद्र, नबाब सिंह पुत्रगण सोनेलाल, सोनू पुत्र राजेंद्र, सोनेलाल पुत्र केदार सिंह के घर पूरी तरह से जल गए। जिसमें उनके गृहस्थी का सामान कपड़े सहित गेहूं और सरसों के साथ-साथ भूसा और जिसमें एक महिला और एक युवक भी जला है। सूचना मिलने पर भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार दोपहर में वहां पर पहुंचे और ग्राम वासियों को संगठन की तरफ से राहत सामग्री पहुंचायी। जिसमें आटा, आलू, चाय, चीनी, रिफाइंड, सहित दैनिक आवश्यक वस्तुएं भी वितरित की गई। इस अग्नि काण्ड की अभी तक प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी खबर लेने नहीं पहुंचा। जिस पर भाकियू नेताओं ने रोष व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, कानपुर बुंदेलखंड जोनल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, छविनाथ शाक्य, ब्रजेश गंगवार, गोपी शाक्य, अफरोज मंसूरी, अभय यादव, कश्मीर गंगवार, अजय गंगवार, प्रदीप यादव, संजय यादव, बिजनेश, राजेश गंगवार, शिवराम शाक्य, सुग्रीव सिंह पाल, रक्षपाल यादव, राजेश यादव, प्रेमचंद्र यादव, अजीत सोमवंशी, दीपांकर शाक्य उपस्थित रहे।

## अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी पर महाआरती का हुआ आयोजन



महाआरती में शामिल संस्था से जुड़े सदस्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अन्तर्गत भाजपा नमामि गंगे के जिला संयोजक के नेतृत्व में पांचाल घाट पर टीम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही सांयकाल महाआरती का आयोजन किया गया। जिला संयोजक रवि मिश्रा ने कहा कि देव नदी पतित पावनी गंगा के तट पर सभी संकल्प ले कि अहिल्याबाई होल्कर जैसी महाविभूतियों के बताये मार्ग पर चले। देश सेवा व राष्ट्रसेवा की ओर से अग्रसर हो। समग्र गंगा के जिला संयोजक आदित्य दीक्षित ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर महानता का जितना गुरगान किया जाये, उतना कम है। आचार्य प्रदीप नारायन शुक्ला व वटुको के द्वारा बनारस की तर्ज पर महाआरती का आयोजन हुआ। गंगा जी का पूजन मंत्रोच्चारण के साथ दुग्धाभिषेक किया गया। सभी ने दीप दान किया। सभी ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। बृजकिशोर मिश्रा ने कहा कि महापुरुषों की स्मृतियों को सजोय रखना है। डा0 रजनी सरीन व धीरेन्द्र वर्मा, शिवांग रस्तोगी ने विचार रखे। इस मौके पर हिमांशु गुप्ता, अभिषेक बाजपेयी, विकास पाण्डेय, सुनील गुप्ता, अजय दीक्षित, मोनू ठाकुर, बबिता पाठक, प्रभाकर राजपूत, रमला राठौर, डीएस राठौर, जावेश राठौर, अजय बाथम, राजकुमार वर्मा, प्रबल त्रिपाठी, अभिषेक बाथम, प्रभात अवस्थी, चित्रा अग्निहोत्री, रवि बाजपेयी, रचना अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्रा0पं0 रुपनगर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 24/05/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रुपनगर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/05/2025 से 31/05/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 31/05/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | डामर रोड से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.97 लाख | 7956 | 100 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(ब्रह्मानंद) ग्रा0पं0 रुपनगर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव-(संदेश कुमार)

**कार्यालय ग्रा0पं0 उगरपुर सुल्तान पट्टी वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 दिनांक 24/05/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत उगरपुर सुल्तान पट्टी विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 25/05/2025 से 31/05/2025 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 31/05/2025 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 25/05/2025 से 31/05/2025 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | वीरबहादुर के घर से अरविन्द के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.10 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-ज्योति राठौर ग्रा0पं0 उगरपुर सुल्तान पट्टी वि0ख0 कमालगंज सचिव- अरवेन्द्र यादव

# नोडल अधिकारी ने गो संरक्षण केन्द्र का जाना हाल

**जल जीवन मिशन के तहत संचालित पटवध ग्राम समूह पेयजल योजना, केवथा ग्राम समूह पेयजल योजना का किया निरीक्षण**

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में संचालित विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए नामित नोडल अधिकारी जय शंकर दूबे विशेष सचिव वित्त शासन उत्तर प्रदेश लखनऊ व जिलाधिकारी बीएन सिंह, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वृहद गो संरक्षण केन्द्र चोपन, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित पटवध ग्राम समूह पेयजल योजन, केवथा ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया। सर्व प्रथम नोडल अधिकारी ने वृहद गो संरक्षण केन्द्र चोपन का निरीक्षण किए, निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गोशाला में छोटे पशु व बड़े पशुओं को रखने हेतु बाड़े बनाये जाये, जिससे कि पशु आपस में लड़ने न पायें, इस दौरान नोडल अधिकारी ने गो आश्रय स्थल में पशुओं को दिये जाने वाले भूसा, हरा चारा, पशु आहार की उपलब्धता और देने का समय आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली और सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुओं को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा व पशु आहार दिया जाये और नियमित रूप से टीकाकरण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। मुख्यमंत्री शीर्ष प्राथमिकता है कि गो आश्रय स्थल में रहने वाले पशुओं को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। इस दौरान उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से गो आश्रय



स्थल का निरीक्षण करते रहें और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने आश्रय स्थल में स्थित भूसा संग्रहण स्थल, साइलेज की उपलब्धता, बीमार एवं दुर्बल गौवंश के लिए बनाए गए शेड तथा तालाब सहित सम्पूर्ण परिसर का पैदल भ्रमण किया। उन्होंने यह हरा चारा के लिए उपजाऊ जमीन बनाकर हरे चारे की खेती की जा सकती है, जिससे आश्रय स्थल की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति अपने स्तर पर की जा सकेगी। इसके पश्चात नोडल अधिकारी द्वारा विकास खण्ड चोपन के ग्राम पंचायत टापू में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित हर घर नल से जल योजनान्तर्गत उपलब्ध पानी कनेक्शन के सम्बन्ध में सीधा संवाद कर जानकारी ली, ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि हर घर नल योजनान्तर्गत उन्हें निर्धारित समय पर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि हर घर नल योजना को लागू होने से घर पर ही टोटी के माध्यम से पीने का पानी उपलब्ध हो रहा है, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी का कनेक्शन न होने पर काफी दूर से पानी ले आना पड़ता था, जल जीवन मिशन का कनेक्शन मिलने से हमें अब घर पर ही शुद्ध पानी की सुविधा उपलब्ध हो रही है, इसके लिए हम लोग देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं, इस दौरान ग्राम में ग्राम समूह की महिलाओं के द्वारा पानी की गुणवत्ता की जाँच नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी के समक्ष की गयी,

इस दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि इस ग्राम सभा में 293 घरों में हर घर नल योजनान्तर्गत पानी की आपूर्ति की जा रही है, इस दौरान नोडल अधिकारी ने हर घर नल योजना के अन्तर्गत जिन घरों में पानी सप्लाई के कनेक्शन दिये गये थे, स्वयं मौके पर जाकर पानी सप्लाई की स्थिति का जायजा लिये और लाभार्थियों से सीधा संवाद कर पानी सप्लाई के समय के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों का समयबद्ध केवाईसी कराते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। इसके पश्चात नोडल अधिकारी ने नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित पटवध ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि 777.41 करोड़ लागत की यह परियोजना है, जिससे 663 ग्रामों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जानी है, कुछ ग्रामों के घरों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, इस दौरान नोडल अधिकारी ने जैकवैल/इन्टेकवेल का निरीक्षण भी किये और पानी की शुद्धता व उपलब्धता आदि के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता से जानकारी प्राप्त किये और निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को शासन की मंशा के अनुरूप शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

# मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

**हीटवेब के दृष्टिगत समस्त चिकित्सा इकाईयों पर जीवन रक्षक औषधियों, उपकरणों आदि की उपलब्धता व क्रियाशीलता, शीतल पेयजल की व्यवस्था कराना करें सुनिश्चित : मण्डलायुक्त**



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मण्डलीय अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, मण्डलीय कार्यक्रमप्रबंधक प्रबन्धक एवं अन्य मण्डलीय टीम के साथ मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें। समीक्षा बैठक का आरम्भ विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन पर चर्चा से की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से आच्छादित विभिन्न कार्यकमों जैसे वित्तीय प्रगति समीक्षा, एचएमआईएस कार्यक्रम की समीक्षा, कम्युनिटी प्रोसेस कार्यक्रम की समीक्षा, शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की समीक्षा, क्वालिटी एश्योरेंश कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षयरोग कार्यक्रम, के उपलब्धियों की समीक्षा के साथ ही यूनिसेफ डब्लूएचओ एवं अन्य सहयोगी संस्था समर्थित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा समस्त कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए, कम प्रगति वाले बिन्दुओं पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए 15 दिवस में सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि हीटवेब के दृष्टिगत समस्त चिकित्सा इकाईयों पर जीवन रक्षक औषधियों, उपकरणों आदि की उपलब्धता एवं कियाशीलता एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था कराना जाना सुनिश्चित करें।

## खबरें एक नजर में

### अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई विदाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार का स्थानांतरण जनपद अम्बेडकरनगर किए जाने पर शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार, गौरीगंज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, सभी क्षेत्राधिकारीगण, सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार को फूल मालाएं पहनाकर विदाई दी गई और उनके भावी कार्यकाल के लिए जनपद वासियों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित अधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।


### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा पुलिस चौकी क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित महुअट गांव के पास शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे किसी अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के सरदार पुर नौगवां निवासी वीरेंद्र कुमार कोल (28) शुक्रवार की देर रात बाइक से अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान महुअट के पास सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल होकर वीरेंद्र कुमार कोल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी बरौधा हरिकेश सिंह ने शव का शिनाख्त करने के बाद मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। मौत की सूचना मिलते ही युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक वीरेंद्र कुमार कोल के शिवम छह वर्ष व शिवांश दो वर्ष के दो पुत्र हैं। दुर्घटना के बाद से ही उनकी पत्नी रीता की रो रोकर हालत खराब हो गई है। वीरेंद्र कुमार कोल गांव में ही ट्रैक्टर की ड्राइबरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। इस संबंध में बरौंधा चौकी इंचार्ज हरिकेश सिंह ने बताया कि पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक के भाई लवकुश कोल की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दुर्घटना की त्वरित जांच की जा रही है।

### हर घर जलनल योजना के तहत सड़क खोदकर छोड़ देने से राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल

**गुरमा-सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** सदर विकास खण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत मारकुंडी मीना बाजार मुख्य सम्पर्क मार्ग के किनारे से हर घर जलनल योजना के तहत ठिकेदार व्दारा पाईप लाईन बिछाने के का कार्य चल रहा जो मीना बाजार का सम्पूर्ण सड़क खोदकर छोड़ दिया गया है।जो सड़क समतल न होने के कारण सड़क गढ्डों में तब्दील हो गया है।जो हल्दी वारिस में ही जलमग्न के साथ किचड़ हो जाने से छोटे बड़े वाहनों को कौन कहे आम जनमानस को पैदल भी चलना मुश्किल हो गया। उक्त सम्बंध में मारकुंडी मीना बाजार व्यवसायियों ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से सड़क समतल कर मरम्मत के साथ भस्सी डलवाने की माग किया है।जिससे आम जनमानस को राहत मिल सकें।

### बृजमनगंज में विधवा महिला की संदिग्ध हालात में मौत



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बचगंगपुर में एक विधवा महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार की भोर में कुंती देवी का शव उनके घर में मिला। शव पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। कुंती देवी प्राथमिक विद्यालय के पास अपने दो बेटों के साथ रहती थीं। उनके पति की मृत्यु 16 वर्ष पहले हो चुकी थी। उनके बड़े बेटे ध्रुव (25) ने बताया कि वह एक टेंट हाउस में काम करता है। रात करीब 2 बजे जब वह घर लौटा, तो उसने मां को घायल अवस्था में पड़ा पाया। पड़ोसियों की अवस्था में पड़ा पाया। पड़ोसियों की मदद से पता चला कि कुंती देवी की मृत्यु हो चुकी है। उनका दूसरा बेटा शिवराज (21) बाहर रहता है।

### बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के कोड़तर बेरी गाँव निवासी राजकुमार ने शुक्रवार की देर शाम तहरीर देकर बाइक चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की बीते 1 मई को अपनी स्पेलेंडर मोटर साइकिल से अपने रिश्तेदार के यहाँ ग्राम बीरपुर शादी समारोह में आया था। खाना खाने के बाद रात्रि लगभग 10.30 बजे वापस आया तो देखा की मेरी मोटर साइकिल वहाँ नहीं थी। काफी खोजबीन किया मगर कुछ पता नहीं चला जिस पर पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शादी समारोह से मोटर साइकिल चोरी होने पर मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले विश्व के नक्शे से मिट जाएंगे : शिवेंद्र

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

देश के पहलगाम में आतंकवादी घटना के बाद आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को एवं आतंकवादियों के ठिकाने को भारत के जांबाज सैनिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मिट्टी में मिला दिया। उक्त बातें आज़ शनिवार को सैनिकों एवं माता- बहनों के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विष्णु मंदिर पर आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम तिरंगा कार्यक्रम के समापन के दौरान उपस्थित तिरंगा यात्रियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि देश के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब आतंकवाद को भी युद्ध ही माना जाएगा। पाकिस्तान अपने आदतों से सभल जाए नहीं तो विश्व के नक्शे से मिट जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की तरफ आंख उठाने वाले




**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आपरेशन सिन्दूर के माध्यम से हमारे जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तान को मिट्टी में मिला दिया : बजरंग बहादुर सिंह**

देश व आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश एवं आतंकवादी अब ऑपरेशन सिंदूर जैसे कार्रवाई से मिटा दिये जाएंगे। इसी क्रम में पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह ने कहा कि जिन्होंने देश के माता-बहनों के सिंदूर को उजाड़ा है आज पाकिस्तान के ठिकाने को चकनाचूर कर दिया गया है। यह बात पाकिस्तान को समझ जाना चाहिए, अब आतंकवाद को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। नगर पंचायत आनंद नगर के पूर्व अध्यक्ष व अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने कहा कि देश का बच्चा-बच्चा ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन कर रहा है जरूरत पड़ने पर देश का हर नौजवान पाकिस्तान से लड़ने को तैयार है। इस दौरान बृजमनगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष राकेश जायसवाल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण शुक्ला, वरिष्ठ नेता अरविंद मिश्रा प्रमोद त्रिपाठी , प्रमुख उदयराज यादव,हरिश्चंद्र सोनकर, मधुर सिंह, विपिन तिवारी , विवेकानंद पांडेय, छद्दू सिंह नन्हे सिंह, राहुल सिंह, संतोष पाण्डेय, हरिश्चंद्र पाण्डेय, राजनरायन शुक्ल, हीरा गुप्ता, विजय चौधरी,राकेश विश्वकर्मा, आशीष, विकास, सभासद मोनू पांडेय,मनोज जायसवाल व ग्राम प्रधान मनोज सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित विभिन्न गांवों से आयी सम्मानित जनता एवं पूर्व सैनिक मौजूद रहे तिरंगा यात्रा में आये पूर्व सैनिकों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के मंडल अध्यक्ष डब्बू सिंह ने किया वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष फरेंदा प्रशांत पाठक अपने दलबल के साथ मुस्तैद रहे।

## कर्नाटक ले जाए जा रहे 19 नाबालिग बच्चे सनौली बॉर्डर पर पकड़े गए

**बिना अनुमति बौद्ध मठों में भेजने की हो रही थी कोशिश**
**नेपाल के रास्ते हो रही थी मानव तस्करी की कोशिश को सशस्त्र बल के सैनिकों ने किया नाकाम**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** भारत-नेपाल सीमा के सोनौली नाके पर मानव तस्करी की एक बड़ी कोशिश को समय रहते एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) और एक समाजसेवी संस्था की सतर्कता से नाकाम कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में नेपाल सीमा पर चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 19 नेपाली नाबालिग बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों में कर्नाटक स्थित बौद्ध मठों में ले जाए जाने से पहले ही रोक लिया गया। काउंसलिंग के बाद बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

GST No. : 09AEBPN2161A1Z1
Mob. : 9454444497
Great Man

TAILORS & DRAPERS
SALER: SUITING, SHIRT-ING & DRESS METERIALS
Barachandganj, Near Railway Crossing, Lucknow


Admission Open
Shri Durga Shiksha Niketan PG College
(Affiliated to Lucknow University)
Chhota Bharwara, Near Sahara Hospital, Gomti Nagar, Lucknow-226028
B.A.,B.Com.,M.Com.,M.A. (Soc.), M.A. (Edu.), B.B.A., D.El.Ed. & B.El.Ed.
Helpline No.- 7570001103, 9415138820, 9450093206
Email : sdsncollege031@gmail.com
Website: www.sdsngroupofcollege.org

# किशोरी मेला में विजेता किशोरियों को किया गया सम्मानित

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़।**

चोपन ग्राम पंचायत में शनिवार को सोनभद्र विकास समिति व किशोरी विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में किशोरी मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ मसलन निबंध लेखन, रसोई गीत गायन आदि में बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अंत में विजेता बालिकाओं को पुरस्कार स्वरूप पेन कॉपी, बर्तन इत्यादि सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। राजेश ने बताया कि किशोरी मेला युवा बालिकाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए बेहतरीन मंच प्रदान करता हैं। यह मेला किशोरियों को जीवन शिक्षा देकर उन्हें न केवल भावी जीवन के लिए परिपक्व बनाता हैं अपितु उनके उत्साह एवं आत्मविश्वास में वृद्धि कर उन्हें उच्च स्तरीय नेतृत्व करने के लिए भी तैयार करता हैं। मुमताज ने किशोरी मेला में जानकारी पूर्ण गतिविधियां आयोजित कराया। बीना ने बताया कि ग्राम स्तर पर किशोरियों की समस्याओं से संबंधित समाधान पर चर्चा के लिए यहां एक मंच बनेगा। छात्राओं में किशोरी मंच सृजनात्मक अभिव्यक्ति का कौशल विकसित करेगी। छात्रों को व्यक्तित्व निर्माण व




अधिकारों के प्रति जागरूक करेगी। किशोरी मंच छात्राओं में आत्मविश्वास विकसित करेगी व उनकी समझ बढ़ाने के लिए सही दिशा का एक ज्ञान दिया जाएगा। चंद्रशेखर ने बताया कि सामाजिक स्वास्थ्य को दूसरों के साथ बातचीत करने और सार्थक संबंध बनाने की हमारी क्षमता के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। रोशनी ने बताया कि संतुलित आहार में सभी खाद्य समूह शामिल होते हैं। विभिन्न खाद्य पदार्थ आपके शरीर को अलग-अलग पोषक तत्व देते हैं, जो कि आपके शरीर को कार्य करने के लिए आवश्यक चीज हैं। बहुत सारे विभिन्न फल और सब्जियां खाना महत्वपूर्ण है। अलग-अलग रंग के फलों और सब्जियों में भी अलग-अलग विटामिन और खनिज होते है।

सीबीएसई बोर्ड से संचालित (बालक-बालिका सहशिक्षा)


सिद्धार्थ सिंह
(प्रशासनिक सचिव)


शांतनु सिंह
(प्रबंधक)


सुनील सिंह
(प्रबंध निदेशक )

- बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल,गांधी चौराहा लालगंज, रायबरेली।
- बक्शी बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, मकनपुर घाट रोड, डलमऊ, रायबरेली।
- बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सरेनी,रायबरेली।

संपर्क सूत्र 9455612913

# राजकुमार मिश्रा को अधिशाषी अभियंता की दी गई जिम्मेदारी, धर्मपाल सिंह का हुआ तबादला

**महराजगंज में पीडब्ल्यूडी विभाग में हुई नई नियुक्ति**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में नई नियुक्ति की गई है। अधिशासी अभियंता धर्मपाल सिंह का तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर लखनऊ मुख्यालय से राज कुमार मिश्रा को नया एक्सईएन नियुक्त किया गया है।

राज कुमार मिश्रा अनुभवी अभियंता हैं। उनकी नियुक्ति से जिले में चल रहे विकास कार्यों में गति आने की उम्मीद है। विशेष रूप से सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और



नागरिकों ने नई नियुक्ति का किया स्वागत

स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने नई नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे पीडब्ल्यूडी की योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी। जिले के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। पिछले कुछ समय से महराजगंज में कई विकास परियोजनाएं धीमी गति से चल रही थीं। नए नेतृत्व से इन परियोजनाओं में तेजी आने की आशा है।

